सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-255 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 08 मार्च 2025
07 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

धारावी प्रोजेक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार

अदाणी ग्रुप की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज धारावी पुर्नविकास परियोजना के लिए चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। वहीं, कोर्ट ने अदाणी ग्रुप के पक्ष में बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से भी इनकार कर दिया। सीजेआई संजीव खन्ना की बेंच ने काम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई की, जिसमें सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था। यूएई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन अपील पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि परियोजना पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, जिसमें कुछ रेलवे क्वार्टरों को ध्वस्त करना भी शामिल है। सेकलिंक ने महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें सेकलिंक की पिछली बोली को रद्द करने के बाद धारावी परियोजना को अडानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड को देने का फैसला किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि परियोजना से संबंधित सभी भुगतान एक ही एस्क्रो खाते से किए जाएं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ का नेतृत्व करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की कि बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला उचित है क्योंकि रेलवे लाइन को भी विकसित किया जाएगा और परियोजना में शामिल किया जाएगा। बता दें कि बेंच ने कहा कि अदाणी ग्रुप सारे भुगतान एक ही एस्क्रो अकाउंट से करेगा। सीजेआई खन्ना ने मौखिक तौर पर कहा कि हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत हैं, ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह महसूस किया गया था कि यहां रेलवे लाइन भी विकसित की जाएगी।



सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का पीएम मोदी ने किया शुभारंभ

तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण हमारी सरकार की भावनाः पीएम मोदी

- गरीबों की सच्ची साथी बनी सरकार
- सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन व पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा

सूरत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि सूरत अनेक मामलों में गुजरात और देश का एक अग्रणी शहर है। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान चलाया गया है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की नीति पर कार्य कर रही है। यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है। कोविड महामारी के दौरान जब भारत को महत्वपूर्ण सहायता की आवश्यकता थी, तब गरीबों को उचित भोजन मिले, इसके लिए गरीब कल्याण योजना शुरू की गई।

पीएम मोदी ने किया नमो अस्पताल का उद्घाटन

पीएम मोदी ने 460 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाले 'नमो अस्पताल' के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह अस्पताल केंद्र शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा और विशेष रूप से आदिवासी समुदायों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा।

जय शाह की जगह लेंगे राजीव शुक्ला

- मिली अहम जिम्मेदारी, आशीष शेलार को भी मिला बड़ा पद
- जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद खाली हुई थी जगह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वह एक बड़े पद पर जय शाह की जगह लेंगे। भारतीय बोर्ड ने खुद इस बात की जानकारी दी है।

जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के कार्यकारी बोर्ड में थे, लेकिन उनके आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद ये पद खाली था और अब राजीव शुक्ला को ये जिम्मेदारी मिली है। वह कार्यकारी बोर्ड में बीसीसीआई का प्रतिधित्व करेंगे। जय शाह ने इस पद से इस्तीफा दे दिया था और तब से ये पद खाली पड़ा था। अब राजीव शुक्ला इसे संभालेंगे। बीसीसीआई ने सात मार्च को इस बात की जानकारी दी। जय शाह बोर्ड में रहने के साथ-साथ एसीसी के चेयरमैन भी थे। वह तीन कार्यकाल तक इस पद पर बने रहे। एक दिसंबर 2024 को शाह ने आईसीसी चेयरमैन का पद संभाला। जय शाह बीसीसीआई सचिव थे और उनके जाने के बाद ये पद देवजीत साइकिया को ये पद मिला। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, ÷जय शाह के आईसीसी चैयरमैन पद संभालने के बाद एसीसी बोर्ड में उनकी पोजिशन खाली पड़ी थी। वह एसीसी अध्यक्ष थे। राजीव शुक्ला अब एसीसी बोर्ड में बतौर कार्यकारी बोर्ड मेंबर बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करेंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत साइकिया ने राजीव शुक्ला को बधाई दी है। आशीष शेलार को भी बोर्ड में जगह मिली है और बीसीसीआई सचिव ने उन्हें भी बधाई दी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुखिया शमी सिल्वा को एससीसी का नया चेयरमैन चुना गया है। राजीव शुक्ला के एसीसी में अहम रोल निभाने की उम्मीद है। वह हाल ही में बीसीसीआई के प्रतिनिधि के तौर पर लाहौर गए थे और चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के दूसरे सेमीफाइनल मैच का लुत्फ लिया था।

पंचकूला में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश

- दोनों हादसों में पायलट सुरक्षित, वायुसेना ने दिए जांच के आदेश

पंचकूला। हरियाणा के पंचकूला में भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह विमान अंबाला एयरबेस से प्रशिक्षण उड़ान के लिए उड़ा था। हादसे के समय पायलट समय रहते विमान से बाहर निकलने में सफल रहा और वह सुरक्षित है। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त विमान पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के बालदवाला गांव के नजदीक गिरा। घटना के बाद आसपास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई। पायलट ने पैराशूट के जरिए सुरक्षित लैंडिंग की और दुर्घटनाग्रस्त विमान से बाहर निकल आया।

सेना के टी-72 टैंकों के लिए रूस से इंजन खरीदेगा रक्षा मंत्रालय

24 करोड़ डॉलर के सौदे पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के टी-72 टैंकों के इंजन की खरीद के लिए रूस के साथ 24.8 करोड़ के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने रूसी संघ के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 248 मिलियन डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत टी-72 टैंकों के लिए 1000 एचपी के इंजन की खरीद की जाएगी। यह इंजन पूरी तरह से तैयार और अर्ध-तैयार अवस्था में होंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस सौदे में ट्रांसफर और टेक्नोलॉजी के तहत इंजनों को जोड़ने और बाद में लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के लिए रोसोबोरोनएक्सपोर्ट से चेन्नई के अवाडी स्थित आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (हैवी व्हीकल फैक्टरी) को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी शामिल है। इससे रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा। टी-72 भारतीय सेना का मुख्य टैंक है। यह अभी 780 एचपी इंजन से लैस है। टी-72 टैंकों के मौजूदा बेड़े को 1000 एचपी इंजन से लैस करने से भारतीय सेना की युद्धक गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ेगी। 2400 टी-72 टैंकों के बेड़े के साथ, सेना ने अब तक 1,300 टी-90एस भीष्म टैंकों को भी शामिल किया है। इनमें से 1657 टैंकों का निर्माण रूस के लाइसेंस के तहत हैवी व्हीकल्स फैक्टरी द्वारा किया जा रहा है।



07 रमजान 08.03.2025

सुन्नी हज़रात

सेहरी	इफ्तार
05 : 01	06 : 12

शिया हज़रात

सेहरी	इफ्तार
04 : 54	06 : 22

बरसाना में शंखनाद की ध्वनि के मध्य सीएम योगी ने किया रंगोंत्सव का शुभारंभ

अद्भुत है सनातन धर्म : मुख्यमंत्री

- होली आपसी सद्भाव व मेल मिलाप के साथ दूरियों को कम करने का त्योहार : योगी

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद के बरसाना होली रंगोंत्सव कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री का पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीयों, मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री रोपवे से बरसाना के श्रीजी महल राधारानी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मंदिर में सेवायतों की मौजूदगी में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राधा रानी का पूजा अर्चना कर उनके चरणों में माथा टेका।

मुख्यमंत्री ने मंदिर की छतरियां से मंदिर में उपस्थित जनता का अभिवादन किया। फूलों की होली का आनंद लिया। पुष्प बरसाए। इसके बाद राधा बिहारी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शंखनाद की ध्वनि के मध्य साधु संतों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर होली रंग उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए विनोद बाबा महाराज, रामसुखदास महाराज, माधव दास मोनी बाबा व फलारी बाबा का पटुका पहनाकर स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया। मंच पर मुख्यमंत्री का उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा, मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण आदि ने स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। गीतांजलि द्वारा फूलों की होली आदि की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राधे-राधे जय बिहारी जी की जय यमुना मैया की के साथ अपना संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री ने देश-विदेश से आए हुए लोगों व स्थानीय लोगों के साथ देश व प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। सीएम ने कहा यहां कार्यक्रम में आने से पहले पूर्व बरसाना मंदिर में श्री राधा रानी के चरणों में लोकमंगल की कामना को लेकर माथा टेका है। पांच हजार सालों से सनातन भारत की संस्कृति को एक नई ऊर्जा देने के साथ ओत प्रोत करती हमारी ब्रजभूमि की रज रज व कण कण में राधा कृष्ण के दर्शन सभी सनातनी व देशवासी करते हैं। मेरा सौभाग्य कि मुझे इसे नमन करने का वह आने का सौभाग्य मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहां अद्भुत है सनातन धर्म शिवरात्रि पर काशी में लाखों लोग आए , 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ।जिसमें सभी रिकॉर्ड टूट गए। सनातन धर्म की एकता का अविस्मरणीय अकल्पनीय समागम देखने को मिला।

अब्बास अंसारी को गैंगस्टर मामले में अंतरिम जमानत

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी
- जबरन वसूली और मारपीट का आरोप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर कानून के तहत दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट ने विधायक अब्बास अंसारी से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास से बाहर न निकलने और मऊ निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अदालत की अनुमति लेने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुख्तार अंसारी के बेटे अंसारी को लखनऊ में अपने सरकारी आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का निर्देश दिया है। पीठ ने अंसारी से कहा कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश न छोड़ें और अदालतों में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करें। शीर्ष अदालत ने अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर पुलिस से छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट मांगी है। पीठ ने कहा कि उन्हें गैंगस्टर अधिनियम मामले को छोड़कर सभी आपराधिक मामलों में जमानत दी गई थी।

रूस को लेकर ट्रंप का यूटर्न

- युद्ध विराम और शांति समझौता न होने तक प्रतिबंध और टैरिफ लगाएंगे

वॉशिंगटन। रूस-यूक्रेन युद्ध विराम की पहल कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूटर्न लिया है। अब तक शांति समझौते को लेकर रूस का समर्थन कर रहे ट्रंप ने प्रतिबंध और टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रुथ सोशल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा कि युद्ध के मैदान में इस समय रूस यूक्रन पर पूरी तरह से हावी है।

उन्होंने कहा कि इसलिए मैं रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध, प्रतिबंध और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं। जब तक युद्ध विराम और शांति पर अंतिम समझौता नहीं हो जाता। रूस और यूक्रेन से कहता हूं कि वे अभी बातचीत की मेज पर आ जाएं। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। अब तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने पिछले दिनों रूसी व्लादिमीर पुतिन से रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बात भी की थी। पिछले सप्ताह जब जेलेंस्की व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलने पहुंचे थे तो ट्रंप ने कहा था कि अगर मैं पुतिन के साथ खुद को नहीं जोड़ता, तो आप कभी भी सौदा नहीं कर पाएंगे।

आप चाहते हैं कि मैं पुतिन के बारे में बुरी बातें कहूं और फिर उनसे सौदा करने की कोशिश करूं, लेकिन ऐसा नहीं होता। अमेरिका ने अपना एक अलग प्रस्ताव पेश किया, जिसमें युद्ध समाप्त करने की अपील की गई थी, लेकिन रूस की आक्रामकता का जिक्र नहीं था। जब फ्रांस और यूरोपीय देशों ने इसमें संशोधन जोड़कर रूस को आक्रमणकारी घोषित कर दिया, तो अमेरिका ने मतदान से बचने का फैसला किया।

अमेरिका ने रूस को आक्रमणकारी मानने से किया था इनकार



पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया था। दरअसल, तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में तीन प्रस्ताव लाए गए थे। इन प्रस्तावों के खिलाफ में अमेरिका ने वोटिंग की। यह पहली बार है जब रूस-यूक्रेन मुद्दे पर अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ कोई कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका ने यूरोप समर्थित यूक्रेनी प्रस्ताव के खिलाफ मतदान में रूस का साथ दिया है। इस प्रस्ताव में मास्को की आक्रामकता की निंदा की गई थी और रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग को उठाया गया था। 15-सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पारित प्रस्ताव में 10 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया और फ्रांस समेत पांच देशों ने वोटिंग से परहेज किया।

परिसीमन के खिलाफ विपक्ष को एकजुट कर रहे स्टालिन

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने परिसीमन को लेकर मोर्चा खोला हुआ है। उन्होंने इसे संघीय ढांचे पर हमला करार देते हुए कहा है कि इससे जनसंख्या नियंत्रण करने वाले दक्षिण भारतीय राज्यों का अधिकार छिन जाएगा। अब स्टालिन ने 7 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र द्वारा प्रस्तावित परिसीमन एक्सरसाइज के खिलाफ राजनीतिक दलों की जॉइंट एक्शन कमेटी में शामिल होने का आह्वान किया है। स्टालिन ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पंजाब के सीएम भगवंत मान, भाजपा शासित ओडिशा के सीएम मोहन चंद्र माझी, केरल के पिनराई विजयन, कर्नाटक के सिद्दरमैया, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू को निमंत्रण भेजा है। बता दें कि एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार के खिलाफ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परिसीमन को लेकर मोर्चा खोल रखा है।

बांग्लादेश में हिंसक चरमपंथियों की रिहाई पर भारत ने जताई चिंता

नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंसक चरमपंथियों को रिहा किए जाने को लेकर चिंता जताई। साथ ही इस बात को रेखांकित किया कि यह अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ ही इनकी धार्मिक संस्थाओं की भी रक्षा करे। यह भी कहा कि वह स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करता है, जहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों और समावेशी व भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। यह स्थिति गंभीर अपराधों में सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और बदतर हो गई है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में 5 अगस्त, 2024 से 16 फरवरी, 2025 तक दर्ज की गई 2374 घटनाओं में से सिर्फ 1254 की पुलिस द्वारा पुष्टि की गई है। इन 1254 घटनाओं में से 98 प्रतिशत को राजनीतिक प्रकृति वाला माना गया है। जायसवाल ने कहा, हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश पूरी जांच करेगा और हत्या, हिंसा एवं आगजनी में लिप्त सभी अपराधियों को बगैर भेदभाव के न्याय के कठघरे में लाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह मॉरीशस की यात्रा करने जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 11 मार्च से मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे और इस देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी।

2 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना गोला पुलिस द्वारा मु0सं0 88/25 अ0सं0 191/01 धारा 326/504 भादवि में वारण्टी अभियुक्त 1.राजेन्द्र रैदास पुत्र पंचम तथा मु0सं0 90/2017 अ0सं0 444/15 धारा 395/397/412 भादवि में वारण्टी अभियुक्त 2.मासूम अली पुत्र आशिक अली को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

बरात से लौट रहे युवकों की बाइकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

लखीमपुर खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र में बरात से लौट रहे युवकों की बाइकों को किसी वाहन ने धौरहरा के पास दहौरा नाला पुल पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चारों युवक नाले में जा गिरे। तीन युवक तो घायल अवस्था में बाहर निकल आए, लेकिन एक युवक गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश में जुटी है धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के खरवहिया गांव से पढुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार रात बरात गई थी। पुलिस के मुताबिक रात में करीब एक बजे दो बाइकों पर सवार चार युवक अपने घर जा रहे थे। दहौरा नाला पुल पर किसी वाहन से दोनों बाइकों को टक्कर लग गई। जिससे बाइक सवार कौशल पुत्र रामू,आसमान पुत्र परमेश्वर निवासी भौव्वापुर व दूसरी बाइक सवार लवकुश पुत्र रामू निवासी अमेठी व मनोज पुत्र तेज नरायन निवासी तेलियनपुरवा खरवहिया उछल कर नाले में जा गिरे कौशल(21), आसमान(20) और लवकुश(22) जहां पर गिरे, वहां पानी कम था। वे नाले से बाहर निकल आए। तीनों घायल हुए हैं। मनोज (20) गहरे नाले में लापता हो गया। पुलिस ने तीन घायलों को उपचार के लिए सीएचसी धौरहरा भेजा, जहां डाक्टर ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लापता युवक की स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही थी।

बोर्ड परीक्षा देकर लौट रही बाइक सवार छात्रा को बस ने रौंदा, मौके पर हुई छात्रा की मौत

लखीमपुर-खीरी। बोर्ड परीक्षा देकर लौट रही बाइक सवार छात्रा को निजी बस ने रौंद दिया। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी सहेली और पिता जख्मी हो गए। शारदानगर कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलचंदपुरवा निवासी 16 वर्षीया छात्रा गरिमा, अपनी सहेली उजाला के साथ शुक्रवार की सुबह गोमती इंटर कालेज में बोर्ड की परीक्षा देने गई थी। परीक्षा के बाद गरिमा उजाला के पिता मुन्नालाल के साथ बाइक से घर जा रही थी। शारदानगर-लखीमपुर रोड पर बाइक को निजी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में गरिमा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उजाला और उसके पिता मुन्ना जख्मी हो गए।

35 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराकर तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। ईसानगर पुलिस ने ओझांवा गांव से 35 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराकर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ ईसानगर ने बताया कि सूचना मिली कि गांव के पास एक बाग में कुछ लोग गोवंश एकत्रित कर रहे हैं। वहीं थोड़ी दूर पर एक कंटेनर में गोवंशीय पशुओं को भरकर ले जाने की फिराक में थे। राजस्थान के बूंदी जिले के अलग-अलग गांवों के रहने वाले तेर सिंह, भंवर और बंशी को बरारी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

लखीमपुर खीरी। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को उसके पिता ने शराब पीकर घर आने पर पीट दिया। इससे आहत युवक ने गांव के बाहर खेत में लगे पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के चमारनपुरवा लहबड़ी निवासी रामपाल (22) पुत्र जगदीश गुरुवार रात शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा तो उसके पिता ने उसकी पिटाई कर दी। इससे आहत युवक घर से निकलकर खेत में पहुंचा और रस्सी का फंदा बनाकर शहतूत के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली परिवार वाले रातभर उसे ढूंढते रहे।

पुस्तकें विद्यार्थियों की सबसे अच्छी साथी होती हैः प्रो0 हेमन्त पाल

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनन्दी बेन पटेल एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ÷पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय÷ के अन्तर्गत सामूहिक पुस्तक पठ्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के महत्व को बताते हुए कहा कि पुस्तकें हमें समृद्ध बनाती है और ज्ञान प्रदान करती है। पुस्तकें विद्यार्थियों की सबसे अच्छी साथी होती है। सभी विद्यार्थी अपने ज्ञान और संचार कौशल को बढ़ाने के लिए पुस्तकों का नियमित पाठ करें। इसी क्रम में प्राचार्य प्रो0 पाल ने दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो0 नीलम त्रिवेदी, चीफ प्राक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा, प्रो0 एस0के0 पाण्डेय, प्रो0 विशाल द्विवेदी, डा0 जे0एन0 सिंह, प्रो0 ज्योति पन्त, सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पी0के0 जोशी, अच्छे लाल, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, नरसिंह भदौरिया तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

शौच करने गई युवती का पेड़ से लटका हुआ पाया गया शव

लखीमपुर खीरी। गुरुवार की रात खमरिया थाना क्षेत्र के चौरा गांव में शौच गई बीस वर्षीय युवती का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। और जांच पड़ताल करते हुए शव को पी एम के लिए मुख्यालय भेज दिया। घटना को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी बीस वर्षीय फूलमती पुत्री जोदधी शौच के लिए गई थी जिसका शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतका के पिता ने बताया कि शौच जाने के बाद फूलमती के देर तक वापस न आने पर तलाश शुरू की गई तो पेड़ से फंदे से लटका शव देखा गया। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

कांग्रेस नेता की पुण्य तिथि पर विकलांग बच्चों को वितरित किए फल

अवधनामा संवाददाता

नजीबाबाद। नगर निवासी कांग्रेस नेता रहे मरहूम दिलशाद अहमद सैफी की प्रथम पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए प्रेमधाम आश्रम पहुंचकर विकलांग बच्चों को फल वितरित किए। इस दौरान कांग्रेसियों ने मरहूम दिलशाद सैफी को खिराजे अकीदत, श्रद्धांजलि पेश की। वक्ताओं ने कहा कि मरहूम दिलशाद सैफी कांग्रेस पार्टी के पक्के सच्चे सिपाही थे। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेम धाम में आश्रम पहुंचे। जहा उन्होंने नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निवासी कांग्रेस के मजबूत सिपाही रहे मरहूम दिलशाद सैफी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी याद में आश्रम के विकलांग व दिव्यांग बच्चों को फलाहार और मिष्ठान वितरित किया। उपस्थित कांग्रेसियों ने कहा कि स्वर्गीय दिलशाद अहमद सैफी कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे, उन्होंने आखरी वक्त तक कांग्रेस का दामन थामे रखा, वह कांग्रेस में कई पदों पर रहे है, उनकी कमी हमे हमेशा महसूस होती रहेगी, आज उनकी प्रथम बरसी पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि/खिराजे अकीदत पेश करते है। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, नईमुल अख्तर, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारुकी, विश्व मोहन, फैज एडवोकेट, फिरोज आदि मौजूद रहे।

दहेज में अतिरिक्त मांग के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

नहटौर। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला बागवान नकटा निवासी मीनाक्षी देवी पुत्री जंगबहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी फतेह सिंह उर्फ सनी पुत्र बरियाम सिंह निवासी मौहल्ला रईसान हल्दौर के साथ हुई थी। उसका आरोप है कि काफी समय से उसका पति व उसके परिजन उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके चलते खाना खर्चा भी नहीं दे रहे थे। इस कारण वह एक वर्ष पूर्व अपने मायके में आ गई थी। इसके बाद उसके पति ने चौपहिया गाड़ी व पांच लाख की नकदी लाने पर ही घर पर रखने की बात कही। आरोप है कि 11 फरवरी को आरोपी दो अज्ञात पुरुषों व एक महिला को साथ लेकर उसके मायके में आया तथा दहेज की मांग करने लगा। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी कहीं शिकायत करने पर भुगत लेने, झूठे आरोप लगाकर जेल भिजवाने तथा मांग पूरी न करने पर घर में न रखने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक आदर्श शहर की ओर बढ़ रहा सहारनपुरः महापौर

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 26 में नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली सड़क के कार्य का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 15 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 26 के प्रकाश लोक कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स से निर्मित होने वाली सड़क का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद नारियल फोड़कर व रिबन काटकर शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि प्रकाश लोक कॉलोनी व क्षेत्रीय लोगों द्वारा की जा रही लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए आज इस सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। निगम निधि से निर्मित की जा रही इस सड़क पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम अपने नागरिकों को पेयजल, बिजली, सड़क व सफाई आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में नगर निगम ने शहर में विकास का एक नया खाका खींचा है। सहारनपुर एक आदर्श शहर की ओर बढ़ रहा है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि नगर निगम ने सहारनपुर के विकास में नये आयाम स्थापित किये है। शहर के चारों ओर सड़कों का जाल बन गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, राकेश राणा, राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रदीप पंवार व शाहिद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल रहे।

500 अवैध चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना देवबन्द पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार देवबंद कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी बीनू चौधरी व उपनिरीक्षक रविन्द्र कसाना के नेतृत्व में नशीले पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत बाला सुंदरी मेला गेट के पास से एक शातिर नशा तस्कर आशु उर्फ आश मौहम्मद पुत्र तहसीन निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर थाना देवबन्द हाल निवासी मौ.फौलादपुरा सापंला रोड़ कस्बा व थाना देवबन्द को दबोचकर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

सचिन मित्तल जिलाध्यक्ष व दिवाकर गुप्ता बने जिला महामंत्री

सहारनपुर। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेश धीमान ने वरिष्ठ व्यापारी सचिन मित्तल को उद्योग मंच का जिलाध्यक्ष व दिवाकर अग्रवाल को महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की। आज महानगर के प्रतिष्ठान में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश धीमान ने उद्योग मंच की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सचिन मित्तल को जिलाध्यक्ष, दिवाकर गुप्ता को महामंत्री, मनीष जैन, अंकित मित्तल, संजय अग्रवाल, जयराम गौतम को उपाध्यक्ष, सौरव सिंघल को कोषाध्यक्ष, पंकज धीमान को मीडिया प्रभारी, अंकित कंसल, आशीष गुप्ता, प्रियंक अग्रवाल, चिराग गुप्ता को मंत्री बनाने की घोषणा की, जबकि अशोक रोहिला, राम शंकर, आकाश मित्तल, आदित्य, अमित कश्यप, मोहित श्याम सिंह सैनी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष प्रवीण छाबड़ा, जिला महामंत्री राजकुमार कालड़ा, महानगर प्रभारी राजेश सैनी, महानगर महामंत्री प्रदीप शर्मा, जिला युवा अध्यक्ष संदेश खुराना, जिला उपाध्यक्ष विजय कालड़ा, जिला युवा महामंत्री अभिनंदन सैनी, श्रवण धीमान, युवा महामंत्री संगम अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

आगामी त्योहारों पर बिजली पानी और साफ-सफाई जनपद में न किल्लत, परेशानी

आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ बनाए त्योहारः डीएम

अवधनामा संवाददाता

बिजनौर। डीएम जसजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन ने सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं ईदुल फितर त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूर्व की तरह सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने अपेक्षा करते हुए कहा कि ये पावन त्यौहार पूर्ण संयम, समन्वय एवं आम नागरिकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मनाया जाएगे और ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे दुसरे साम्प्रदायिकता की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक रूप से कोई अपशब्द, भड़काऊ भाषण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने जैसे किसी भी कार्य का दुस्साहस न करे और न ही सोशल मीडिया आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट न करे, जिससे शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति पर कोई आंच आए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि

जिले में शांति एंव कानून व्यवस्था की स्थिति से खिलवाड़ करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में होली, रमजान तथा ईद उल फितर आदि त्यौहारों पर बिजली, पानी और साफ सफाई, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत लोगों का आहवान किया कि यदि उनके संज्ञान में कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित करने अथवा संप्रदायिक भावना को भड़काने आदि संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो स्वयं हस्तक्षेप न करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि तत्काल सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन होली, रमजान, ईद उल फितर सहित सभी त्यौहारों को पूर्ण सौहार्द, परम्परागत और शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने जन सामान्य का आवाहन किया कि किसी भी अवस्था में ऐसा कोई कार्य न करें जो अपरम्परागत हो या जिससे साम्प्रदायिक वातावरण अथवा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को विशेष सफाई, प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिले के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ आगामी त्यौहार रमजान, होली एवं ईद उल फितर को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ मनाने के लिए विस्तार से थानावार चर्चा की तथा होली त्यौहार में जिले के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जुलूस के बारे में जानकारी की गयी तथा रमजान, ईद उल फितर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

यूपी की सामर्थ्य क्या है ये देश दुनियां देख रही हैः सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

आगरा। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे जहां उनका जनपद के जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत 1 हजार युवाओं को ब्याजमुक्त , गारंटी मुक्त मंडलीय ऋण वितरण कार्यक्रम में राजकीय उद्यान सर्किट हाउस प्रांगण पहुंचने पर भारी संख्या में उपस्थित युवा उद्यमियों व गणमान्य जन द्वारा करतल ध्वनि से मुख्यमंत्री का खड़े होकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में लघु,मध्यम उद्योग, विभिन्न इंडस्ट्री, एक्सप्रेसवे आदि के विकास को दर्शाती लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के अंतर्गत मंडल के युवा उद्यमियों को मंच पर 05- 05 लाख का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त चैक का

वितरण तथा ओडीओपी के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को टूल किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से गोमय से निर्मित श्री गिर्राज महाराज की मूर्ति को जनपद प्रभारी तथा पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को भेंट किया गया।

तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन का प्रारंभ भारत माता की जय, वन्देमातरम, भगवान बृंदावन बिहारी लाल जी, श्री राधा रानी और यमुना मैया के जयकारे के साथ किया। उन्होंने कहा कि मेरा शौभाग्य है कि मैं यहां बरसाने के रंगोत्सव का शुभारंभ करने के बाद अपने युवा साथियों के बीच आया हूं, जो उत्तर प्रदेश तथा देश के विकास की आधारशिला रखने वाले युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं, उनके बीच आने का अवसर मिला है,आज से और 01 हजार युवा प्रदेश व देश के विकास में योगदान देने को आगे बढ़ रहे हैं मै उनका हृदय से स्वागत अभिनंदन के साथ होली की शुभकामनाएं व बधाई देता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी की सामर्थ्य क्या है ये देश दुनियां देख रही है, भारत की सामर्थ्य को प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पूरा विश्व 10 वर्ष से महसूस कर रहा है। विकास की नई ऊंचाई और नए भारत का दर्शन कर रहे हैं , जो भारत संस्कृति और समृद्धि का,विरासत-विकास का ,आस्था-आजीविका का एक अद्भुत संगम को आगे बढ़ाकर के एक नए भारत का दर्शन करा रहा है। इस नए भारत में किसी के साथ भेदभाव नहीं, सुरक्षा सबको,समृद्धि सबको आगे बढ़ने का अवसर सबको लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं, सबका साथ और सबके विकास के भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। 10 वर्ष पूर्व मोदी जी ने सबके साथ सबके विकास का उद्घोष किया था जिसका बृहद स्वरुप अभी महा कुंभ प्रयागराज में देखने को मिला था, जिसमें 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु मां गंगा, यमुना सरस्वती की त्रिवेणी में 45 दिन के अंदर आए।

आगरा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रोला ने तीन लोगों को रौंदा, 1 बुजुर्ग की मौत

अवधनामा संवाददाता

आगरा। थाना चित्राहाट के नाहक इमली गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रोला की चपेट में आने से 55 वर्षीय श्रीकृष्ण निवासी जसवंतनगर की मौत हो गई जबकि दो राहगीर सोनू और बलराम घायल हो गए।हादसे में मृत श्रीकृष्ण रिश्तेदारी में आया हुआ था और घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान आलू से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉला ने उसको अपनी चपेट में ले लिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क से गुजरते दो राहगीर सोनू और बलराम घायल हो गए। चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। मृत श्रीकृष्ण के परिजनों ने जाम लगाने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर उन्हें ऐसा करने से रोक लिया। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दोनों घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आगरा में नाबालिग भांजी से दुष्कर्म करने वाला मामा गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

आगरा। आगरा जिले में रिश्तों को तार तार करने का मामला

सामने आया। जहां, ननिहाल में मामा ने अपनी भांजी को हवस का शिकार बनाया। हालांकि नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी अनुसार पीड़िता ने पिता को आपबीती बताई और फिर आरोपी के खिलाफ सदर थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई। पिता का आरोप है कि घर में अकेली पाकर आरोपी ने उसकी बेटी का रेप किया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले सात साल से मायक में रहती है। शादी से उसके तीन बच्चे है। जिनमें से दो बेटे पत्नी के साथ ननिहाल में रहते है। वहीं बेटी मेरे साथ रहती है। एक मार्च 2025 को मेरी बेटी अपनी मां से मिलने ननिहाल गई थी। मां और भाई बहनों के साथ उसने अच्छा समय बिताया। इसी दौरान वह घर में अकेली हो गई। जिसका फायदा उठाकर उसके मामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार उपरोक्त घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर टीम का गठन किया गया। वही गठित टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर पर दबिश दी गयी, अभियुक्त घर पर मौजूद मिला। जिसके बाद अभियुक्त राहुल पुत्र अनिल निवासी शान्ति नगर देवरी रोड थाना सदर बाजारा आगरा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

गोबर से बने गुलाल के पैकेट राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गए

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। श्री कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से तैयार किया गया प्राकृतिक गुलाल आम जन को उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान ने रिबन काटकर गुलाल के स्टॉल का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त संजय चौहान द्वारा नगर निगम की ओर से होलिकोत्सव के लिए आज महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, नगर विकास मंत्री ए के शर्मा, जिला प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरु सहित अनेक राजनेताओं को गुलाल के पैकेट भिजवाए गए। उन्होंने उक्त सभी महानुभावों को गुलाल पैकेट भेजने के लिए निगम के चिकित्सा कल्याण अधिकारी व गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा को ये पैकेट सौंपे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के अनेक उच्चाधिकारियों एवं निगमों के महापौर को भी गुलाल के पैकेट भेजे गए हैं। नगर निगम परिसर में गुलाल के स्टाल का शुभारंभ करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि होली का पावन पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यदि हम हालिकोत्सव में गाय के गोबर से निर्मित गुलाल का प्रयोग करते हैं तो सीधे-सीधे अपनी पुरातन संस्कृति से जुड़ जाते हैं। महापौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि वे इस वर्ष होली पर्व पर केमिकलयुक्त रंगों के स्थान पर गाय के गोबर से निर्मित प्राकृतिक गुलाल का प्रयोग करें। उन्होंने गुलाल में प्रयोग किये गए अवयवों के सम्बंध में गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा से जानकारी ली।

आरटीई एक्ट को गहनता से पढ़कर गंभीरता से कराएं लागूः डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति के सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिये कि सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यो के साथ ही रूटीन के कार्यो को भी नियमित रूप से किया जाए तथा सभी व्यवस्थाएं पारदर्शी ढंग से लागू की जाए।

सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह आज यहां सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा लिये जा रहे शुल्क का निर्धारण किस स्तर से हुआ है, इसकी सूचना उपलब्ध करायी जाये। शिक्षा में कहीं पर भी भ्रष्टाचार न हो। कॉशन मनी का प्रयोग निर्धारित मानक के अनुसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों को जिस स्तर की

मान्यता प्राप्त है वहां पर उसी स्तर की पढ़ाई हो यह सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि जनपद सहारनपुर एवं शामली के बीएसए एवं डीआईओएस लिखित में दें कि उनके जनपदों में मान्यता संबंधी कोई भी आवेदन लंबित नहीं हैं। विद्यालयों में संचालित वाहनों के पंजीयन की संतोषजनक जानकारी न देने पर एआरटीओ सहारनपुर और शामली को संपूर्ण जानकारी के साथ लखनऊ तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला विद्यालय यान समिति की बैठक में जन प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहारनपुर एवं शामली को निर्देश दिए कि जांच कमेटी गठित कर बिंदुओं का निर्धारण कर जिलाधिकारी की अनुमति से मदरसों की जांच की जाए एवं दो माह के अंदर समिति को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

सभापति ने निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों में मिड डे मील के अंतर्गत रसोई में खाना बनाने वालों का मानदेय होली से पहले देना सुनिश्चित कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूलों में जाकर निरीक्षण करते हुए साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।

रोज़े का मतलब ही है गुनाहों से दूर रहना: मौलाना जफ़र मारुफ़ी

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद के विकासखंड अकबरपुर के सिकंदरपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को रमजान की पवित्र त्यौहार के अवसर पर पहले शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के दौरान इमामे जुमा सिकंदरपुर ज़फ़र मारूफी ने कहा कि रमजान का महीना बरकतों और रहमतों ओर मगफेरतो का महीना है जिसमें सांस लेना भी तस्बीह का सवाब रखती है इसमें सोना भी इबादत है और वही इस महीने में भूख और प्यास से कयामत की भूख प्यास को याद करना चाहिए और गरीबों को सदका देना चाहिए बड़ों का लिहाज करना चाहिए और बड़ों को भी बच्चों से प्यार से मिलना चाहिए। रिश्तेदारों से अपने अजीज से मोहब्बत करना चाहिए और अपने जबान पर कंट्रोल करना चाहिए हराम चीजों से बचना चाहिए और दूर रहना चाहिए यतीमो के साथ मेहरबानी से मिलना चाहिए और गुनाहों से तौबा करना चाहिए और अल्लाह से दुआ करना चाहिए जो लोग रोजा रहते हैं उनको इफ्तार कराना सवाब मिलता है और अफ्तारी में फिजूल खर्चा खाने की बर्बादी नहीं करना चाहिए जिससे कि गुनाह मिलता है जुम्मे की नमाज के दौरान लोगों ने अल्लाह की बरगाह में अपने वतन हिंदुस्तान और पूरी दुनिया के लिए अमन चैन की दुआ मांगी इस दौरान मौ. मो.आजम बाकर हैदर जैदी ज़फ़र ज़ैदी अहमद रज़ा शादाब अफाक हुसैन शाहनवाज हैदर सलमान हैदर बेलाल हैदर हैलाल युसूफ रजा अली हसन मूसनना गुलाम असगर अमीर हैदर कमर हाजी कल्बे अब्बास हुसैन अब्बास पूर्व प्रधान इरफान आबिद समर दाउदपुर शहमऊ कटघर कमाल चकबुलाकी आदि गांव के लोग मौजूद है।

तमाम संविदा कर्मचारी बकाया वेतन की मांग को लेकर स्ट्राइक पर

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। विद्युत सबडिवीजन महराजगंज में तमाम संविदा कर्मचारी बकाया वेतन की मांग को लेकर शुक्रवार को स्ट्राइक पर चले गए और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए बकाया वेतन दिलाए जाने की मांग की। स्ट्राइक के चलते लगभग 4 घंटे तक मीटर रीडिंग से लेकर राजस्व वसूली तक का काम ठप पड़ गया, जिसका असर सीधा विभाग पर पड़ा।

अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद संविदाकर्मी काम पर वापस लौटे। आपको बता दें कि, सब डिवीजन महराजगंज के विद्युत संविदा कर्मचारियों का माह जनवरी और फरवरी का वेतन न मिलने पर सभी कर्मचारी संयुक्त रूप से स्ट्राइक पर चले गए, जिससे लगभग 4 घंटे विद्युत काम बाधित रहा। संविदा कर्मचारियों ने एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए कहा है कि, विद्युत वितरण खंड महराजगंज के 33/11k1 पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों को माह जनवरी और फरवरी 2025 के बकाया वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जिससे सभी कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारीगणों की बात को सुनकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज ओपी सिंह ने टेलिफोनिक वार्ता के माध्यम से अधीक्षण अभियंता अनुभव कुमार से बात करी। कहा कि, वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कहा गया है कि, एक-दो दिन के भीतर संविदा कर्मचारियों को उनके दो माह के बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद सभी संविदा कर्मचारीगण कम पर वापस लौटे। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, रामशंकर, राकेश, हरिश्चंद्र यादव, विजय बहादुर सिंह, विजय बहादुर, अनिल, शिव प्रकाश, चंद्रभान, हितेश पाल, हरि सिंह, विशाल राजवंशी, शिव वरदान यादव, स्नेहदीप यादव, विजय मौर्य, विमलेश कुमार, रमेश कुमार, रामनरेश, राहुल, राम सुख, शत्रुघ्न, बृजेंद्र सिंह, श्याम मूरत, राकेश, मंसाराम, दिनेश सिंह, आलोक द्विवेदी, पृथ्वी राम, शिव शरण साहू, योगेश चौरसिया, अरविंद कुमार, रामजी, पृथ्वीराम, धर्मेंद्र कुमार मौर्य, दिनेश यादव, लक्ष्मीकांत, रामकुमार, संत बहादुर, निशांत सिंह, रमेश, शैलेंद्र, अरुण, मनीष कुमार, राजेश आदि मौजूद रहे।

बिजली के पोल पर लगाए गए डिश और वाईफाई के तार दे रहे हैं दुर्घटना को दावत

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। शहर के साथ साथ अर्ध शहरी इलाकों में बिजली के पोल पर वाई फाई और केबल नेटवर्क के तारों से आये दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। सहजनवा में थाने चौराहे से लेकर स्टेशन तक बिजली के पोल पर लटके हुए वाईफाई के तार एवं डिश केवल के तार से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। 12 बजे दिन में डिश केबल का तार सड़क पर लटक रहा था। इस तार में एक बाइक सवार जो रेलवे स्टेशन की तरफ से जा रहा था अचानक उसकी बाइक में लटका हुआ तार फस गया बाइक सवार गिर गया अचानक एक लड़की भी गिर गई और तीन लोग घायल हो गये। यही नहीं आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन लटकते तारों के कारण यह डिश केबल के तार एवं वाई-फाई के तारों का क्या इन बिजली के तारों पर लगाने का कोई बिजली विभाग से अनुबंध है और नगर पंचायत से कोई अनुबंध है। अगर किसी से अनुबंध नहीं है तो यह तार कैसे लगे हुए हैं जो विगत कई वर्षों से लगे हुए हैं। वही बिजली विभाग के जेई सत्येंद्र कुमार से बात करने पर बताया गया कि ऐसे किसी भी व्यक्ति या संस्था से हमारा अनुबंध नहीं है मैं इनके ऊपर जल्दी कानूनी कार्रवाई करूंगा।

स्वास्थ एवं पोषण संबंधित हुई बैठक

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दूबे के नेतृत्व में स्वास्थ एवं पोषण संबंधित बैठक आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत एक बैठक हुई। जिसमे निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में स्वस्थ वातावरण प्रोत्साहन समिति का पुनर्गठन ,स्वास्थ्य एवं बाल विकास के कार्यकर्ताओं को जोड़ना। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की भूमिका,नगरीय स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पोषण हेतु आंगनबाड़ी की सहयोग हेतु कार्य और वार्ड स्तर पर सेवा प्रदाताओं के कार्य पर विस्तृत चर्चा हुई। जिस दौरान चेयरमैन प्रभाकर दूबे ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत घघसरा के विकास के लिए आकांक्षी समिति द्वारा चयनित किया गया है।जिसमे नगर पंचायत के सभी वार्डो को ग्रामीण से शहरीकरण कर उनका सर्वांगीण विकास किया जाएगा।जिसके लिए कई योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से ईओ अमित नायक, मुख्य सेविका ऊषा मौर्या, स्वास्थ विभाग से लोकेंद्र कुमार सोनी ,श्रीतिक श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र बर्मा, राकेश कुमार,विनोद कुमार, सुंदरम त्रिपाठी, विजय प्रताप सिंह, ध्रुव गुप्त सहित आदि सभासद कर्मचारी रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा लखनऊ अंचल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कायक्रम हुए

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। बैंक ऑफ़ बड़ोदा अंचल कार्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बैंक की महिला अधिकारियों के लिए वॉकथन का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा बैंक प्रांगण में मैक्स हॉस्पिटल की डॉक्टर आयुषी चंदानी द्वारा महिला अधिकारियों के लिए वैलनेस ऑफ वूमेन सेशन का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ अंचल के 14 क्षेत्रीय कार्यालय सहित 850 शाखा की सभी महिला अधिकारियों ने ऑनलाइन एमएस टीम्स पर जुड़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ अंचल की उप महा प्रबंधक व्यवसाय विकास श्रीमती रचना मिश्रा एवं लखनऊ जिला क्षेत्र की उप महा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती निधि कुमार द्वारा केक काटकर किया गया एवं सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

सपा मासिक बैठक : पीडीए समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का करे काम

2027 में अखिलेश आयेंगे, पीडीए का प्रचम यूपी में लहराएंगे

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को सिद्धार्थनगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला कमेटी की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाल जी यादव ने की। नेताओ ने पीडीए पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। लालजी यादव ने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपनई हुई है जिससे आम जनता बहुत परेशान और दुखी इस सरकार में समाजवादी कार्यकर्ता ऊपर समाजवादी नेता पर द्वेष की भावना से एफआइआर दर्ज करवा रही है साथ ही महंगाई बेरोजगारी चर्म पर है।

भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास करने की बात करती है यह सिर्फ सरकार में बैठे लोग और भाजपा नेताओ पूंजीपतियों का विकास करने में जुटे हुए है। इनसे जनता से कोई मतलब नहीं हम लोग जगह जगह पीडीए कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं। जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने कहा पीडीए समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का भी काम कर रही है। आने वाले 2027 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे और पीडीए का प्रचम उत्तर प्रदेश में लहराएंगे।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव, विधानसभा सचिव जुनेद आलम, चंद्रजीत यादव, अयोध्या साहू, चंद्रभान पहलवान, रिधू पासवान, बहराइची प्रेमी, सुनील यादव, सुग्रीव यादव, भीष्मभर श्रीवास्तव, बेचई यादव, अंगद यादव सहित समाजवादी नेता मौजूद रहे।

होली से पहले पैकोलिया पुलिस का फ्लैग मार्च

पैकोलिया, बस्ती। आगामी होली के त्योहार के मद्देनजर, पैकोलिया पुलिस ने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक व्यापक फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में, पुलिस टीम ने पचपेड़वा, परसा चौराहा, हसीनाबाद, बैरिहवा, तेनुआ के बाजारों और चौराहों पर मार्च किया, जिससे नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति को रोकना और यह सुनिश्चित करना था कि होली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस कस्बों और गांवों में नियमित रूप से फ्लैग मार्च और रात्रि गश्त कर रही है। फ्लैग मार्च के दौरान, पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहनों की तलाशी ली। यह कदम किसी भी संभावित खतरे को रोकने और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया था।

विकास गौर के कलिगड़ा में मनरेगा में भ्रष्टाचार, प्रधान पर लगे गंभीर आरोप

गौर, बस्ती अवधनामा संवाददाता। बस्ती जिले के गौर प्रखंड के कलिगड़ा ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी अनिरुद्ध कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अनिरुद्ध कुमार के अनुसार, ग्राम प्रधान ने मनरेगा कार्य योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2021-22 में, घनश्याम निषाद, जो उस समय बी.एड. कर रहे थे, ने मनरेगा योजना के तहत कच्चे और पक्के कार्यों के लिए भुगतान प्राप्त किया। भ्रष्टाचार के इस मामले से गांव के निवासियों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान ने मनरेगा योजना का दुरुपयोग किया है और योग्य श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित किया है। अनिरुद्ध कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी से मामले की गहन जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मामले पर जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, मुख्य विकास अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस योजना के तहत, प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है। यह योजना ग्रामीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, लेकिन भ्रष्टाचार इसके उद्देश्यों को कमजोर कर सकता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। हालांकि, यह स्पष्ट है कि स्थानीय निवासी इस मुद्दे पर चुप नहीं रहेंगे।

सांसद सतीश गौतम की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। सांसद सतीश कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहुत की गई। सांसद ने अनूठी पहल करते हुए जिले के 05 ग्राम प्रधानों को भी दिशा की बैठक में प्रतिभाग कराया ताकि ग्राम स्तर की समस्याओं को समुचित ढ़ंग से सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्चुअल एवं अन्य माध्यमों से किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यो को जब धरातल पर मूर्त रूप दिया जाए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आमजनमानस की मौजूदगी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं और उनकी समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण के लिए कृत संकल्पित हैं, ऐसे में उनके द्वारा किए गए फोन कॉल एवं प्रेषित पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सांसद ने मनरेगा की समीक्षा में निर्देशित किया कि जिन श्रमिकों ने 100 दिन कार्य किया है उनको श्रम विभाग में पंजीकृत कराया जाए ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सुगमता हो सके।

वृहद रोजगार मेले में 112 अभ्यर्थी चयनित

उरई (जालौन)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई (जालौन) में वृहद रोजगार मेले का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष उरई प्रतिनिधि श्री विजय चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का उदबोधन करते हुये उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को स्किल एवं अप्रेन्टिसशिप के बारे में गूढ़ बातों से अवगत कराया। चीन का उदाहरण देते हुये अभ्यर्थियों को अपनी स्किल का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा का महत्व बतलाते हुये कहा कि आप लोग इस संस्थान से वोकेशनल शिक्षा के माध्यम से अपने देश का नाम रोशन कर सकते है। साथ ही सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु ईश्वर से कामना की। उन्होंने जनपद जालौन में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उरई, कालपी एवं माधौगढ़ मे अध्ययनरत प्रशिक्षार्थियों को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टेबलेट वितरित किये गये।

महिला बाजार का सांसद ने फीता काटकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। जिले की महिलाएं एनआरएलएम के माध्यम से जीविकोपार्जन कर खुद का भविष्य संवार रही हैं। यह महिलाएं अचार, मुरब्बे से लेकर पूजा समाग्री, जूट उद्योग समेत विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों को तैयार कर रही हैं। महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, बल्कि गॉवों से निकलकर शहरों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ रह हैं।

उक्त उद्गार सांसद सतीश कुमार गौतम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में लगाए गए दो दिवसीय महिला बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करने के उपरांत व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश की बागडोर योगी जी के हाथ में आई तो उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की पहल की। उनका मानना है कि जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से मजबूत होगी तभी देश आगे बढ़ेगा।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए विभिन्न प्रकार के कार्य अब अपना असर दिखाने लगे हैं। इस अवसर पर संतोषी माता स्वयं सहायता समूह द्वारा जूट उत्पाद, जय दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह द्वारा मसाले एवं आचार, श्री राघव ग्रामीण महिला आजीविका मिशन द्वारा पूजा सामग्री किट, आरती स्वयं सहायता समूह द्वारा अचार, मुरब्बा, राधे-राधे महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा हाथरस की हींग, जय माता दी स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों समेत रमाबाई स्वयं सहायता समूह, परि महिला बचत समूह, मोनिका स्वयं सहायता समूह, सखी गोविंदा स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टाल लगाई गई।

खुशखबरी ! GH खुशखबरी !
25 सालों से सेवा में तत्पर
गोयल अस्पताल एवं ब्लड बैंक
द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर
एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर
दिनांक 09/03/2025 दिन रविवार
समय सुबह 11.00 am बजे से शाम 4.00 pm बजे तक
सभी रोग से सम्बन्धित जानकारी एवं उचित सलाह
1. जनरल सर्जरी विशेषज्ञ (Dr. R.K. Tripathi) वरिष्ठ सर्जन
2. स्त्री रोग एंव प्रसूति विशेषज्ञ (Dr. Anju Goel, Dr. Juhi Sisodia)
3. टी. बी. एवं चेस्ट (छाती) रोग विशेषज्ञ (Dr. Gourav Srivastva)
4. टी. बी. एवं चेस्ट (छाती) रोग विशेषज्ञ (Dr. Ajay Mishra)
5. उच्चरक्तचाप एवं डायबिटीज व हृदय रोग विशेषज्ञ (Dr. A. K. Goel)
6. न्यूरो (दिमाग एवं स्पाइन) रोग विशेषज्ञ (Dr. Pradeep)
B.P. , WAIGHT, SUGER, HB (FREE)
सभी प्रकार की जाँच पर 30 % की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 10 % की छूट
सभी रोगी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें
आयुष्मान एंव पं0 दीन दयाल कार्ड धारकों को
निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
जिसमें (कैंसर का आपरेशन, कीमोथैरेपी, गुर्दे की पथरी, हड्डी एवं स्पाइन एवं ब्रेन की सर्जरी, बच्चेदानी का आपरेशन, नाक, कान, गले का आपरेशन एवं जनरल सर्जरी (पित्त की पथरी, हार्निया, हाईड्रोसील, अपेन्डिक्स) शामिल है।
स्वास्थ्य बीमा (टी. पी. ए.) की कैशलेस सुविधा
गोयल प्लाजा अयोध्या रोड लखनऊ, नियर लेखराज मैट्रो इन्दिरा नगर लखनऊ
: 7054001441, 7054001447

पत्रावली की नकल न देने पर जीडीए सचिव को कानूनी नोटिस

अवधनामा संवाददाता

कागजों में निर्माण सील होने बाद भी छत ढालने का लगाया आरोप

गोरखपुर। शहरी क्षेत्र में अवैध और पर्यावरण के प्रतिकूल निर्माण के साथ साफ सफाई, बिजली पानी जैसी समस्याओं के प्रति एनजीटी से लेकर नगर निगम और जीडीए जैसी संस्थाओं की नाक में दम करके समस्याओं का समधान कराने वाले पर्यावरण क्रांति मित्र और जांच की आंच नाम के सामाजिक संगठनों के सर्वेसर्वा और समाजसेवी मो0 जमशेद ज़िद्दी ने पिछले दिनों पादरी बाजार में बगैर मानचित्र के निर्मित हुए सैकड़ों मकानों की शिकायत गोरखपुर विकास प्राधिकरण से किया था। प्राधिकरण ने शिकायत की जाँच कर पाया कि शिकायत सही है और उक्त निर्माण के विरुद्ध वाद दर्ज कर काम रोकने का नोटिस जारी कर दिया।

इस बीच भाजपा के एक नेता द्वारा उपरोक्त प्रकरण को लेकर ज़िद्दी को धमकाने का प्रकरण सामने आया। इस मामले में जब मो0 जमशेद से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की इस कार्यवाही से बौखलाए अपने आपको भाजपा नेता बताने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर धमकाया और वीसी साहब को अपना पड़ोसी व परिचित बताते हुए कहा कि उस अवैध निर्माण कोई नही रोक पायेगा। शायद ऐसी ही हनक प्राधिकरण के जेई और एई को भी नेताजी द्वारा दिखाई गई थी, इसलिए उक्त अवैध निर्माण के विरुद्ध प्राधिकरण चुप्पी साधे बैठा हुआ था बाद में उन्होंने प्राधिकरण के वीसी से मिलकर सारी बातों को तथ्यात्मक तरीके से पेश कर समझाया कि अवैध निर्माणकर्ता द्वारा वीसी के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वीसी से शिकायत के बाद आनन फानन में सील का आदेश तो जारी हो गया लेकिन आदेश होने के लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी मौके पर सील होना तो दूर काम भी नही रुका। इस बीच छत भी ढाल दी गई और अब ऊपर हिस्से की तैयारी चल रही है। कुल मिलाकर सील बन्दी का आदेश अगर हुआ भी तो वो सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गया। जिसके बाद इस मामले में मो0 जमशेद ने जीडीए से मामले से सम्बंधित बाद संख्या GRDA/ ANI/ 2025/000/873 की पत्रावली की नकल मांग लिया। नकल के लिए निर्धारित शुल्क भी जमा किया लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी नकल जारी नही हुई। इस बीच मामले को आगे ले जाते हुए जमशेद द्वारा जीडीए के सचिव और नकल विभाग के प्रभारी के खिलाफ कानूनी नोटिस भेज कर मानसिक आघात के साथ आर्थिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। नोटिस में जीडीए के नकल लिपिक के साथ ही स्टोनो और सम्बंधित जेई और एई पर भी तमाम आरोप लगाए गए हैं। बहरहाल अब नोटिस का जीडीए सचिव की तरफ से क्या जवाब आता है और अपने कृत के बचाव में सम्बंधित कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा क्या दलीलें दी जाती हैं यह देखने वाला होगा, साथ ही सील बन्दी की हकीकत भी सामने आ जायेगी।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित छात्रा का हुआ सम्मान

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। पिपरौली ब्लॉक के ग्रामसभा खोरठा के कंपोजिट विद्यालय बरवल कोठा में कक्षा 8 की छात्रा खुशबू निषाद को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित होने पर शुक्रवार को ब्लॉक के एडीओ पंचायत अरविंद सिंह और ग्राम प्रधान ऋषिकेश जायसवाल द्वारा मेडल, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पिपरौली ब्लॉक के एडीओ पंचायत अरविंद सिंह ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित छात्रा खुशबू को अब आगे जिला स्तरीय प्रोजेक्ट मॉडल बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान खोरठा ऋषिकेश जायसवाल ने कहा कि इस योजना से बाल वैज्ञानिकों के अंदर नवाचार की भावना प्रबल होती है।जिससे इनकी प्रतिभा बाहर आती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर योजना का उद्देश्य गणित और विज्ञान आधारित वैज्ञानिक सोच वाले बच्चों को आगे बढ़ाना होता है।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पिपरौली देवी प्रसाद दूबे, प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद यादव, मनीष दत्त चतुर्वेदी, भागवत लाल, राजेश सिंह, शेषनाथ, बलवीर, शशि पटेल, नीलम मल्ल सहित सभी शिक्षक द्वारा छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी से मौ0 चिरागउद्दीन, सज्जाद हुसैन, मौ0 असलम, मरियम खानम, आफताब खान, अरशद खान, फजल उद्दीन, नफीस खान ने अपने-अपने पदों एवं सदस्यता से निजि कारणों व स्वेच्छापूर्वक इस्तीफा दे दिया है। नये चुनाव सम्पन्न होने पर अब नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी की नवीन कार्यकारिणी समिति इस प्रकार है। अध्यक्ष मौहम्मद जैव, प्रबन्धक / सचिव रियाजउद्दीन, उपाध्यक्ष मौहम्मद शिबयान, उपप्रबन्धक रुकसाना बेगम, कोशाध्यक्ष फातिमा नूर सिद्दीकी, सदस्य मोमिना उस्मान, सदस्य मुईनउद्दीन, सदस्य जैबुल निशां, सदस्य डॉ0 जमीर अहमद, सदस्य जीनत निशां, सदस्य इरशाद अहमद, सदस्य समीउद्दीन, सदस्य सगीरउद्दीन, सदस्य फरजाना समी, सदस्य तरन्नुम, सदस्य खुशी मुईन, सदस्य दानिश अशरफ, सदस्य राहिला रूबी, सदस्य मौहम्मद उनैस अर्थात उपरोक्त कार्यकारिणी समिति में अगले परिवर्तन होने तक नवीन कार्यकारिणी 2025 के द्वारा ही संस्था सम्बन्धित कार्य सम्पन्न कर स्वीकार योग्य होंगे।

रियाजउद्दीन
प्रबन्धक / सचिव
नूर एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी
24/2 इस्लाम गंज, देवनगर रोड, फीरोजाबाद

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 08 मार्च 2025

गोदवा नारायनपुर के परशुराम महाविद्यालय में विवाद बढ़ा, अवधेश वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जनपद के विकासखंड तारुन अंतर्गत गोदवा

नारायनपुर गांव स्थित परशुराम महाविद्यालय एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। क्षेत्रीय नेता अवधेश वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से विद्यालय के भवन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि महाविद्यालय का भवन शमशान की भूमि पर बनाया गया है, जिसे लेकर उन्होंने क्षेत्रीय विधायक और मुख्यमंत्री को शिकायत की थी। यह मामला विधानसभा में भी उठ चुका है।

इस विवाद के बढ़ने के साथ ही बीकापुर तहसील प्रशासन भी सक्रिय हो गया है और उसने तुरंत नाप-जोख कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इसके अलावा, अवधेश वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि महाविद्यालय के प्रबंधक प्रेम वर्मा द्वारा ब्लॉक के सामने बनाए गए गेस्ट हाउस का निर्माण तालाब खाते की भूमि पर किया गया है, जिसकी जांच जरूरी है।

वहीं, अवधेश वर्मा ने यह भी बताया कि प्रेम वर्मा महाविद्यालय के प्रबंधक होने के साथ-साथ पास स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह विद्यालय के बच्चों पर दबाव डालते हैं कि वे नर्सरी विद्यालय में पढ़ाई करें, जो महाविद्यालय परिसर में स्थित है।प्रेस कांफ्रेंस में अवधेश वर्मा के साथ लालजी वर्मा, मंसाराम वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, राम मूरत वर्मा, लल्लन वर्मा, सुखदेव वर्मा, अमरीश पांडेय, समर बहादुर वर्मा, भारत वर्मा और वीरेंद्र वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।वहीं, महाविद्यालय के प्रबंधक प्रेम वर्मा ने इन सभी आरोपों को निराधार और झूठा बताया है। उनका कहना है कि यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है और उनके खिलाफ कोई भी आरोप सही नहीं है।

गांव के ही चार दरिंदों ने की किशोरी के साथ हैवानियत

किशोरी को उठा ले गए थे सरसों के खेत में, गैंगरेप के साथ बनाते रहे वीडियो

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी में एक बार फिर मानवता शर्मसार हो गई! करीब 16 साल की एक किशोरी को चार आवारा लड़के सरसों के खेत में उठा ले गए। चारों ने उसके साथ गैंगरेप किया और रेप की वीडियो बना ली। घटना के करीब एक महीने के बाद अब आरोपियों ने पीड़ित लड़की के भाई को वो वीडियो भेज दी। बहन की आबरू लूटते दरिंदों की वीडियो देखकर भाई कांप गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हंगामा खड़ा हो गया। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटनाक्रम पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। फरवरी के पहले सप्ताह में ये घिनौनी वारदात घटी थी। जब, गांव के ही चार लड़के एक लड़की को सरसों के खेत में खींचकर ले गए।

बेखौफ आरोपियों ने गैंगरेप के बाद उसकी वीडियो शूट कर ली। लड़की को धमकाया कि घर पर किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। गांव के ही चार दरिंदों द्वारा हैवानियत की शिकार लड़की घुटन में हैं। इस डर में घरवालों को अपनी तकलीफ नहीं बताई कि वीडियो वायरल न हो जाए। इधर, तीन मार्च को आरोपियों ने गैंगरेप का वो वीडियो वायरल कर दिया। बताते हैं कि चारों शराब पीकर गैंगरेप की घटना पर चटकारे ले रहे थे। इसी बीच एक आरोपी ने किसी को वीडियो सेंड कर दिया। और वहीं से ये वीडियो वायरल होने लगा जो लड़की के भाई तक पहुंच गया। फिर तो घरवालों के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। बेटी से जब वीडियो के बारे में पूछा तो उसने अपने साथ दरिंदगी की पूरी कहानी सुनाई। गैंगरेप का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर दो अज्ञात और दो नामजद के खिलाफ तहरीर दर्ज की। गुरुवार को पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 के बयान दर्ज कराए। बताते हैं कि यहां पीड़िता ने तीन आरोपियों का नाम लिया है-जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अयोध्या में गैंगरेप और उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की घटना से गांव वाले सन्न हैं।

पीड़िता और आरोपी एक ही गांव हैं। सभी नाबलिग हैं। उधर, ये घटना जिले में भी चर्चा का विषय बन गई है। इसलिए भी क्योंकि पिछले छह महीने में यहां दुष्कर्म की कुछ घटनाओं पर काफी हंगामा मचता रहा है।

सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिला प्रतिनिधि मंडल

अयोध्या।वामदलों का प्रतिनिधि मंडल थाना पूराकलंदर क्षेत्र की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिला।इन नेताओं ने परिवार को सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया। वामदलों के नेताओं ने इस घटना के लिए योगी सरकार की कानून व्यवस्था की विफलता बताया। नेताओं ने कहा कि प्रदेश में चल रहे जंगल राज का यह नमूना है। सरकार नौकरशाही के कब्जे में काम कर रही है। नेताओं ने जिला प्रशासन से दोषियों को सखूत सजा दिलाने तथा परिवार को पचास लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग किया। उन्होंने सरकार से संबंधित मुकदमे का संपूर्ण खर्च बहन करने की भी मांग किया। वामदलों के नेताओं ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने तथा सभी दोषियों को गिरफ्तार कर एक सप्ताह में आरोप पत्र दाखिल करके मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मण्डल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अशोक तिवारी, भाकपा नेता सूर्य कांत पाण्डेय माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा माले जिला प्रभारी अतीक अहमद शामिल रहे। मौके पर पीड़िता के पिता एवं दादा से मुलाकात हुई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए।

भव्य रूप से मनाया गया विश्व औषधि दिवस

अयोध्या। विश्व औषधि दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर विधायक की अध्यक्षता बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिला चिकित्सालय में बने भारतीय जन औषधि केंद्र का विधायक द्वारा फीता काटा गया जिसके बाद औषधि केंद्र के प्रबंधक शुभम् सिंह ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अस्तोष कुमार, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक अमरेंद्र कुमार सिंहा को बुले देकर उनका स्वागत किया। वहीं नगर विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया वाली बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पूरे देश में मरीजों को सस्ते दवाओं उपलब्ध हो जिसके लिए जन औषधि केंद्र का निर्माण किया गया जिससे लोगों को बचत के साथ बेहतर स्वास्थ भी दिया जा रहा हैं। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि पूरे जिले में कुल 18 सरकारी अस्पतालों में भारतीय जन औषधि केंद्र बनने है जबकि वर्तमान में तीन जिले पर स्थापित हैं आगे जिला महिला समेत सभी सीएससी केंद्रों पर भी इसका निर्माण कराया जाएगा।

बरेली में फूलों की खुशबू से महकी रामायण वाटिका

बरेली। बरेली विकास प्राधिकरण की रामायण वाटिका में शुक्रवार से तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ हो गया। रामायण वाटिका को फूलों से सजाया गया है। चौतरफा रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू है तो थ्रीडी चित्रों में रामकथा का वर्णन भी आकर्षित कर रहा है।

बरेली में लोगों के लिए रामायण वाटिका के रूप में एक नया रमणीक स्थल विकसित हो गया है। यहां चौतरफा रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू है तो थ्रीडी चित्रों में रामकथा का वर्णन भी आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर रामकथा के वृतांत देखे जा सकते हैं। यहां पहुंचने वालों को भगवान श्रीराम के साथ ही भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप भी दिखेंगे। इसके अलावा जंगल का दृश्य भी दिखेगा और विभिन्न प्रजातियों की चिड़ियों की चहचहाहट भी सुनने को मिलेगी। फूलों की महक के बीच प्रकृति का सुंदर नजारा भी यहां दिख जाएगा। रामायण वाटिका में गुलाब, गेंदा समेत तमाम स्थानीय प्रजातियों के फूलों के संग हॉलैंड के ट्यूलिप के फूल और दक्षिण भारत से लाए गए गोआब, वाकली, पाडल और मृत संजीवनी के पौधे भी अपनी महक बिखेर रहे हैं। बीडीए के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शुक्रवार को जिले के विधायकों ने पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। पहले दिन प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

यह हैं खास आकर्षण

-पचास हजार तरह के फूल और फूलों से सजी भगवान की आकृतियां।
-मियाबाकी पद्धति से करीब नौ महीने पहले 1600 हजार पौधे लगाए गए।
-राम के जीवन से जुड़े प्रसंग भी थ्री-डी चित्रों में दिखाए गए।
-शिव की स्तुति के लिए बाबा केदारनाथ मंदिर का प्रतिरूप तैयार।
-फूलों से सजाए गए नंदी बाबा, शिवलिंग, जटायु और हनुमान।

10 मार्च को होगी किसान यूनियन(अरा) की पंचायत

अयोध्या। मासिक किसान पंचायत के लिए वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह को अपने किसान पदाधिकारी के साथ ज्ञापन दिया और बताया कि हर माह 9 तारीख को तहसील प्रांगण में किसान पंचायत की जाती है रविवार होने के कारण किसान पंचायत 10 मार्च सोमवार को तहसील प्रांगण में आहूत की जाएगी तहसीलदार सोहावल ने किसान पदाधिकारी को सम्मान पूर्वक बैठा कर कहा कि क्षेत्र के किसान समस्याओं का निस्तारण कराना हमारा दायित्व होगा हर संभव प्रयास होगा की जल्द से जल्द किसान समस्याओं का निस्तारण हो सके किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी ने तहसीलदार महोदय का आभार व्यक्त किया ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष राम अभिलाष यादव महिला जिला महासचिव आसमान निशा रोशनी याद लोग मौजूद रहे।

औषधि दिवस का हुआ आयोजन

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत जन औषधि दिवस का आयोजन किया गया। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों ,जनता को जन औषधि केंद्र से मिलने वाली दवाओं के बारे मे बताया कि जो दवा नामी कंपनियों ,पेटेंट कंपनियों की काफी महंगे दामों पर मिलती है। वहीं दवाएं जन औषधि केंद्र से उससे लगभग 65 से 70 प्रतिशत कम दामों पर उपलब्ध हैं। जबकि दवा उतनी ही असरदार है जितनी नामी कंपनियों की दवाएं है। इससे गरीब जनता को दवा के मद में काफी राहत मिल जाती है । चिकित्सा अधीक्षक डॉ उमेश चंद्रा ने सभी कर्मचारियों से जनता से इसका प्रचार प्रसार करने हेतु कहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीभागवत सिंह ने उपस्थित सीएचओ, एएनएम, आशा से कहा कि गांव की जनता को जन औषधि केंद्र से मिलने वाली दवाओं के बारे में पूरी जानकारी दें । कार्यक्रम में बीपीएम सूर्य प्रताप सिंह, फिरोज, फार्मासिस्ट आशुतोष त्रिपाठी सहित सभी को उपस्थित रहे ।

रिद्धि पांडेय बनी महराजगंज की बीएसए

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) जनपद में काफी समय से रिक्त चल रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) पद पर शासन ने रिद्धि पांडेय को नियुक्ति की है। वह पूर्व में कानपुर देहात में बीएसए रह चुकी हैं। इस तैनाती के साथ प्रभारी बीएसए अभिजीत सिंह अब अपने मूल पद, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता, पर लौटेंगे। शासन ने डायट उप प्राचार्य पद पर सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति की है, जिससे अभिजीत सिंह का यह प्रभार भी समाप्त हो गया। अब वह प्रशिक्षुओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी निभाएंगे।अभिजीत सिंह को 27 फरवरी को बीएसए का प्रभार मिला था, लेकिन आठ दिन बाद 6 मार्च को शासन ने रिद्धि पांडेय को बीएसए नियुक्त कर दिया। शिक्षकों में उनके कार्यकाल को लेकर असंतोष था, जिससे नई तैनाती के बाद परिषदीय शिक्षकों में खुशी देखी जा रही है।

प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ी योजना है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: बैजनाथ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रूदौली विधानसभा क्षेत्र के मां कामाख्या धाम तपोस्थली पर चल रहे सात दिवसीय मां कामाख्या धाम महोत्सव के दूसरे दिन विधायक रामचंद्र यादव ने बड़ी संख्या में आई कन्याओं का पूजा अर्चना और उन्हें भोजन कराया। साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया गया सामूहिक विवाह में 151 वर वधू एक दूसरे के जीवन साथी बने। कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष बैजनाथ रावत जनप्रतिनिधियों संत महात्माओं के साथ व वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रदेश के इतिहास में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बहुत बड़ी योजना है। समाज के सभी गरीब व्यक्ति हिंदू हो चाहे मुस्लिम सभी के बेटियों का हाथ इस योजना के तहत पीले हो रहे हैं। उन्होंने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। एवं रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर पंचायत की स्थापना मां कामाख्या के नाम पर हुआ है, रुदौली

विधानसभा क्षेत्र में जिस दिशा से प्रवेश करो उधर विकास ही विकास दिखता है,अगर इसी तरीके से हर विधायक अपने क्षेत्र में काम करें तो विकास की गंगा बहाना शुरू हो जाए। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श प्रभु राम है, एपीजे अब्दुल कलाम है, वीर अब्दुल हमीद है, डॉ भीमराव अंबेडकर है, लेकिन नई पीढ़ी के लोग अपना आदर्श हीरो और हीरोइन को मानते है। विधायक जी ने महाराजा बिजली पासी की मूर्ति स्थापित करवा करके अनुसूचित समाज का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा विवाह भी एक संस्कार है आज किसी को बहू मिली तो किसी को दमाद मिला यह परंपरा सदियों से होती चली आ रही है। बच्चे अगर शिक्षित होंगे तो डीएम और एसपी बनेंगे। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि आज से आप लोगों के नवजीवन की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की है इस बार उसका बजट भी बढ़ाया गया है। आने वाले समय में 51 हजार से 1 लाख हो जाएगा। जब से योगी और मोदी की सरकार आई है देश की आधी आबादी को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का काम किया है। गरीबों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार गरीब परिवार को हर योजनाओं से जोड़ रही है। मां कामाख्या धाम में 50 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाएं चल रही है। सरकार ने पर्यटन पर भी इस बार अच्छा बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि मां की शक्ति से ही भक्ति मिलती है ,यह ऐसा स्थान है जहां आने वाले हर माता रानी के भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है, मां कामाख्या के आशीर्वादसे कि इन नव दंपतियों का भी जीवन खुशहाल रहे।इस मौके पर मां कामाख्या धाम महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू,नगर पंचायत अध्यक्ष व न्यास के संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला, ई.ओ निखलेश मिश्रा,रुदौली बीडीओ अमित त्रिपाठी, मवई बीडीओ भावना यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव,राम प्रताप यादव, तेज तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता आलोक यादव,एडीओ आईएसबी भगवानदीन,बब्बन शुक्ला कप्तान गिरी,,कृष्ण सागर पाल,मयंक पाठक,सचिन कसौधन, पंकज यादव,राजू शर्मा शनि मिश्रा निर्मल शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा वेद प्रकाश शुक्ला, समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह खण्ड विकास अधिकारी रूदौली एवं मवई तथा कर्मचारी के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक: डा. ममता पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पूर्व गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में लाभाथियों का सम्मान तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक दर्जन महिला लाभार्थियों का सम्मान किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं से अंगदान से जीवनदान विषय पर चर्चा की गई। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोक सभा तथा विधान सभाओं में महिलाओं की संख्या सुनिश्चित करने को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। महिलाओं के स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए डबल इंजन की सरकार को धन्यवाद दिया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक बना। दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय जोड़ा। नए संसद भवन में प्रवेश करते ही महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम परित किया। यह नए भारत का प्रतिविम्ब है। महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए जितने कार्य डबल इंजन की सरकार में हुए उतने कार्य आज तक नही हुए हैं। सीएम योगी की सरकार में महिलाएं अपने आप को पहले से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहीं है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है।

एडलवाइज लाइफ़ की स्टडी से पता चलता है कि 60 प्रतिशत लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता है

अवधनामा संवाददाता

बरेली। भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की ज़िंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफ़ी नहीं है। इस मौके पर एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, सुमित राय ने कहा, पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं। वे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहते हैं, साथ ही वे अरमानों भरी ज़िंदगी भी देना चाहते हैं, जिसमें 'ज़रूरतों' को पूरा करने के लिए ख़्वाहिशों की कुर्बानी नहीं देनी पड़े। यही सबसे बड़ी वजह है, जो उन्हें वित्तीय फैसले लेने के लिए प्रेरित करती है। और इन सब के बीच, वे अक्सर अपने सपनों को पीछे छोड़ देते हैं, जिससे उन्हें यह महसूस होता है कि वे भविष्य के लिए तैयार नहीं हैं।

सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। जीवन बीमा कंपनी ने ङ्कश्वद्बत्नश्1 के साथ मिलकर देश के 12 शहरों में इस जेनरेशन के 4,005 लोगों का एक सर्वे किया, ताकि उनके नज़रिये, उनकी धारणा और वित्तीय तैयारी के स्तर को समझा जा सके।

श्रीमहाआप्तोर्याम सोमयज्ञ का भव्य आयोजन

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि समर्पित बाबा अभिरामदास वेद वेदांत शिक्षण प्रशिक्षण विद्यापीठम्, राजघाट बंधा श्रीअयोध्याधाम में श्री अपवित्रमयज्ञ का भव्य आयोजन 03 मार्च 2025 से 08 मार्च 2025 तक किया गया। यज्ञ के अध्यक्ष/प्रबंधक महंत 108 धर्मदास महाराज श्रीहनुमानगढ़ी जी हैं। यह यज्ञ कलियुग के प्रत्यक्ष सरस्वती अवतार सप्तविद्यामहाग्निचयंद्राष्टा स्वर्गीय पंडित विन्ध्येश्वरी प्रसाद?कुबेरनाथ शुक्ल अयोध्या (श्रीब्रह्मचारी गुरु जी) की पावन स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।सप्तविधमहाग्निचयन यज्ञकर्ता ब्रह्माश्री रेंदुचिन्तल श्री यज्ञेश्वर याजुलु जी (अग्निहोत्री जी) कृष्णलंका शंकर मठ मार्ग, विजयवाड़ा के शताधिक संवत्सर के माता प्रथम महाअप्तोर्यम सोमयाग विशिष्ट विद्वानों की उपस्थिति में इस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

एसएसपी ने तीन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

अवधनामा संवाददाता

बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य ने बृहस्पतिवार को तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। तीनों पुलिसकर्मी मादक पदार्थों के तस्कर की मदद करते थे।

बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के चर्चित इलाके गंगापुर निवासी मादक पदार्थों के तस्कर दिनेश राजपूत उर्फ कल्लू की दोस्ती तीन पुलिसकर्मियों को ले डूबी। वह कल्लू की नशे के धंधे को चमकाने में मदद कर रहे थे। एसएसपी ने एसपी सिटी की जांच रिपोर्ट के बाद तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

गंगापुर निवासी कल्लू बारादरी थाना पुलिस व श्यामगंज चौकी पुलिस को अरसे से कमाई करा रहा था। वह और उसका बेटा सुभाषनगर थाने के गांव बिरिया नरायणपुर और भोजीपुरा थाने के गांव कंचनपुर से गुड़ से बनी शराब लेकर आता था। यह इलाके में चरस और गांजा उत्तराखंड के हल्द्वानी और दूसरे शहरों से मंगवाकर दोनों लोग गंगापुर क्षेत्र में सप्लाई करते थे।

कल्लू के खिलाफ थाना बारादरी में 13 समेत 18 मुकदमे और उसके बेटे निखिल पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। बताते हैं कि बारादरी थाना पुलिस इन दोनों को पकड़ने से बचती थी। एसएसपी को पता लगा तो उन्होंने एसओजी टीम लगा दी। टीम ने दोनों पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर इज्जतनगर थाना पुलिस को सौंप दिया।

तस्करों के फोन से खुली पोल

पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। इस बीच कल्लू व निखिल के मोबाइल फोन की जांच कराई गई। एसपी सिटी ने जांच में पाया कि गंगापुर बीट के मुख्य आरक्षी मोहम्मद असलम, मुख्य आरक्षी पंकज पाठक और विवेक कुमार की इनसे मिलीभगत है। वह तीनों अपने पद का दुरुपयोग करने के साथ ही अपराधियों को शह दे रहे हैं।

एसपी सिटी की रिपोर्ट पर एसएसपी ने बुधवार रात तीनों को निलंबित किया गया है। एसपी सिटी की रिपोर्ट पर एसएसपी अनुराग आर्य ने तीनों को निलंबित किया है। पूरे प्रकरण की जांच एसएसपी ने एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा को सौंपी है।

अज्ञात कारणों से लगी दवा की दुकान में आग

सिसवा बाजार(महराजगंज)। कोठीभार क्षेत्र के हेवती चौराहे पर स्थित एक दवा की दुकान को गुरुवार देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। यह दुकान एक बंगाली डॉक्टर की थी, जो मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले थे और पिछले 30-32 वर्षों से यहां रहकर लोगों का इलाज कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, डॉक्टर रोज की तरह गुरुवार रात अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। लेकिन देर रात अज्ञात व्यक्ति ने उनकी दुकान में आग लगा दी, जिससे वहां रखी सारी दवाएं और अन्य सामान जलकर राख हो गए। सुबह जब स्थानीय लोगों को इस घटना की जानकारी मिली, तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

9 करोड़ 16 लाख का अनुमानित बजट हुआ पेश

मिठौरा ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत समिति की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। विकास खण्ड मिठौरा में स्थित मीटिंग हॉल में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मिठौरा उर्मिला गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पटेल ने किया। वित्तीय वर्ष 2025 - 26 हेतु जहां मनरेगा योजना से सम्बन्धित 5 करोड़ 31 लाख का लेबर बजट पेश किया गया । वहीं पर राज्य वित्त से सम्बन्धित 2 करोड़ 20 लाख तथा केन्द्रीय वित्त से सम्बन्धित 1 करोड़ 65 लाख का अनुमानित बजट पेश हुआ। ऐसे में कुल 9 करोड़ 16 लाख रुपए का अनुमानित बजट पेश हुआ । इस बैठक में जहां पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई । वहीं मनरेगा , पंचम राज्य वित्त आयोग योजना , पंद्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग योजना अन्तर्गत लेबर बजट 2025 - 26 के अनुमोदन पर विचार किया गया। इसके अलावा मनरेगा योजना की प्रगति , राज्य वित्त आयोग की प्रगति , पंद्रहवां वित्त आयोग के योजना की प्रगति तथा विकास खण्ड के अन्तर्गत संचालित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विचार किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रविकान्त पटेल ने कहा कि देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर ही गुजरता है । इसलिए गांवों का समुचित विकास करना सभी जिम्मेदारों का लक्ष्य होना चाहिए। इसी क्रम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में निवास करने वाले प्रत्येक पात्र को विभिन्न सरकारी योजनाओं का सही ढंग से लाभ दिलाना तथा गांवों का विकास करना है। ताकि देश में खुशहाली आए। ब्लॉक प्रमुख मिठौरा उर्मिला गुप्ता ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना है। इसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अति आवश्यक है। ताकि विकास का पहिया तीव्र गति से आगे बढ़ सके । इस अवसर पर बीडीओ मिठौरा राहुल सागर, एपीओ मनरेगा अंकित श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत विनय कुमार पाण्डेय, एडीओ समाज कल्याण सफी आलम, एडीओ कोआपरेटिव आशीष कुमार सिंह, एडीओ एमआई नवीन चन्द,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिठौरा रामहरख गुप्त, पूर्व प्रमुख अमरेंद्र मणि, ग्राम प्रधान संघ जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जोशी, बड़े बाबू उग्रसेन सिंह,इम्तियाज अहमद, विवेक पाण्डेय,विनीत कुमार पाण्डेय,सुबाष चन्द पाण्डेय,अविनाश कुमार, शिवनाथ प्रजापति, सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

शिविर के दूसरे दिन यातायात नियमों की दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। घुघली क्षेत्र के जोगिया में स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के महाराणा प्रताप ईकाई द्वारा सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन जोगिया ग्राम-सभा से घुघुली रेलवे ढाला तक स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा सड़?क सुरक्षा व सुरक्षित यातायात के लिए रैली निकालकर लोगो को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरुक किया। रैली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रवन्धक डॉ. राजेश सिंह, डीएलएड विभागाध्यक्ष शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शिविर स्थल से प्रारम्भ होकर गगन भेदी नारे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट पहनो सुरक्षित रहों दुर्घटना से देर भली, सावधानी हरी दुर्घटना घटी।÷ वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें सड़को और गलियों से होते हुए लोगो को जागरुक करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमरनाथ पटेल ने वाहन चालको को बताया कि आप लोग यातायात के नियमों का पालन करें। सीट बेल्ट का प्रयोग करे। इस कार्यक्रम के संचालन में महाविद्यालय के प्राध्यपकगण, कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी की अहम भूमिका रही।

इस यातायात यातायात एवं सड़क सुरक्षा रैली में स्वयंसेवक साहिल कुमार, आदर्श, दरी, जावेद, जावेद, रेनू, विन्ध्यवासिनी, शिल्पा, कविता इत्यादि उपास्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय दिवस का सफलतापूर्ण आयोजन

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। शुक्रवार डा0 राममनोहर लोहिया महाविद्यालय इटवा के प्राचार्य डा0 अष्टभुजा पाण्डेय की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस का सफलतापूर्ण आयोजन किया गया। प्राचार्य ने जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व विषय पर अपने विचार रखते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया।

शुक्रवार को इसकी शुरुआत प्रार्थना एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इसके उपरांत स्वयं सेवियों द्वारा उत्साह से शिविर स्थल एवं आस पास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया व लहर गीत - हम बड़े तब सब बढ़ेगें अपने आप साथियो जमी ये आसमान को उतार दे से हुई उसके बाद कार्यक्रम अधिकरी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय द्वारा एनएस के लक्ष्यो और कार्यक्रमों के बारे में

विस्तार से बताया गया। प्राचार्य अष्टभुजा पाण्डेय ने जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व÷ विषय पर अपने विचार रखते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया की छात्र जीवन ; चुनौतियों, परिवर्तन, विकास और विश्वास से भरा होता है और एक मजबूत चरित्र विकास का निर्माण करने में इन नैतिक गुणों और मूल्यों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन पाण्डेय ने छात्रों के व्यक्तित्व में इन अनिवार्य नैतिक मूल्यों को विकसित करने में एनएसएस शिविर के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा की टीम वर्क, सहयोग, नेतृत्व गुण, सत्यनिष्ठा, सम्मान, कड़ी मेहनत एक अच्छे व्यक्तित्व की आधारशिला हैं। दूसरे दिन के कार्यक्रम में साफ सफाई, स्वच्छता पर्यावरण बचाओ, नारी सशक्तिकरण आदि पाठशाला का भी आयोजन किया गया जिसका विषय

जीवन में नैतिक मूल्यों का प्राचार्य ने बताया महत्व

रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली गई रैली के बाद लोगो को जागरुक किया गया । जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अष्टभुजा पाण्डेय ने रवाना किया। तत्पश्चात कार्य स्थल श्रीमती यशोदा देवी प्राथमिक विद्यालय पर लौट कर स्वयं सेवको द्वारा भोजन बनाया गया इसको सभी स्वयं सेवक मिलकर खाये खिलाए साथ ही प्रतिभा को निखारने के लिए पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 संतोष पाण्डेय, द्वारा स्वयं सेवको को प्रेरित गया। विशेष सहयोग के लिए महाविद्यालय के स्टाफ डॉ0 प्रमोद कुमार द्विवेदी, डॉ0 नुरुल हसन,राकेश दूबे, रंजना दूबे, अंकित चतुर्वेदी, डॉ0 लाल बहादुर यादव, आशुतोष पाण्डेय,अंबिकेश्वर त्रिपाठी, नवनीत शुक्ला विजेन्द्रशेखर, आदित्य आदि उपस्थित रहे।

सांसद की अध्यक्षता में हुई विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के तत्वावधान में आयोजित जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को लोहिया कलाभवन में सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह, विधायक इटवा/नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं सीडीओ द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि 18वी. लोकसभा चुनाव के बाद यह प्रथम बैठक हो रही है। विकास के

कार्यो की समीक्षा हेतु जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की जाती है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए बहुत बड़ा बजट देती है। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि भारत एक विकसित देश बने। हम सभी लोगो को संकल्प लेकर कार्य करना है कि सिद्धार्थनर को विकसित बनायेंगे। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत विभाग द्वारा सही एजेन्डा उपलब्ध न कराये जाने पर मा0 सांसद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को नोटिस निर्गत करे। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक कपिलवस्तु ने निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित विधानसभा में जो भी कार्य हो रहा है अथवा पूर्ण हो गया है उसकी सूची उपलब्ध कराये। विधायक डुमरियागंज ने कहा कि बस्ती से जिन गांवों में बिद्युत की सप्लाई की जाती है उन्हें सिद्धार्थनगर से जोड़ा जाये। जर्जर तार व पोल नही बदलने की शिकायत की गयी। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि कमेटी गठित कराकर विद्युत विभाग द्वारा कराये गये कार्यों का सत्यापन कराये। इसके साथ ही 5 गांव का रेन्डमली जांच कराये। जनपद में बिजली की स्थिति बहुत खराब है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया कि जिन गांवों में पानी की टंकी बन रही है जो सड़क खोद कर छोड़ दिये उसे ठीक कराने का निर्देश दिया। जिन गांवों में कार्य पूर्ण हो गया है उसका उद्घाटन जनप्रतिनिधिगण से कराये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि कार्यदायी संस्था पर पेनाल्टी लगायी गयी है। मनरेगा विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित कराया जाये। जनपद की सड़को को गड्ढा मुक्त करे। इसके अलावा बैठक में निर्धारित किये गये एजेन्डा बिन्दु के अनुसार 44 बिन्दुओ की समीक्षा की गयी। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शौचालायों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद डुमरियागंज ने जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा कर समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करायें, जिससे पिछड़े जनपदों की श्रेणी से निकलकर सिद्धार्थनगर अग्रणी जनपद की श्रेणी में पहुंच सके।

महिलाओं की शिक्षा दीक्षा से समाज और देश की होती है उन्नति

अवधनामा संवाददाता

बांसी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी सिद्धार्थनगर एवं हुमाना पीपुल टू पीपुल इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस इसकी पूर्व संध्या पर मनाया गया । यह कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य उमेश कुमार त्रिपाठी एवं लालजी पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत करवाना था, ताकि सभी महिलाओं को जागरूक किया जा सके। आज के इस कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना एवं उद्बोधन के साथ हुआ। तत्पश्चात डायट प्रवक्ता महेंद्र यादव जी ने महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताते हुए बताया की रूस में 1917 की क्रांति के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई और बेहतर अधिकारों की मांग की। महिलाओं के इस आंदोलन ने वहां की सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया, और उन्हें वोटिंग का अधिकार मिला। इसके बाद महिला दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। महिलाओं की शिक्षा दीक्षा से समाज और देश की उन्नति होती है। छात्र अध्यापकों ने चार्ट बनाये और प्रस्तुत किये और महिला दिवस से सम्बंधित भाषण भी दिये। अंत में डायट प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया की हमारे समाज में महिलाओं की पूजा प्राचीन समय से होती रही है और साथ ही नारी सशक्तिकरण से जागरूक किया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रवक्ता साथी, अनिल कुमार बिंद, पंकज कुमार, बद्रीनाथ त्रिपाठी, एवं हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया से हेमन्त कुमार, सिद्धार्थ त्रिवेदी एवं अभिषेक पाल उपस्थित रहे।

बढ़नी से दिल्ली व कानपुर चल रही बैशाली एक्सप्रेस लग्जरी बसों में ढोये जा रहे पार्सल व ट्रांसपोर्ट का सामान

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। चालक व परिचालक चंद रुपयों के लालच में बसों की छतों पर सामान लाद देते हैं। इससे यात्रियों को परेशानी तो होती ही है, हादसे का डर भी बना रहता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा गंभीरता से कार्रवाई नहीं की जाती है। जो लोगों के लिए चिंता व चर्चा का बिषय बना हुआ है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दिल्ली, लखनऊ ,कानपुर समेत अन्य रूटों पर चलने वाली निजी बसों में बड़े पैमाने पर सामान ढोये जा रहे हैं। लग्जरी एसी व नान एसी की बसों में अंदर व उसकी डिग्गी में यात्रियों के लगेज से अधिक पार्सल व ट्रांसपोर्ट से ढोये जाने वाले सामान भरे होते हैं। निजी बसों में बस के अंदर, बस की डिग्गी के अलावा बस की छत पर ट्रांसपोर्ट का सामान ले जाया जाता है। इन बसों में सवारियों से अधिक सामान भरे जाते हैं। निजी बसें तेज रफ्तार में चलती हैं। और ऊंचाई अधिक होने के कारण कभी भी

हादसे का शिकार हो सकती हैं। खासतौर से निजी बसों के संचालक निजी स्वार्थ के लिए यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, वहीं विभाग को भी लाखों रुपये के टैक्स का चूना लगा रहे हैं। नियमानुसार बसों में लगेज ले जाने का प्रावधान है लेकिन बस संचालक नियमों को ताक पर रखकर सीमा से

चालक व परिचालक चंद रुपयों के लालच में बसों की छतों पर लाद देते हैं सामान, यात्रियों की जान से कर रहे खिलवाड़

अधिक पार्सल व ट्रांसपोर्ट का सामान ढो रहे हैं।

एनएच 730 बढ़नी-पचपेड़वा मार्ग पर नगर पंचायत बढ़नी समय माता स्थान के पास ट्रांसपोर्ट का गोदाम व आफिस बनाकर संचालन कर रहे शंकर व मनोज ने बताया कि इस तरह से अन्य जगहों पर हमारे और भी कई शाखाएं चल रही हैं। जो भी दुकानदार का सामान आता है उसका जीएसटी बिल हम लोगों के पास रहता है। सूत्रों की मानें तो इस तरह की कई बसें कर चोरी के मामले में पकड़ी जा चुकी हैं। उन पर जुर्माना भी डाला जा चुका है। जिसमें कपड़ा, रेडीमेड गारमेंट्स, कॉस्मेटिक, आटों पार्ट, किराना खाद्य पदार्थ का सामान सर्वाधिक टैक्स चोरी कर लाया जाता है। टैक्स चोरी का माल लाने-ले जाने में बढ़नी क्षेत्र में कई ट्रांसपोर्ट चल रहे हैं। यह ट्रांसपोर्ट दिल्ली व कानपुर के आसपास के जिलों से कर चोरी का माल लाने में माहिर हैं। जानकारों की माने तो उप्र में वाणिज्य कर विभाग के सख्त होने के बाद ट्रकों का आवागमन कम हुआ तो टैक्स चोरों ने अब निजी बसों को अपना माध्यम बना लिया है। अधिकतर ट्रैवल्स बसों में व्यापारी रास्ते में अनधिकृत माल भर लेते हैं। हालत ये है कि सवारियों के साथ डिग्गी में माल ले जाया जा रहा है। इनकी डिग्गियां पहले ही बुक हो जाती हैं। कुछ बसें तो उसी रूट से होकर जाती हैं जहां से उनको माल उठाना होता है। अधिकतर स्लीपर कोच और लग्जरी निजी बसें रात को ही चलती हैं और गंतव्य तक सुबह पहुंच जाती हैं। जो भी व्यापारी अगर सामान कहीं भी ला-ले जा रहे हैं तो उनके पास टैक्स इनवॉइस होना जरूरी है। साथ ही यह भी जरूरी है कि पचास हजार रुपये से अधिक का सामान है तो उनके पास ई-वे बिल भी होना चाहिए।

सोमवार से निबंधन कार्यालयों मे छह बजे तक हो सकेगी रजिस्ट्री

अम्बेडकरनगर। मौजूदा वित्तीय वर्ष की समाप्ति, होली और नवरात्रि के त्यौहार के दृष्टिगत निबंधन विभाग ने रजिस्ट्री का समय बढ़ाने का आदेश दिया है। अब छह बजे तक निबंधन कार्य संपादित किया जाएगा। उप निबंधक कार्यालय अकबरपुर के सब रजिस्टार अभिषेक सिंह ने बताया कि सोमवार से नई व्यवस्था लागू की जाएगी। निबंधन विभाग का मानना है कि होली, नवरात्रि त्योहार तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के चलते अधिक से अधिक रजिस्ट्री की संभावना है। सार्वजनिक अवकाश के कारण मार्च माह में अपर्याप्त कार्य दिवस होने के कारण विभाग ने रजिस्ट्री समय में वृद्धि करने का आदेश दिया है। महानिरीक्षक निबंधन अमित गुप्ता ने इस संबंध में सभी उप निबंधक कार्यालय को आदेश जारी किया है। उपनिबंधक कार्यालय में निबंध कार्य छह बजे तक संपादित किया जाएगा। इस संबंध में विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का जो समय अब तक चार बजे था वह अब एक घंटा बढ़कर पांच बजे तक रहेगा।

डुमरियागंज सीडीपीओ के विरुद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

आगंनबाड़ी चयन में लगाया गया धन वसूली का आरोप

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज। डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र की आगंबाडी कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर बाल विकास अधिकारी पर आंगनबाड़ी भर्ती में धनउगाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का आरोप लगया है। वही उपजिलाधिकारी की अनुपस्थित में नायब तहसीलदार बिंद्रश गुप्ता को दिए ज्ञापन में संघ की प्रदेश महामंत्री प्रभावती देवी ने कहा सीडीपीओ ब्लाक क्षेत्र में कुछ लोगों से आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं की शिकायत कराकर शोषण करते हैं।

सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सीडीपीओ कार्यालय पर एकत्रित हुई। उन्होंने आगे कहा कि मेरिट के आधार पर चयन होना है। जबकि सीडीपीओ विभिन्न गांवों से प्राप्त आवेदन पत्रों में कम मेरिट वाले आवेदकों को बुलाकर पात्रों में भय पैदा करतें हैं। जिससे भयभीत होकर पात्र होते हुए भी आवेदकों से धन उगाही की जाती है। इसी के साथ कुछ लोगों से आंगनबाड़ी की झूठी शिकायत करके उनका धनादोहन व मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाता है। कार्यालय में भी क्षेत्रीय मुख्य सेविका व कनिष्ठ लिपिक की सहायता से वसूली कराये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा सीडीपीओ ईमानदार डीएम व मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने पर आमादा हैं। जिसे संघ कत्तई सहन नही करेगा। इस मौके पर शशि प्रभा, सुमन सिंह, संगीता सिंह, शैलेश सिंह, रीना देवी, राधिका सीमा, गीता आदि उपस्थित रही।

कलस्टर बैठक में अनुपस्थित आशा पर होगी कार्रवाई

डुमरियागंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा में आशाओं के क्लस्टर बैठक में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर विकास चौधरी द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि बैठक में मुख्य मुद्दों पर एवं कई विषयों पर अभिमुखीकरण होता है। इसमें अनुपस्थित ना हो यदि आशा उपस्थित होती है तो उनके विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। समस्त बच्चे एवं गर्भवती माता का टीकाकरण में वजन अति आवश्यक है। इसमें सभी को गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। वही यूनिसेफ शोएब अख्तर द्वारा सभी को बताया कि आशा अपनी अपडेटेड ड्यू लिस्ट के साथ एवं आंगनवाड़ी वज़न मशीन, इनफेनटोमीटर, इसटेडियोमीटर साथ लेकर सत्र पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण सत्र पर समस्त लॉजिस्टिक्स एवं वैक्सीन उपलब्ध रह रही है। जिसका पूर्ण लाभ अधिक से अधिक उठाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से ए आर ओ मोहम्मद साकिब, बी ओ सी अल्पना, बीसीपीएम वीरेंद्र यादव, राहुल कुमार, राजेश कुमार, संघनि अनीता देवी, राजश्री उपस्थित रही।

भाजपा सरकार में बिस्कोहर को नहीं मिल पा रहीं बुनियादी सुविधाएं

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। प्रदेश सरकार यूपी को देश का ग्रोथ इंजन होने का दावा करते नहीं थकती है। लेकिन, सिद्धार्थनगर इटवा विधान सभा की प्राचीन गांव से नगर पंचायत होने के बावजूद यहां लोगों को जो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरा नहीं हैं। उनकी जो दुर्दशा है वो किसी से छिपी नहीं है।

उक्त बाते क्षेत्री सपा नेता व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द प्रताप सिंह ने कही। शुक्रवार को देवेन्द्र प्रताप सिंह ने

आरोप लगाया कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार में गरीबों को बुनियादी सुविधाएं तक मुहैया नहीं हो रही हैं। स्थानीय नगर पंचायत बिस्कोहर से चुने गए भाजपा चैयरमेन व प्रशासनिक अधिकारी जो बड़े दावे कर रहे हैं वह हवा हवाई है। भाजपा के पूर्व में राज्य मंत्री रहे व नेता जो चुनाव के समय अच्छे दिन लाने के लुभावने दिए थे वह हकीकत बनते तो अच्छा होता। सपा नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहां की सरकार की नीतियों से कुछ मुट्ठी भर भाजपा नेता पूंजपति व धन्नासेठ और अधिक धनवान बन रहे हैं। यह उसकी पूजवाद समर्थक नीति का प्रमाण है। देवेंद्र प्रताप ने कहा चैयरमेन व ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार को नगर पंचायत बिस्कोहर में लोगों की गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन को दूर करना चाहिए।

विधायक ने किया बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान

बढ़नी, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा के विधायक विनय वर्मा ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पगड़ी एवं शाल भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने बार एसोसिएशन शोहरतगढ़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दयासागर पाठक एवं महामंत्री बृजेश दत्त शुक्ला को शाल ओढ़ाकर एवं पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का एक प्रमुख अंग है जहां जनता को न्याय में कमी महसूस होता है वहां वकीलों के माध्यम से वह अपनी बात अधिकारियों एवं न्यायालयों में रखते है,वकील समाज को न्याय दिलाने का काम करता है। शोहरतगढ़ बार के अध्यक्ष पद पर दयासागर पाठक का निर्वाचित होना उनकी कर्मठता दिखाता है, शोहरतगढ़ बार को मजबूत बार बनाने में इनका हमेशा योगदान रहा है,आज तहसील बार की बिल्डिंग इस बार को समृद्ध शाली बार के रूप में सम्मिलित करती है उसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष का एक योगदान है, आज इसी का परिणाम है कि तहसील के वकीलों ने इन्हें सम्मान दिया है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दयासागर पाठक ने कहा कि वकीलों के सम्मान की लड़ाई उनकी खुद की लड़ाई है, बिना किसी भेदभाव के वे सभी के हित की लड़ाई लड़ेगे, अधिवक्ता हमेशा वादकारियो के सम्मान की लड़ाई लड़ता है, उन्होंने अध्यक्ष के निर्वाचित होने पर सभी अधिवक्ताओं का आभार जताया इस अवसर पर अधिवक्ता अरविंद कुमार, प्रदीप कमलापुरी, महेश कुमार, शिवशंकर, संजय मित्तल, संतोष गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

शहज़ादपुर कस्बे का नाम लोहिया के नाम करने की मांग

अम्बेडकरनगर। विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा सुभाष यदुवंश ने विधानपरिषद के सत्र में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि राम मनोहर लोहिया का जन्म अम्बेडकरनगर जिले के शाहजादपुर कस्बे में हुआ था । राम मनोहर लोहिया स्वंतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिंतक के अग्रिम नेताओ में से एक थे। उनके जन्मस्थान शहजादपुर का नाम लोहियानगर या लोहियापुर करने के साथ साथ उनके नाम पर एक स्मारक का निर्माण कराया जाए। विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश की मांग को तुरंत सभापति विधानपरिषद मानवेन्द्र सिंह ने सरकार को कार्यवाही हेतु भेज दिया। सुभाष यदुवंश ने बताया कि एक दल की आधी राजनीति राम मनोहर लोहिया के नाम पर टिकी है। दिन रात लोहिया के सिद्धांतों के बात करते है परंतु उनको लोहिया की विचारधारा या उनके सिद्धान्तों से कभी कोई मतलब ना रहा। साथ ही साथ उनके जन्मस्थान पर कभी कोई ध्यान नही दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सदन के माध्यम से मांग किया कि उनके जन्मस्थान के नाम को राम मनोहर लोहिया के नाम पर रख वही एक भव्य स्मारक का निर्माण सरकार द्वारा कराया जाए।

ग्राम पंचायत मानपुर व तालकुंडा में लगा चौपाल, गाँव की समस्या गाँव में समाधान

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु

ग्राम पंचायत मानपुर के पंचायत भवन व तालकुंडा के ग्राम पंचायत विद्यालय परिसर में कार्यक्रम सम्पन्न

ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव शकील अहमद ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब

कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव शकील अहमद, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, पंचायत सहायक विपिन कुमार, रोजगार सेवक वीरेंद्र चौधरी, कोटेदार ईश्वर चंद, ग्रामवासी मोल्हू, पंकज, राजकुमार, राहुल, उर्मिला, चन्द्रावती, गुरु प्रसाद, प्रहलाद, अशोक कुमार चौधरी, जितेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

वहीं ग्राम पंचायत तालकुंडा चौपाल कार्यक्रम ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पंचायत सचिव उदय प्रताप ने सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। वहीं आरोह फाउंडेशन के स्रष्ट अंबुज श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना व मुद्रा योजना बचत खाता खोलने के लाभ, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

उक्त अवसर पर पंचायत सचिव उदय प्रताप, ग्राम प्रधान राम शरण, रोजगार सेवक बबन चौहान, पंचायत सहायक सुरेन्द्र कुमार, सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार, आंगनबाड़ी कनकलता, सावित्री देवी, कृष्णा सिंह सहित ग्रामवासी तिरथा, रामकुमार, बहरईची, विकास मौर्य, आनंद सिंह, सोनमती, पंकज चौधरी, मंजू, दुर्गावती राम तीरथ आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

पांच हत्यारों को गैंगस्टर व सात वर्ष का कारावास की सज़ा

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र में 17 साल पहले युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पांच अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट में सात वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती के साथ 30 अगस्त 2008 को उसके गांव के ही छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद युवती की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। बाद में इसे आत्महत्या दिखाने के लिए शव को लुंगी से बांधकर पेड़ से लटका दिया था। इस मामले में पुलिस ने अभियुक्त गोगे, मसरूर, निजाम, युसुफ, करिया व बलबल के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, हत्या समेत अन्य धाराओं में केस केस दर्ज किया था।17 अक्तूबर 2008 को आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया था। वर्ष 2012 में गोगे, मसरूर, निजाम, युसुफ व बलबल पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में जांच पूरी करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट परवींद्र कुमार ने ने बृहस्पतिवार को गोगे, मसरूर, निजाम, यूसुफ व बलबल को गैंगस्टर एक्ट में सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

राजकीय महाविद्यालय सेहमों बस्ती में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ

सेहमों, बस्ती। शुक्रवार 6 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय सेहमों, बस्ती में क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 कृष्णकान्त मिश्र के नेतृत्व में महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ0 अतुल कुमार पाण्डेय रहे।

उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं फीता काटकर क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ किया। शुक्रवार के दिन रस्सा कसी, कबड्डी, कैरम, चेस, म्युज़िकल चेयर, बैडमिंटन और गोला फेंक के लीग, और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये।

राजनेता अपराधियों का मेल

बहुत कम राजनेता ऐसे होगे जिनपर कोई अपराधी केस की छाया न हो। इस सन्दर्भ में महाराष्ट्र में नई लड़ाई की बुनियाद बन रही है। महाराष्ट्र के मन्त्री धनन्जय मुन्डें का इस्तीफा एक उदाहरण है। राजनेताओं और अपराधियों का गठजोड़ हर तरह के अपराध के लिये बनता बिगड़ता रहता है। धनन्जय मुन्डे इसी जाल में फंसे है बीड जिले के मस्सागा के के सरपंच सन्तोष देश मुख की हत्या भी इसी गठबन्धन की एक कडी है। हत्याकान्ड के मुख्य आरोपी बाल्मिक कराड़ और उनके गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनसे करीबी को कबूल कर धनन्जय भी गिरफ्त में आ गये है। कराड और धनन्जय लेकदेश्वर चीनी मिल के पार्टनर है। कराड के नाम पर करोड़ों की सम्पत्ती है उसका सम्बन्ध धनन्जय से है। घनन्जय पर आरोपो की लम्बी लिस्ट है। उदाहरण के लिये घोटाले का आरोप है। फसल बीमा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप है। हार्वेस्टर घोटाले में भी उनका नाम है जब वो कृषि मन्त्री थे। पराली और अम्बे जोगाई में पीडब्लू से बिना काम कराये और बिना बिल के भुगतान ले लिये। प्रवीण महाजन के छोटे भाई की पत्नी से झूठे आरोपों में जमीन हड़प लिया है। पवन ऊर्जा कम्पनी से दो करोड़ रूपये के लिये दबाव बनाया। करूणा नाम की लड़की से रिलेशन में रहे है जिसको स्वीकारा है। परिवारिक अदालत ने बच्चों के लिये और महिला के लिये दो लाख रूपये का अन्तरिम गुजारा भत्ता मंजूर किया है। धन्नजय आरोपों को स्वीकारा है पर फैसले को चुनौती दी है।

इन विवादों को महाराष्ट्र राजनीति पर असर आना तय है। बीड जिला और महराठवाड़ा गोपीनाथ मुन्डे की वजह से बीजेपी का मजबूत किला है। धनन्जय उनके भतीजे है। गोपीनाथ ही भतीजे का भाजपा में लाये थे। धनन्जय ने विद्यार्थी परिषद से लेकर भाजपा युवा मोर्चा में जिम्मेदारियों संभाली है। गोपीनाथ मुन्डे के निधन के बाद उनकी बेटी पंकजा और चचेरे भाई धनन्जय के बीच उत्तराधिकार को लेकर संघर्ष शुरू हो गया। घनन्जय एनसीपी में चले गये और चुनाव में पंकजा को हरा दियां एनसीपी के टूटने के बाद वह अजित पवार के साथ हो लिये। पंकजा को लोकसभा चुनावे में भी साथ नहीं दिया और वह चुनाव हार गई। अब पंकज विधान परिषद का सदस्य बन मन्त्री बन गई है। घनन्जय के इस्तीफे से उनके लिये बीड का मैदान साफहै। भाजपा के लिये यह फायदे का सौदा रहेगा।

धनन्जय के इस्तीफे के बाद कई लोगो की नजर उनके पद पर है। यह मन्त्री पद अजित पवार के कोटे का है। तीन नाम उभरे है। छगन भूजबल, प्रकाश आलुके जयन्त पाटील छगन मुजबल अपनी मन्त्री पद से हटने को लेकर काफी गुस्से में है। मुजबल और साल्दहुके को दूर रख कर शरद पवार गुट के जयन्त पाटील को अपने खेमे में लाया जा सकता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावन कुले और जयन्त पटील के बीच बैठक हुई हैं जयन्त के आने से अजित मुशकिल में पड़ सकते है। अजित के एक मन्त्री निशाने पर है। मुख्यमंत्री के रियायती कोटे से 90 के दशक में सस्ते में मकान प्राप्त कर लिया था। यह मकान गरीबों के लिये था। इसे पाने के लिये उन्होने अपनी आय कम दिखाई थी। अदालत में भ्रष्टाचार मामला साबित हो गया है। उन्हें दो साल की सजा और 50 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट की अपील करेगे। लेकिन उनका मन्त्री पद तो खतरे में पड़ गया है। इससे अजित पवार के एनसीपी में हलचल आ गई है। कोई भी निशाने पर आ सकता है। इसलिये इनके साथी सतर्क हो गये है। अजित पवार और शिन्दे गुट दोनों असहज है।

राजनीति उठा पटक तो चलती ही रहती है पर इस समय महाराष्ट्र की राजनीति में भी यही सब हो रहा है और चल रहा है। पर इस समय अपराधिक मामलों का हथियार भाजपा के हाथ में है। पर जब तक अपराध साबित नहीं हो जाता किसी को दोषी नहीं कहा जा सकता। पर नैतिकता को लेकर एक सवाल बनता ही रहता है कि बहुत से राजनेताओं पर इतने संगीन अपराध कैसे और क्यों बनते है। महाराष्ट्र में इस समय के मामले को लेकर कोई लड़ाई छिड़ने वाली है।

योग्य माता योग्य राष्ट्र की जननी

स्त्रीयां सदैव विराट स्वरूपा होती हैं हर काल, हर युग मे नारी पूजनीय रहीं हैं।महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का सर्वोत्तम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे और वही पुरुष समाज स्त्रियों का अनादर कर सरे आम घर में, समाज और देश कोने कोने में स्त्री अस्मिता से खिलवाड़ कर अपने पुरुष होने का अति अशोभनीय दम्भ भरता है। नारियां कब तक पुरुषों द्वारा किए गए इन अनाचारों को झेलती रहेगी।

संजीव ठाकुर

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है, तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं। अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बीसवीं सदी की शुरुआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार 'राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली।

नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम एक्सीलरेट एक्शन यानी 'कार्रवाई में तेज़ी लाना' और तेजी से कार्य करना रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

ललित गर्ग

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। बीसवीं सदी की शुरुआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। उसे अपने परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः

डॉ उमेश प्रताप वत्स

माता जीजाबाई से प्रभावित होकर अहिल्याबाई ने भारतवर्ष की पावन धरती पर जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह अविस्मरणीय है। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के छौंड़ी गांव में 31 मई 1725 को उत्पन्न देवी अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की सम्मानीय रानी थी। वे मल्हारराव होल्कर की पुत्री थी। उन्हें लोकमाता और पुण्यश्लोक की उपाधि से भी जाना जाता है। उनके पिता मंकोजी राव शिंदे गांव के पाटिल थे। उन्होंने मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति की तथा धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में अहम योगदान दिया।

आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्यों न भारत की विश्व प्रसिद्ध उन महिलाओं पर चर्चा हो जो प्राचीनकाल से वर्तमान तक विभिन्न क्षेत्रों में विश्व का मार्गदर्शन करती आ रही है। वेदों में, गार्गी, मैत्रेयी, विश्वम्भरा, और अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, सकता, और निवावरी जैसी कुछ महिला विद्वानों का उल्लेख किया गया है तथा वेदों में 'मां' को अंबा , अम्बिका, दुर्गा, ज्वाला, सरस्वती, शक्ति, भूमि आदि नामों से भी संबोधित किया गया है। इसके अतिरिक्त माँ को जननी, जन्मदात्री, जीवनदायिनी, धात्री आदि अनेक नामों से पुकारा जाता है। सामवेद में एक प्रेरणादायक मंत्र मिलता है, जिसका अभिप्राय है, हे जिज्ञासु पुत्र! तू माता की आज्ञा का पालन कर, अपने दुराचरण से माता को कष्ट मत दे। अपनी माता को अपने समीप रख, मन को शुद्ध कर और आचरण की ज्योति को प्रकाशित कर।

भागवत कथा में यशोदा जी व देवकी के साथ-साथ राधा, रुक्मणी, सत्यभामा व सुभद्रा का वर्णन मिलता है। रामायण में श्रीराम अपने श्रीमुख से मां को स्वर्ग से भी बढ़कर मानते हैं। वे कहते हैं-

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

जब विषय माँ का हो तो माँ पार्वती, माता सीता, यशोदा, जीजाबाई, पन्नाधाय और पुत्र को कमर पर बाँधकर लड़ने वाली रानी लक्ष्मी बाई को कैसे विस्मृत कर सकते हैं। वर्तमान में भी सनातन संस्कृति का ध्वज फहराने वाली अनाथ आश्रम में असंख्य बच्चों को सनाथ करने वाली ममतामयी माँ साध्वी ऋतंभरा की कथा पंडालों में गरिमामयी उपस्थिति श्रद्धालुओं को भक्ति का रसास्वादन कराती रहती है। साध्वी सरस्वती भागवत विहिप की प्रमुख प्रचारक है, वे नो वर्ष की अवस्था से आदिवासी स्थानों में जाकर सेवा करती रही व साध्वी ऋतंभरा के बाद वे विहिप की प्रमुख प्रचारक के रूप में जानी जाने लगी। जया किशोरी मात्र 7 साल की उम्र से भागवत कथा का वाचन कर रही हैं। एक प्रसिद्ध भारतीय कथावाचक, भजन गायिका और वक्ता हैं। वह 13 जुलाई 1995 को राजस्थान के सुजानगढ़ में एक गौड़ ब्राह्मण परिवार में पैदा हुई। कथावाचक देवी चित्रलेखा जी का जन्म 19 जनवरी 1997 को हरियाणा के पलवल जिले के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मात्र 4 साल की उम्र में ही उन्होंने गुरु गिरधारी बाबा की संस्था से जुड़कर कथा वाचन की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी। 6 साल की उम्र से ही उन्होंने लोगों को उपदेश देना और कथा सुनाना शुरू कर दिया था। कृष्णप्रिया जी के दादाजी एक पुजारी थे और वे उन्हें भागवत कथा, महाभारत, रामायण और कृष्ण लीला जैसी हिंदू पौराणिक कथाएं सुनाया करते थे। इससे उन्हें इन ग्रंथों की गहन जानकारी प्राप्त हुई। 13 साल की उम्र में ही वे धार्मिक प्रवचन देने लगी थीं और उनके ग्रंथों के ज्ञान और समझ की व्यापक सराहना होने लगी। पलक किशोरी जी को शाम्भवी मिश्रा के नाम से भी जाना जाता है, भारत के मध्य प्रदेश राज्य के सतना शहर में एक धार्मिक हिन्दू परिवार में पैदा हुई। उनका जन्म 24 दिसंबर, 2005 को हुआ था। ये धार्मिक ग्रंथों और कथाओं के प्रति गहरी रुचि रखती हैं। लॉकडाउन के दौरान मात्र 16 साल की पलक ने अपना पहला सार्वजनिक कथा वाचन दिया था। देवी नेहा सरस्वत भारतीय अध्यात्म की दुनिया की एक उभरती हुई कथावाचक है। उनका जन्म 26 जून 1997 को उत्तर प्रदेश में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होंने पहली बार 8 साल की उम्र में श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया था। उनकी छोटी बहन देवी निधि सारस्वत ने बहुत ही कम उम्र में उनके साथ कथा प्रचार में शामिल होना शुरू कर दिया था। जल्द ही दोनों बहनें 'युगल जोड़ी' के रूप में लोकप्रिय हो गई। उन्हें अपार लोकप्रियता मिली। ये सभी भावी पीढ़ी को सनातन से जोड़ने के लिए सफल प्रयास में रत हैं।

इस बार विश्व विख्यात महाकुंभ 2025 भी महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति से प्रकाशित रहा। जहाँ एक ओर साध्वी हर्षा रिछारिया महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में शामिल हुई। वहीं दूसरी ओर ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाना भी चर्चा का विषय रहा। मोनालिसा रूद्राक्ष की माला बेचते-बेचते वायरल होकर बॉलीवुड तक पहुंच गई तो दूसरी ओर 45 दिन चलें महाकुंभ में लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं में भी महिलाओं की भागीदारी अधिक रही जो भयंकर भीड़ व व्यवस्थाओं की चिंता न करते हुए महाकुंभ की ओर श्रद्धा रूपी जल के साथ भागीरथी सी बहती जा रही थी। कुछ ऐसी भी महासंकल्पित महिलायें थी जो गर्भावस्था में भी महाकुंभ जाने से वंचित नहीं रहना चाहती थी और ऐसी लगभग 11 माताओं ने अपनी सनातनी संतानों को महाकुंभ प्रयागराज के पावन संगम पर जन्म देकर सौभाग्य प्राप्त किया। महाकुंभ 2025 में 7,000 से ज़्यादा महिलाओं ने संन्यास लिया। इनमें से 246 महिलाओं को नागा संन्यासिनी की दीक्षा दी गई। उल्लेखनीय है कि इनमें अधिकतर महिलाएं उच्च शिक्षित और आत्म चिंतन के लिए पहले से ही जुड़ी हुई थीं। इन महिलाओं को जूना अखाड़ा, पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा, और वैष्णव संन्यासियों के धर्माचार्यों ने दीक्षा दी। कुंभ में महिला अखाड़ों में दशनाम संन्यासिनी अखाड़ा और परी अखाड़ा प्रमुख हैं। कुंभ में महिला संन्यासियों की तपश्चर्या बहुत कठिन होती है। बिना विचारे बातें करने वाले बुद्धिजीवियों को कभी इनकी दिनचर्या पर शोध करना चाहिए। माता जीजाबाई से प्रभावित होकर अहिल्याबाई ने भारतवर्ष की पावन धरती पर जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह अविस्मरणीय है। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के छौंड़ी गांव में 31 मई 1725 को उत्पन्न देवी अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की सम्मानीय रानी थी। वे मल्हारराव होल्कर की पुत्री थी। उन्हें लोकमाता और पुण्यश्लोक की उपाधि से भी जाना जाता है। उनके पिता मंकोजी राव शिंदे गांव के पाटिल थे। उन्होंने मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति की तथा धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में अहम योगदान दिया। माहेश्वर को अपनी राजधानी बनाकर राज्य की सीमाओं से बाहर भी कई मंदिर बनवाए। भूखों के लिए अन्नसत्र और प्यासों के लिए प्याऊ बनवायें। समाज के उत्थान के लिए निरंतर काम करने वाली अहिल्याबाई ने न्याय के लिए अपने बेटे तक को रथ के नीचे कुचलवाकर मारने की ठान ली थी। महाराणी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण और लोकहित के लिए सतत् कार्य करती रही। धर्म के प्रचार-प्रसार और सनातन संस्कृति के संरक्षण में अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने लोगों के लिए धर्मशालाएं बनवाई। औरंगज़ेब द्वारा तोड़े गए कई मंदिरों का पुनः जीर्णोद्धार करवाया। प्रजा पर लगाये गये अनावश्यक कई राज्य कर भी समाप्त किये तथा ऐसी योजना चलाई कि राज्य किसानों को खेती करने के लिए धन देता था तत्पश्चात उपज का आबंटन भी नियमानुसार होता था। इसी तरह हाडा रानी का इतिहास रोंगटे खड़े कर देता है। हाड़ी रानी राजस्थान में हाड़ा चौहान राजपूत की बेटी थीं और उनका ब्याह रतन सिंह चूड़ावत से हुआ था। रतन सिंह मेवाड़ के सलुम्बर के सरदार थे। हाड़ी रानी ने अपने पति को रणक्षेत्र में उत्साहित करने हेतु जीवन का उत्सर्ग कर दिया था।

उजियारे की आस में गांव

ांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति भी बिजली की कमी के कारण दयनीय बनी हुई है। चिकित्सा उपकरणों को चलाने के लिए बिजली आवश्यक होती है, लेकिन इसकी कमी के कारण कई बार मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां कार्यरत निर्मला सारस्वत कहती हैं कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी, बिजली नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र की समस्या भी बढ़ती जाएगी। सबसे अधिक दिक्कत यहां लगे वाटर प्यूरीफायर की हो जाती है। जो बिजली नहीं होने से काम करना बंद कर देता है। बिजली और पानी की समस्या ने गांव वासियों को अपनी जन्मभूमि छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। रोजगार के अवसरों की कमी और

हमारे देश में आज भी गांव और शहर के बीच बहुत बड़ा अंतर है। सुख सुविधाओं के मामले में अगर शहर अच्छा है तो गांव का वातावरण शहर की तुलना में बेहतर नज़र आता है। लेकिन बात जब बुनियादी सुविधाओं की आती है तो यही गांव शहर से काफी पीछे नज़र आता है। हालांकि शहर के करीब आबाद गांवों तक ऐसी सुविधाएं फिर भी पहुंच जाती हैं लेकिन आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां बुनियादी सुविधाओं का या तो पूरी तरह से अभाव है या फिर बहुत कम देखने को मिलता है। इन बुनियादी आवश्यकताओं में बिजली प्रमुख है। जिसके बिना आज जीवन मुश्किल नजर आता है। लेकिन राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का राजपुरा हुडान गांव इसी बुनियादी कमी से जूझ रहा है।

कविता शर्मा

दरअसल, बीकानेर के ग्रामीण अंचलों में बिजली की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। गांवों में उगते सूरज की सुनहरी किरणें जब खेतों को छूती हैं, तब किसानों की उम्मीदें भी जगती हैं, लेकिन जैसे-जैसे सूरज ढलता है, अंधेरा केवल राजपुरा हुडान गांव के आसमान में ही नहीं, बल्कि उनके रोज़मर्रा के जीवन में भी उतर आता है। बिजली की कमी ने इस गांव की प्रगति को जैसे रोक दिया हो, इससे केवल ग्रामीण जीवन ही प्रभावित नहीं हो रहा है, बल्कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-यापन के सभी पहलू प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में गांव के 55 वर्षीय आत्माराम, जो खेती किसानी करते हैं, कहते हैं कि हमारे जीवन का एकमात्र आधार कृषि और पशुपालन है, लेकिन बिजली की अनियमित आपूर्ति ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। खेतों की सिंचाई के लिए मोटरों का उपयोग किया जाता है, लेकिन बिजली की अनुपलब्धता से हम किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पानी के अभाव में फसलें सूखने लगती हैं, जिससे हमारी मेहनत पर पानी फिर जाता है।÷ वह कहते हैं कि बिजली नहीं होने से हमारी फसलें खराब हो जाती हैं, और हमें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। अगर बिजली नियमित रूप से मिले, तो हमारी मेहनत सफल हो सकती है। वहीं दूसरी ओर मवेशियों को पानी पिलाने में भी कठिनाइयां आती हैं।

बिजली की कमी का असर केवल खेती किसानी पर ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। विद्यार्थी रात में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होती है। डिजिटल शिक्षा के इस युग में जहां बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं से लाभ उठा सकते हैं, वहीं राजपुरा हुडान गांव में बिजली की कमी इस संभावना को सीमित कर रही है। आंगनबाड़ी में पढ़ने आने वाले छोटे बच्चे भी गर्मी और सुविधाओं के अभाव में परेशान रहते हैं। इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तीजा बाई बताती हैं, गर्मी के दिनों में बिजली की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई में बाधा आती है। वह केंद्र में आना नहीं चाहते हैं। अगर सही व्यवस्था हो जाए, तो इन बच्चों का भविष्य संवर सकता है।

वहीं गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति भी बिजली की कमी के कारण दयनीय बनी हुई है। चिकित्सा उपकरणों को चलाने के लिए बिजली आवश्यक होती है, लेकिन इसकी कमी के कारण कई बार मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां कार्यरत निर्मला सारस्वत कहती हैं कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी, बिजली नहीं होने से स्वास्थ्य केंद्र की समस्या भी बढ़ती जाएगी। सबसे अधिक दिक्कत यहां लगे वाटर प्यूरीफायर की हो जाती है। जो बिजली नहीं होने से काम करना बंद कर देता है। बिजली और पानी की समस्या ने गांव वासियों को अपनी जन्मभूमि छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। रोजगार के अवसरों की कमी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। इस संबंध में खेता देवी, जो 45 वर्ष की हैं, बताती हैं, हमने कई बार इस समस्या के लिए उचित मंचों से आवाज़ भी उठाई, लेकिन अभी तक इसका स्थाई समाधान नहीं निकला है। बिजली और पानी के बिना लोग गांव में कैसे रह सकते हैं? इसी मजबूरी में वह शहर की ओर पलायन करने लगे हैं। वह कहती हैं कि यह समस्या केवल राजपुरा हुडान गांव की नहीं, बल्कि आसपास के कई गांव इस संकट से जूझ रहे हैं। 28 वर्षीय हेमलता जो एक गृहणी हैं, कहती हैं कि बिजली नहीं होने से मेरा काम ज़्यादा बढ़ जाता है। घर के काम के अतिरिक्त पानी के लिए बाहर जाना पड़ता है। हालांकि घर में मोटर पंप है लेकिन जब बिजली ही नहीं होगी तो वह कैसे चलेगा?

बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी गांव या क्षेत्र के विकास की नींव होती है। यदि इनका उचित प्रबंध किया जाए, तो ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। गांव में बिजली की उपलब्धता से न केवल खेतों में हरियाली आएगी, बल्कि बच्चों के भविष्य में भी उजाला होगा। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार होगा, जिससे पलायन की समस्या पर काबू पाया जा सकता है। यह केवल बिजली की समस्या तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसे जोड़ने की जरूरत है।

इस संकट से निपटने के लिए सौर ऊर्जा एक बेहतरीन समाधान हो सकता है। राजस्थान के कई गांवों में सौर ऊर्जा प्रणालियाँ लगाई गई है, जिससे वहां बिजली की स्थिति में सुधार हुआ है। यदि राजपुरा हुडान और इसके जैसे अन्य गांवों में भी इसे स्थापित किया जाए, तो बिजली की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। इसके लिए स्थानीय संगठनों और ग्रामीणों को इस दिशा में साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जिससे बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। गांव के अंधेरे को दूर करने और उजियारे की आस को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की ज़रूरत है, ताकि हर घर में रोशनी फैले और गांव में विकास की लौ जले।

कुशीनगर में अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा का बंडल गायब

अवधनामा ब्यूरो

- जनता इंटरमीडिएट कालेज सोहसा मठिया का मामला
- देर शाम तक केन्द्र पर नही जमा हुआ था कॉपी का बंडल, डीआईओएस कार्यालय में अफरा तफरी

कुशीनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा की रिजर्व में रखे गए पेपर से परीक्षा कराने का मामला अभी शान्त भी नही हुआ कि जनपद के जनता इंटरमीडिएट कालेज सोहसा मठिया केन्द्र पर शुक्रवार को प्रथम पाली में संपन्न हुए अंग्रेजी विषय के परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का बंडल गायब होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिले में इस बात की चर्चा सरेआम है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा रिजर्व पेपर लीक के मामले विद्यालय के खिलाफ विधिक व विभागीय कार्रवाई की गई होती तो सोहसा मठिया में लापरवाही के कारण कापी का बंडल गायब नही होता। रात्रि आठ बजे तक डीआईओएस कार्यालय पर अफरा तफरी मचा रहा, मुकदमा कौन दर्ज कराए इसको लेकर मंथन चल रहा है। सवाल यह उठता है कि अब छात्रों के भविष्य का क्या होगा? इसके लिए जिम्मेदार कौन है कही ऐसा तो नही कि इस मामले को भी विभाग-ए-हुक्मरान अफवाह का रुप देने की योजना गढ़ रहा है। सबब यह है कि प्रथम पाली का बंडल गायब होने के बाद अब तक मुकदमा दर्ज नही कराया गया। हालाकि इस संबध में संकलन केन्द्राध्यक्ष उमेश उपाध्याय से जब बात की गई तो उन्होने कहा कि वह डीआईओएस के पास है बाद मे बात करते है। इसके बाद डीआईओएस के सरकारी मोबाइल पर संपर्क किया गया लगातार चार बार पूरी घंटी बजती रही लेकिन डीआईओएस ने फोन रिसीव नही किया।

नेशनल कम्प्यूटर प्रतियोगिता में छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों हर्षित श्रीवास्तव एवं उत्कर्ष सहाय ने नेशनल कम्प्यूटर प्रतियोगिता 'कम्प्यूडॉन' में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। डिजिटल लिट्रेसी पर आधारित यह प्रतियोगिता इण्डिया साइबर लर्निंग प्रा. लि. के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों से हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि आगे चलकर ये मेधावी छात्र अपने ज्ञान व मेधात्व के दम पर भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाने को तत्पर हैं।

श्री खन्ना ने बताया कि वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है। सी.एम.एस. में पूरे वर्ष विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, कम्प्यूटर, रोबोटिक्स, एक्ट्रोनॉमी, संगीत, खेलकूद आदि विषयों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाती हैं जिनमें देश-विदेश के छात्र एक मंच पर विभिन्न प्रतिस्पधाओं के माध्यम से अपने ज्ञान-विज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। ऐसे आयोजनों से एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच तो उपलब्ध होता ही है साथ ही उनमें आत्मविश्वास का संचार भी होता है।

'नशा व दहेज समाज की वो कुरीति है जिसको मिटाया जाना अत्यन्त जरूरी'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। महामहिम राज्यपाल महोदया के आह्वान पर शिया महाविद्यालय में पढ़े विश्वविद्यालय-बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम के प्रथम चरण में सामूहिक पुस्तक पाठ किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कार्यक्रम में सम्मिलित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा नषा मुक्त भारत एवं दहेज मुक्त भारत की शपथ ली गयी। इसी के साथ महिला दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ रॉबिन वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं संविधान में दिये गये महिला अधिकारों से अवगत कराया और कार्यक्रम के अन्त में डॉ वर्मा द्वारा संविधान की संक्षिप्त पुस्तिका, महिलाओं से जुड़ा प्रेरक साहित्य एवं स्टेशनरी वितरित की गयी।

प्राचार्य प्रो एसएसआर बाकरी ने बताया कि नशा एवं दहेज समाज की वो कुरीति है जिसको समाज से मिटाया जाना अत्यन्त आवश्यक है और आप लोग ही इसे समाज से मिटा सकते हैं। निदेषक एससीडीआरसी डॉ प्रदीप शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया और बताया गया कि पुस्तके समाज की वास्तविकता से अवगत कराती है।

आयोजन में मुख्य रूप से प्रो टीएस नकवी, प्रो जमाल हैदर जैदी, प्रो अंजुम अबरार, प्रो शबी रजा, प्रो जर्रीन ज़ेहरा रिज़वी, प्रो सै सादिक हुसैन आबिदी, प्रो फरहा एम रिजवी, प्रो आगा परवेज मसीह, प्रो फहीम हसन, प्रो एमएस बेग, डॉ मोहसिन रज़ा, डॉ नगीना बानों, डॉ सीमा राना, डॉ केएम जैदी, डॉ अरमान तकवी, डॉ अजयवीर, डॉ केपी तिवारी, डॉ अम्बरीष उपाध्याय, डॉ केसी दूबे, डॉ छत्रपाल, डॉ वहीद आलम, डॉ प्रबोध गर्ग, डॉ अंकुर सिंह, डॉ बेबी सफिया, डॉ मुमताज बानों, डॉ रूबी काज़मी, डॉ नफीस हासिम रिज़वी, डॉ रवि प्रताप सिंह, डॉ कुँवर जय सिंह, डॉ वसी रज़ा, डॉ मसरूर, डॉ मधूलिका चैधरी व डॉ राबिन वर्मा सहित समस्त षिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्रों ने दहेज प्रथा और नशाखोरी के खिलाफ ली शपथ



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के निर्देशन में पढे महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम तथा दहेज एवं नशा के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सहयोग से शिक्षकों एवं छात्र.छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस जन अभियान की पहली शपथ कॉलेज के वाणिज्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष बीक्यू आगा ने दिलाई। भारत में दहेज से मुक्ति के लिए शपथ ली गई तथा विद्यार्थियों को दहेज के विरुद्ध जागृत किया गया। दूसरी शपथ में डॉ. मनीष टोडरिया ने भारत को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिलशाद अहमद अंसारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि किस प्रकार नशाखोरी और दहेज जैसी बुराइयों से मुक्त होकर समाज को पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों बुराइयों से मुक्त रहना ही शिक्षित और बुद्धिजीवी वर्ग की पहचान है।

बुल्डोजर अन्याय की सुप्रीम कोर्ट में उघड़ रही परतें : भाकपा

लखनऊ। भाकपा (माले) ने कहा है कि योगी सरकार के बुल्डोजर अन्याय की सुप्रीम कोर्ट में परतें उघड़ रही हैं, लेकिन फिर भी सरकार मनमानी पर उतारू है। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बुल्डोजर न्याय पर योगी सरकार की लगातार आलोचना कर रहा है, लेकिन सरकार उससे कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। बुधवार (5 मार्च) को शीर्ष कोर्ट ने सरकार को एक बार फिर कड़ी फटकार लगाई। ताजा मामला प्रयागराज का है, जहां गैर कानूनी बुल्डोजर कार्रवाई कर एक प्रोफेसर, एक वकील व अन्य परिवारों के घर 2021 में ढहा दिए गए थे। इसे पूर्व सांसद अतीक अहमद की संपत्ति मानकर सरकार ने आनन फानन में कार्रवाई की थी, जबकि ढहाए गए घरों के मालिक जमीन के लीज होल्डर थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि ढहाए गए घरों को सरकारी खर्चे पर फिर से बनाकर देने का आदेश पारित कर सकते हैं।

आज निकलेगी खाटू श्याम की निशान यात्रा, शाम को होगा भव्य संकीर्तन

अवधनामा संवाददाता

- विभिन्न ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे प्रस्तुति, बाबा को अर्पित किए जाएंगे छप्पन भोग

मथुरा। श्री कृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा आठ मार्च को आयोजित होने वाले खाटू श्याम बाबा के द्वितीय फाल्गुन मेले की तैयारियां पदाधिकारियों ने पूर्ण कर ली हैं। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तों को रिझाएंगे। इससे पूर्व शहर में निशान यात्रा निकली जाएगी। शाम को बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के संरक्षक सुनील गोयल ने बताया कि शनिवार को प्रातः नौ बजे बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा का शुभारंभ ठा. द्वारिकाधीश मंदिर से होगा जो स्वामी घाट, चौक बाजार, मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पहुंचकर संपन्न होगी। शाम सात बजे से मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित होटल ड्यूक पैलेस में बाबा श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी भजन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। संरक्षक पदम गोयल ऑटो पार्ट्स वालों ने बताया कि कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए इत्र-पुष्प वर्षा के अलावा कैला मैया, मेंहदीपुर बालाजी और सालासर बालाजी का दरबार सजाने के लिए कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। अंत में ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली होगी। समापन महाआरती के साथ होगा। पारस अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले भक्तों के लिए 10 लकी ड्रा भी रखे गए हैं जिसके तहत उन्हें 20 ग्राम के चांदी के सिक्के भी प्रदान किए जाएंगे।

ग्रामीणों को भी उत्पाती बंदरों से मिले मुक्ति!

मथुरा। नगर निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं और महानगर की जनता को उत्पाती बंदरों से राहत दिलाने के लिए संस्था को लगाया हुआ है। संस्था ने अब तक हजारों मथुरा वृंदावन से हजारों बंदरों को पकड़ कर कहीं छोड़ दिया है।

भाकियू चढ़ूनी प्रवक्ता एवं मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल रामवीर सिंह तोमर ने मांग की है कि बंदरों को पकड़ कर छोड़ने से पहले प्रशासन को बंदरों के पुनर्वास के लिए ठोस योजना पर काम करना चाहिए क्योंकि इस तरह छोड़ने से भूखे बंदर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में घुस सकते हैं और पहले से ही उत्पाती बंदरों से परेशान ग्रामीणों के साथ गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

एडवांस टैक्स पर जागरूकता बैठक हुई आयोजित

सुलतानपुर। आयकर अधिकारी रामकरन गौतम ने अवगत कराया कि आयकर भवन सुलतानपुर में टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ एडवांस टैक्स पर जागरूकता लाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एडवांस टैक्स के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को जागरुक किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में राम करन गौतम आयकर अधिकारी सुल्तानपुर, बृजेश राजोरिया आयकर अधिकारी एवं आनंद मिश्रा आयकर अधिकारी द्वारा कुल 45 प्रतिभागियों के समक्ष व्याख्यान दिया गया।

जन औषधि से लोगों को मिलने वाले लाभ पर हुई चर्चा

सुल्तानपुर। स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में जन औषधि से मिलने वाले लाभ पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डां.जे.सी सरोज द्वारा की गई। डां.सरोज ने जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाईयों की गुणवत्ता तथा मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया की जनपद के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन औषधि काउंटर है। आम जनमानस को इसका लाभ मिल रहा है। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। उक्त अवसर पर शोभनाथ मिश्रा चीफ फार्मासिस्ट ,शशिकांत मिश्रा चीफ फार्मासिस्ट सीएमएसडी,लक्ष्मण स्वरुप श्रीवास्तव चीफ फार्मासिस्ट, अजीत सिंह चीफ फार्मासिस्ट, अमरनाथ श्रीवास्तव फार्मासिस्ट, संतोष उपाध्याय फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।

दहेज मुक्त एवं नशा मुक्ति भारत के लिए शपथ ली

मथुरा। किशोरी रमण महाविद्यालय, मथुरा में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक के संयोजन मे उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देश पर पढे विश्वविद्यालय बड़े विश्वविद्यालय तथा पढे महाविद्यालय एवं बड़े महाविद्यालय के तहत दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के प्रतीक पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि दहेज प्रथा आज एक जहर की तरह हमारे सामाजिक संबंधों में फैल गया है। साथ ही नशा मुक्ति के संबंध में प्राचार्य ने कहा कि नशा आज युवा पीढ़ी, समाज एवं पर्यावरण के लिए एक बहुत बड़ा घातक सिद्ध हो रहा है। भारत के जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमको इसका उन्मूलन परिवार और समाज से किया जाना आवश्यक है।

'निजीकरण रूपी सुधार योजना जिस पर वह मंथन कर रहे उसमें कोई ईगो नहीं'

अवधनामा संवाददाता

- 18 घंटे रोस्टर से भी काम 12-14 घंटे मिल रही बिजली निजीकरण का यह है हाल

लखनऊ। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री का मानना है कि वह प्रदेश के उपभोक्ताओं के हित में जो भी कुछ कर रहे हैं उनकी कोई को नहीं है दक्षिणांचल पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण पर उनका मानना है कि इससे 24 घंटा विद्युत आपूर्ति सुलभ होगी माननीय ऊर्जा मंत्री की बात पर गौर किया जाए तो निजीकरण से प्रदेश में 24 घंटे बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा उपभोक्ता परिषद आज एक बड़ा खुलासा करने जा रहा है उपभोक्ता परिषद ने कहा 1993 में नोएडा पावर कंपनी निजी क्षेत्र में दी गई आज वहां लगभग 1 लाख 53000 के करीब विद्युत उपभोक्ता है लेकिन दुर्भाग्य की बात है की 33 साल से ज्यादा हो गए लेकिन नोएडा पावर कंपनी के ग्रामीण व गावो को आज भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं मिल पाई एक छोटे से डिवीजन के बराबर निजीकरण के क्षेत्र में 24 घंटे बिजली जब नहीं उपलब्ध हो पाई तो माननीय ऊर्जा मंत्री जी आप किस तर्क के आधार पर निजीकरण के भरोसे 24 घंटे बिजली देने की बात कर रहे हैं उपभोक्ता परिषद ने भाजपा सरकार बनते ही तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के सामने जब यह मुद्दा उठाया की नोएडा पावर कंपनी क्षेत्र में गांव को 24 घंटे बिजली क्यों नहीं दी जा रही है रोस्टर से भी कम बिजली मिल रही है उस समय ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव की तरफ से नोएडा पावर कंपनी को ग्रेटर नोएडा के क्षेत्र में गांव में कम बिजली देने के लिए नोटिस भी जारी किया गया आज भी वहां ग्रामीण व गांव के लोग इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि रोस्टर के मुताबिक गांव को 18 घंटे बिजली मिलनी चाहिए लेकिन 12 से 14 घंटे से ज्यादा बिजली वहां नहीं मिलती। बिजली दर की सुनवाई में हमेशा यह मुद्दा छाया रहता है।

उपभोक्ता परिषद ने कहा अब उत्तर प्रदेश सरकार व पावर कारपोरेशन को 100 दिन बीत गए निजीकरण पर एक कंसलटेंट भी नहीं मिल पाया इसलिए अब उन्हें अपनी हार मानकर आगे गर्मी में 100 दिन का ऐसा प्लान बनाना चाहिए कि गांव की जनता शहर की जनता सभी को गर्मी में 24 घंटे बिजली भारत सरकार के कानून के तहत उपलब्ध हो पाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश सरकार हो या प्रदेश की जनता हो सभी को यह समझ लेना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्र को 24 घंटे बिजली उद्योगपति के सहारे नहीं मिल पाएगी इसीलिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमेशा कहा करते थे की बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में यानी सरकारी क्षेत्र में रहनी चाहिए सस्ती नहीं और बहुत सस्ती होनी चाहिए।

यात्रियों की परेशानी खत्म करेंगी स्पेशल ट्रेनें, इन रूटों पर चलेंगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होली पर नियमित ट्रेनों में वेटिंग से यात्री परेशान हैं। इनकी सुविधा के लिए दो फेस्टिवल (त्योहार) स्पेशल ट्रेनें शुक्रवार से चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें लखनऊ से साबरमती व अमृतसर से कटिहार वाया लखनऊ संचालित की जाएंगी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि उत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से 04280 लखनऊ साबरमती होली स्पेशल सात मार्च को चारबाग से दोपहर 12:10 बजे रवाना होकर कानपुर, टुंडला, आगरा, भरतपुर, जयपुर, अजमेर होते हुए अगली सुबह 11:45 बजे साबरमती पहुंच जाएगी।

04680 अमृतसर कटिहार त्योहार स्पेशल भी सात मार्च को चलेगी। ये ट्रेन अमृतसर से रात 8:10 बजे रवाना होकर जालंधर, लुधियाना, अंबाला, मुरादाबाद, बरेली होते हुए चारबाग स्टेशन सुबह 11:20 बजे तथा कटिहार अगली सुबह साढ़े दस बजे पहुंचेगी।

जांच में फर्जी मिला नेत्र चिकित्सालय हुआ सीज

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में फर्जी तरीके से बगैर डिग्री खुद को डाक्टर बताने वालो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है,तहसील, ब्लॉक यहातक की शहर में उच्चधिकारियों के नाक के नीचे बैठकर मरीजों को ठग तो रहे ही है,उ नके जीवन के लिए संकट भी बने हुए है, हालांकि शिकायतों पर स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई भी करता है,परंतु एक पर कार्रवाई होती है तो तीन और पैदा हो जाते है,शुक्रवार को एक शिकायत को संज्ञान में लेकर नोडल डां.राधावल्लभ, वरिष्ठ सहायक विजय राय,डाटा इंट्री आपरेटर मनोज चौरसिया,वाहन चालक मो.वसीम व कोतवाली नगर पुलिस की मौजूदगी में रफीउद्दीन मेमोरियल आई हांस्पिटल पर छापा मारा गया जो बंद मिला,उसी हांस्पिटल के भूमिगत तल पर एक और सुल्तानपुर चेस्ट एण्ड हार्ट क्लीनिक के नाम से संचालित था, जिसपर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया, डां.राधावल्लभ ने बताया की अवैध रूप से संचालित हांस्पिटल पर कार्रवाई करने के पश्चात जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत करा दिया है, नोडल डां.राधावल्लभ ने कहाकि अवैध रूप से संचालित नर्सिंगहोम, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग त्वरित कार्रवाई करता है।

सामूहिक विवाह में 299 से जोड़ों लिए सात फेरे

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के ब्लॉक बल्दीराय तथा कूरेभार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकास खंड बल्दीराय और कूरेभार प्रांगण में संपन्न हो रहे इस सामूहिक विवाह में 299 से अधिक जोड़ों का विवाह कराया गया है। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न ब्लॉकों से आए जोड़ों की संख्या इस प्रकार है। बल्दीराय से 99 जोड़े, कूरेभार 141 जोड़े, पीपी कमैंचा 49 जोड़े, दोस्तपुर 9 जोड़े और अखंडनगर 1 जोड़ा शामिल रहे। मौके पर नायब तहसीलदार बल्दीराय गुलाब सिंह, कूरेभार खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी, एडीओ पंचायत प्रकाश मिश्र, समाज कल्याण विभाग के मुदित शंकर, विकास अधिकारी पुष्पेंद्र वर्मा, बल्दीराय एडीओ समाज कल्याण अरविंद रावत और विपिन यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए दोनों ब्लाकों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। ताकि यह आयोजन बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

छात्राओं को सुनाई ब्रेव वूमेन्स की सफलता कहानी

प्रो. विजी मोल बोलीं, स्त्रियां ईश्वर की अद्वितीय कृति, प्राचार्य प्रो. अनुराग बोले, स्त्रियां शक्ति स्वरूपा

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन ने कहा, महिलाओं का देश के उत्थान में अतुलनीय योगदान है, लेकिन नारी के लिए सम्मान आग्रह की विषय वस्तु नही है। हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सर्वश्रेष्ठ करें। उन्होंने एथलीट प्रीति मंधाना, प्रथम कमांडो ट्रेनर सीमा राव सरीखी महिलाओं के संघर्षो से सफलता की कहानी छात्राओं से साझा की। श्रीमती जैन टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज में महिला दिवस पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व श्रीमती जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की एचओडी प्रो. विजीमोल ने बतौर मुख्य वक्ता, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा, डॉ. आशीष सिंघई आदि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करके सेमिनार का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता प्रो. विजी मोल ने कहा, स्त्रियां ईश्वर की अद्वितीय कृति हैं, जो कोमलता का प्रतिरूप होकर भी अत्यंत सशक्त और शक्तिशाली है। उन्होंने यौन हिंसा, वैचारिक और शारीरिक हिंसा के प्रति जागरूक रहने और इनके खिलाफ आवाज बुलंद करने पर जोर दिया। प्रो. मोल बोलीं, डॉक्सिंग महिलाओं को धमकाने की प्रक्रिया है, जिसमें वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जाती है। उन्होंने केरल की जैस्मिन मूसा की सफ़लता और संघर्षो की कहानी भी बताई।

फार्मेसी के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा ने कहा, स्त्रियां शक्ति स्वरूपा हैं। जननायिकाएं हैं। भारत कोकिला सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, मीराबाई, डॉ. डेज़ी थॉमस आदि का भारतीय स्वतंत्रता, राष्ट्र उत्थान और विकसित राष्ट्र की संकल्पना में अद्वितीय योगदान रहा है। भारत की संस्कृति, समाज, विज्ञान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमशीलता सरीखे क्षेत्रों में महिलाओं की अविस्मरणीय भूमिका है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए लैंगिक समानता, शिक्षा मे विस्तार, आर्थिक संपुष्टिकरण और कानूनी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में बी फार्मा के छात्र देवांश ने मां दुर्गा भक्ति स्त्रोत्र महिषासुर मर्दिनी पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों को ऊर्जान्वित कर दिया। फार्म डी की छात्रा सल्तनत ने मैं सोच भी बदल देती हूं, नजरिया भी बदल देती हूं.कविता सुनाई। बीफार्मा छात्रा रिचा ने महिला शक्ति और सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। सेमिनार में डॉ. अनुराधा पंवार, प्रो. फूलचंद, प्रो. मयूर पोरवाल, डॉ. राजेश शर्मा, मिस कोमल, मिस दीक्षा आदि के संग-संग फार्मेसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रियंका श्रीवास्तव को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के अंतर्गत कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुलतानपुर की वाणिज्य संकाय में अध्यापन कार्य करने वाली सहायक आचार्या प्रियंका श्रीवास्तव को डॉक्टर ऑफ़ फ़िलोस्फी - पीएचडी की उपाधि मिली है। प्रियंका श्रीवास्तव पुत्री श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अपना शोध प्रबन्ध, प्रोफेसर (डॉ) जय शंकर शुक्ल के निर्देशन में ए कंप्रेटिव स्टडी ऑफ परफॉरमेंस ऑफ़ एम्प्लाइज इन पब्लिक एंड प्राइवेट लाइफ इन्शुरेन्स कंपनीज़ विद स्पेशल रिफरेन्स टू अयोध्या डिवीज़न ऑफ़ उत्तर प्रदेश शीर्षक पर पूर्ण किया।

प्रियंका, छात्र जीवन से ही मेधावी रहीं, वाणिज्य स्नातक तथा परास्नातक के एन आई से शिक्षा प्राप्त कर, एम बी ए की भी शिक्षा अर्जित कर, केएनआई सुल्तानपुर के वाणिज्य संकाय में सहायक आचार्य के पद पर भी कार्य करना प्रारम्भ किया। डॉ शुक्ल के निर्देशन में कई डॉक्टरेट की उपाधि मिल चुकी है, प्रियंका श्रीवास्तव सोलहवी शोध छात्रा थी। डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त होने पर प्रियंका श्रीवास्तव को वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ राशिद अली, डॉ जगराम निषाद, डॉ वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अनंत रत्न सिंह ,गोमती प्रसाद राय, ऋषिकेश पाण्डेय, लवकुश, तिलक राज ने बधाई दिया तथा सभी ने मिठाई खिला कर खुशी मनाई।

सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखें नागरिक : मंडल अधिकारी

■ कस्वा भ्रमण के बाद ईओ से वार्ता कर कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा संवददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। समधन नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मंडल अधिकारी पलक शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान की स्थिति का जायजा लिया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शुक्रवार को नगर पंचायत समधन में निरीक्षण के दौरान मंडल अधिकारी पलक शर्मा ने कस्वे के वार्डों में कूड़ा उठाने, साफ-सफाई की व्यवस्था और विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों की स्थिति, कचरा निस्तारण के उपायों और जल निकासी व्यवस्था की जांच की। उन्होंनें कर्मचाारियों को सभी वार्डों में नियमित सफाई किये जाने और कूड़ा एकत्रण के बाद उसे निर्धारित स्थानों पर सही तरीके से डिस्पोज किये जानें के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नागरिकों से नगर पंचायत में सार्वजनिक स्थानों, बाजार और सड़कों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और कहा कि स्वच्छता का जिम्मा केवल नगर पंचायत का नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी है। उन्होंने अधिसाषी अधिकारी सुनील कमार को यह भी निर्देश दिया कि स्वच्छता से संबंधित शिकायतों का समाधान त्वरित गति से किया जाए। ताकि कस्वे में साफ-सफाई की स्थिति बेहतर हो सके। इस दौरान दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार मौजूद रहे।

उनकी मेहनत व योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता

अवधनामा संवददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पालिका परिषद कार्यालय में विदाई समारोह आयोजन किया गया। जिसमें सेवा से निवृत्त सफाई कर्मी रामबाबू को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने उन्हें फूल मालायें पहनाकर व शॉल ओडाकर सम्मानित किया।

पालिका परिसर में आयोजित बिदाई समारोह में सेवा से निवृत्त होने बाले सफाई कर्मी रामबाबू को फूल मालायें पहनाकर व शॉल ओडाकर सम्मानित कर उपहार भेंट करनें के उपरान्त चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा कि आपकी मेहनत और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपने नगर पालिका के नागरिकों के लिए हमेशा अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाई है, और हम आपके इस योगदान के लिए आभारी हैं। वहीं अन्य पालिका कर्मियों ने भी सफाई कर्मी को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस बिदाई समारोह में सफाई कर्मी के साथ काम करने वाले सभी साथी भी उपस्थित थे सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सफाई कर्मी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, वीरसिंह, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, प्रसन्नजीत मिश्रा, दीपक सिंह, अशोक कुमार सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

खड़े ट्रक से बाइक टकराई एक की मौत, दो घायल

महोबा। चिचारा बरभौली मार्ग पर बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे बाइक चालक की मौत हो गई जबकि दो अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए,ग्रामीणों की मदद से उन्हे खन्ना अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा कबरई के मुहल्ला किदवई नगर निवासी नीरज खरे 24 अपने साथी शहर के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी लल्लू 25 और अजय 20 के साथ महोबा से थाना खन्ना के ग्राम बरभौली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, गुरूवार की रात को शादी समारोह से लौटते समय चिचारा और बरभौली के बीच सड़क पर ट्रक से बाइक टकरा गई, जिससे बाइक चालक नीरज खरे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, और उसके दोनो साथी बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर गिर गए। चीख पुकार सुनकर दोनों घायलों को ग्रामीणों ने खन्ना अस्पताल पहुंचाया बाद में पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजानों को सूचना दी, परिजनों ने घायलों को कानपुर के लिए रेफर कराया।

होली के नाम पर एएमयू में माहौल बिगाड़ने का प्रयास, एआइपीएमएम ने की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) में करणी सेना और कुछ अन्य संगठनों द्वारा अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने की कड़ी निंदा करता है। विश्वविद्यालय प्रशासन के स्पष्ट नियमों के बावजूद बाहरी तत्वों द्वारा रू परिसर में जबरन प्रवेश करने और होली के नाम पर राजनीतिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास करना जो कि एक सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है। एएमयू भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है, जहाँ समावेशिता, विविधता और आपसी सद्भाव की संस्कृति हमेशा बनी रही है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और उसके अनुशासनात्मक नियम किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। एएमयू प्रशासन का नियम है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना अनुमति के परिसर में किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं कर सकता। इस नीति का उद्देश्य न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा और सुरक्षा बनाए रखना है, बल्कि इसे सांप्रदायिक और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखना भी है। बाहरी तत्वों के प्रवेश से अराजकता फैलने और असामाजिक गतिविधियों के बढ़ने की आशंका रहती है।

अनियंत्रित टैंकर पलटने से चालक की मौत, मचा कोहराम

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम बीते बुधवार को देररात एक टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया था। हादसे में चालक गंभीर घायल हो गया था। स्थानीय सीएचसी ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां गुरुवार को घायल चालक की इलाज के दौरान आधी रात को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कानपुर के इंडियन ऑयल डिपो से डीजल भरकर एक टैंकर बीते बुधवार को लखनऊ की ओर जा रहा था तभी बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम मदार नगर के निकट बीते बुधवार को देररात अचानक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया था। हादसे में टैंकर चालक गंभीर घायल हो गया था। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा हालत नाजुक देखकर घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था किंतु चालक की दशा नाजुक होने के कारण उसका नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका था। बीते गुरुवार को आधीरात के समय इलाज के दौरान घायल चालक की मौत हो गई। इंडियन आयल डिपो कानपुर के अधिकारियों की सूचना पर मृतक का भाई परदेशी आज शुक्रवार की सुबह यहां की कोतवाली आया।

शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई

अवधनामा संवददाता

महोबा। शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं आगामी पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव समीक्षा, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएम एस एम दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आरडी प्रगति, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी एमओआईसी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। अर्बन क्षेत्र में खराब स्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। राष्ट्रीय बाल कार्यक्रम के तहत 19 बच्चों का इलाज चल रहा है जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीज की आभा आईडी बनवाई जाए और लोगों को आभा आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने चरखारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के टीकाकरण की फीडिंग 100 प्रतिशत की जाए। जिलाधिकारी ने कबरई सीएचओ को निर्देश देते हुए कहा कि पुरुष नसबंदी को बढ़ावा दिया जाए तथा पुरुष नसबंदी के लिए लोगों को प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 70 साल से ऊपर बुजुर्गो के सभी के आयुष्मान कार्ड बनवाये जाए और कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को 100 प्रतिशत भुगतान किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, सीएमएस डा पवन अग्रवाल, डॉ बीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अवैध गुटखा सहित तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवददाता

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में जनपद महोबा में विधि विरुद्ध क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखने व ऐसे आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु प्रचलित अभियान ऑपरेशन धरपकड़÷ अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान हमीरपुर-सागर रोड एक्सप्रेस वे की तरफ नहर पुलिया के पास वहद कस्बा खन्ना से अवैध रुप से निर्मित गुटखे को मारुती ओमनी कार में लादकर ले जा रहे 03 अभियुक्तगण 1. अनिल पुत्र रमेश साहू उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम कस्बा व थाना भरुवा सुमेरपुर जिला हमीरपुर 2. बदरुद्दीन पुत्र इस्लामूद्दीन उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम पिपरौंदा थाना मौदहा जिला हमीरपुर 3. वीरेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह उम्र करीब 40 नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना जिला महोबा को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 08 प्लास्टिक के बोरे में निर्मित गुटखा शिवम व 01 अदद गुटखा बनाने की मशीन व 01 अदद बोरी में रैपर रोल व 01 अदद प्लास्टिक की बोरी में उपकरण व इलेक्ट्रॉनिक मशीन व 01 प्लास्टिक की बोरी में आधा बोरी कटी सुपारी जर्दा मिक्श व 01 अदद मारुती ओमनी वैन न0 P78DE9491 बरामद हुए। अधिनियम 2006 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, बरामद ओमनी वैन के प्रपत्र न होने पर धारा 207 M.V. ACT के तहत सीज किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

छेड़छाड़ से रोकने पर भाई-बहन को पीटा, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम निवासी पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 06 मार्च को 04 बजे बोर्ड की परीक्षा देकर अपने भाई के साथ वापस लौट रही उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ इंदुईयागंज निवासी अभय व अजय पुत्रगण शिव कुमार छेड़छाड़ करने लगे। उसके पुत्र द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने उसकी पुत्री व पुत्र को लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के उपरांत घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बीजेपी इण्टर कॉलेज में आज होगा रोजगार मेला

गुरसहायगंज, कन्नौज। जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें डिक्सन, एलेनवेरी, लेन्सकार्ट, जेडटाउन, एम्बर, इलेक्ट्रोस्पार्क, संधार एवं अरविन्द लिमिटेड सहित करीब 35 प्राइवेट कम्पनियाँ रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का इंटरव्यू व कंपनियों की आवश्यकतानुसार को अवसर प्रदान करेंगीं। प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में जॉब पाने के इच्छुक अभ्यर्थी शनिवार को सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्रतिभाग कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित यादव ने दी।

भाषा विवि ने चलाया पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय और नशा और दहेज़ मुक्त अभियान

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में और विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय और नशा और दहेज़ मुक्त विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के कुशल नेतृत्व में अभियान लिया गया। विदित है कि राजभवन से प्राप्त दिशा निर्देशो के क्रम में सभी उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में पढ़ें विश्वविद्यालय और बढ़े विश्वविद्यालय के अंतर्गत विद्यार्थियों के अंदर पढ़ने की लालसा और जिज्ञासा बढ़ाने के लिए कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने विभिन्न आकृतियों में रचना बनकर पुस्तक पाठन किया। जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की दूसरी श्रृंखला में नशा मुक्त भारत और दहेज़ मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने शपथ ली। विश्वविद्यालय में सभी विभागों ने विकेंद्रीकरण के अनुरूप सभी अभियान का आयोजन सफलतापूर्वक किया।

डीएम ने प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय की समीक्षा की

सम्भल(बहजोई) कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद में छात्र एवं छात्राओं की सबसे कम उपस्थित वाले प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। विकासखंड रजपुरा के ग्राम हैमदपुर के प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय की समीक्षा की। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं की जनवरी माह की उपस्थिति को चेक करें।उपस्थिति बढाने तथा शत प्रतिशत नामांकन को लेकर भी निर्देशित किया। तथा बच्चों को पीएम श्री विद्यालय का भ्रमण कराने को लेकर भी निर्देशित किया। दिनांक 7 मार्च को ग्राम में शिक्षा चौपाल लगाने के निर्देश दिए। विद्यालय में मिट्टी भराव कार्य,कन्या सुमंगला योजना के आवेदन, विद्यालय में वैदरशीट मैक्स पेंट , छतों पर डैम प्रूफ कार्य करने को लेकर भी निर्देशित किया।

सिरसी मे ट्रक मस्जिद की दूकान मे घूसा

संभल। संभल मुरादाबाद मार्ग सिरसी मे स्थित मस्जिद मे की दुकानो में दस टयारा ट्रक जा घूसा ग़नीमत रही कि घटना के समय दूकान बंद थी इस घटना मे चालक व परिचालक के घायल होना बताया जा रहा है जिनको उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है मौके पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है बताया जाता है कि इस मार्ग पर दादा मखदूम साहब का मजार स्थित है और आये दिन इस मार्ग पर भारी वाहन पलटते रहते अभी कुछ दिन पहले भी इसी मार्ग पर ट्रक पलट गया था इस तरह की घटनाए हो आम बात हो गयी है।

प्रदेश की जनता सपा की जनहितकारी नीतियों को याद कर रही है

कन्नौज। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने की। इस दौरान पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने की अपील की। शनिवार को छिबरामऊ स्थित पूर्व सपा विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव के आवास पर आयोजित समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक के दौरान पूर्व विद्यायक ने कहा कि किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है। कहा कि प्रदेश की जनता एक बार फिर से सपा के शासनकाल की जनहितकारी नीतियों को याद कर रही है। बैठक संचालन सतीश यादव ने किया। इस मौके पर अनुराग वाजपेयी, अंकुर सिंह यादव, मुकीम खान, सलीम खान, धीरज कठेरिया, विवेक यादव, साकेत जाटब, अमन खान, लाखन सिंह, जितेंद्र कुमार, शादाब खॉन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

माह-ए-रमजान के पहले जुमें पर मस्जिदों में उमड़ी नमाज़ियों की भीड़

■ नमाज के बाद आपसी भाईचारे और अमन चैन की मांगी गई दुआ

अवधनामा संवददाता

महोबा। मुकद्दस माह रमजान के पहले जुमे में नमाजियों की भारी भीड़ जुटी। अकीदतमंदो ने पाकीजगी के साथ मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की, नमाज के बाद पेश इमाम ने मुल्क की तरक्की अमन चैन और आपसी भाई चारे की दुआ मांगी। रमजान माह के पहले जुमे में मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रही। जुमे की नमाज को लकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुक्ता इंतजाम किए।

पवित्र माह रमजान में मुस्लिम समुदाए के लोग काम काज पर कम ध्यान देकर एक माह तक इबादत तिलावत में अधिक वक्त गुजारते है। कारण, इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है, एक रकात नमाज पढने पर 70 रकात नमाज का सवाब मिलता है। जिससे मुस्लिम समाज के लोग इस माह में नेक काम करने की कोशिश करते है और अधिक से अधिक समय मस्जिदों में गुजारते है।

रमजान माह के पहले जुमे की नमाज के लिए लोग सुबह से ही तैयारियों में जुट गए नहाने धोने के बाद नए नए और साफ कपड़े पहनकर पाकीजगी के साथ मस्जिदों मे दाखिल हुए, इसके बाद जुमें की नमाज अदा की। पहले जुमे को लेकर मुस्लिम बाहुल इलाकों में खासी चहल पहल दिखाई दी। लोग जुमे की नमाज अदा करने के लिए पहले से ही मस्जिदों में पहुंच गए। मस्जिदों के मुतवल्ली और अन्य लोगों ने मस्जिदों की साफ सफाई करके मस्जिदों में जानमाज बिछा कर पहले से ही सारी ही तैयारियां कर ली थी। मस्जिदों से नमाज के बाद लोग अपने अपने घरों के लिए निकले।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3.50 करोड़ के प्रस्ताव पारित

अवधनामा संवददाता

उन्नाव। विकास खंड कार्यालय सफीपुर के सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों के लिए लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में सफीपुर के जनप्रिय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने की जिसमें 49 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और 45 ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों के लिए विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे। बैठक में प्रमुखता से सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई वहीं सफीपुर विकास खंड के जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाया और उनके समाधान के लिए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। सफीपुर खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि स्वीकृत प्रस्तावों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी और विकास खंड सफीपुर के जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ दिलाने की अपील की। इस अवसर पर लेखाकार धर्मेंद्र, एडीओ पंचायत छोटेलाल, ग्राम विकास अधिकारी मंच संचालक के.के. तिवारी, महेंद्र भूषण सक्सेना, विमल गौतम, सकुशल सिंह, आशीष मिश्रा, आशीष शुक्ला, शुभम वर्मा, जयकांत मिश्रा,विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान, अनूप चंदेल, समाजसेवी कुलदीप तिवारी, डॉक्टर ब्रजेश सिंह, अंकित कनौजिया, सर्वेश राजपूत, राघव शुक्ला व कई अन्य समाजसेवी सहित विकास खंड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

ब्रज में छाया होली का उल्लास मस्ती में सराबोर हुरियो

■ बरसाना में कल खेली जाएगी लठामार होली

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। ब्रज में होली का उल्लास चहुंओर छाया हुआ है। मथुरा। ब्रज की अनूठी होली में लड्डू होली से लेकर लठ्ठमार होली तक सब कुछ पौराणिक घटनाओं की साक्षी लीलाएं हैं। हर लीला यानी होली का अपना महत्व है। कान्हा और राधा जी से जुडी इन लीलाओं को देख कर श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं। तभी तो किसी ने कहा है सब जग होरी या ब्रज होरा। लगातार प्रचार प्रसार के बाद अब ब्रज की होली को देखने के लिए हर साल भीड बढती जा रही है। लोग ब्रज की होली का साक्षी बनने की लालसा लिए खिंचे चले आते हैं। जिसमें 7 मार्च को बरसाना की लड्डू होली, 8 मार्च को बरसाना की लठ्ठमार होली, 9 मार्च को नंदगांव की लठ्ठमार होली व गांव रावल की रंग लठ्ठमार होली, 10 मार्च को श्री कृष्ण जन्मस्थान व श्री बांके बिहारी जी मंदिर की फूल होली, 11 मार्च को श्री द्वारिकाधीश मंदिर की होली व गोकुल की छड़ीमार होली, 13 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला व गांव फालैन की होलिका दहन, 14 मार्च को धुलेंडी, 15 मार्च को दाऊजी का हुरंगा, नंदगांव का हुरंगा, ग्राम जाब का हुरंगा, मुखराई का चरकुला, 16 मार्च को बठैन का हुरंगा, गिडोह का हुरंगा, 21 मार्च को महावन में छड़ीमार होली तथा 22 मार्च को वृंदावन में श्री रंग जी मंदिर की होली होनी है। मंदिरों में नित्य प्रतिदिन होली खेली जा रही है। भक्तों पर मंदिरों में अबीर गुलाल उडाया जा रहा है। अबीर गुलाल में सराबोर होकर निकलने वाले श्रद्धालु खुद को धन्य मान रहे हैं। होली की खुमारी दिन प्रतिदिन ब्रज में गहरी होती जा रही है। ऐसे में किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो जिला प्रशासन की ओर से पूरे प्रबंध किये जा रहे हैं। बरसाना में 56 पार्किंग, 94 बैरियर, 7 कुंडो की बैरीकेडिंग, 6 वॉच टॉवर बनाए जा रहे है। नंदगांव में 16 पार्किंग तथा 35 बैरियर बनाए जा रहे है।

ब्रज में होली महोत्सवः आनंद और भक्ति का दिव्य संगम

मथुरा। ब्रज की होली अपने अनोखे अंदाज और लंबे समय तक चलने वाले उत्सवों के लिए प्रसिद्ध है। ब्रजमंडल, जिसे भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाभूमि माना जाता है, में होली महोत्सव एक दिन का नहीं बल्कि लगभग 40 दिनों तक चलता है। बसंत पंचमी के बाद से ही यहां के मंदिरों और गलियों में होली का रंग चढ़ना शुरू हो जाता है। ब्रज के हर मंदिर, हर गली और हर चौक में इस उत्सव की छटा देखने को मिलती है। ब्रज की होली को खास बनाने वाला तत्व सिर्फ रंग और गुलाल नहीं, बल्कि इसमें शामिल भक्ति, प्रेम, श्रद्धा और माधुर्य भी है। यह उत्सव सिर्फ एक सामाजिक आयोजन नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा भी है, जहां भक्तगण भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाओं का आनंद लेते हैं और उनके प्रेमरस में सराबोर हो जाते हैं। ब्रज की होली को अलग-अलग मंदिरों में अलग-अलग अंदाज में मनाया जाता है। इनमें से एक महत्वपूर्ण स्थान है ठाकुर श्री राधा स्नेह बिहारी जी मंदिर, जहां हर साल होली महोत्सव बहुत भव्य तरीके से मनाया

जिला जेल में सब्जियों व फूलों से बन रहा हर्बल सुगन्धित गुलाल

अवधनामा संवददाता

■ राष्ट्रीय लोक अदालत पर जनपद न्यायालय एवं जेल के बाहर लगेगी स्टॉलः मो. अकरम खॉ

गुरसहायगंज, कन्नौज। होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये जिलाधिकारी शुभ्रांत कमार शुक्ला की प्रेरणा से जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा कौशल विकास केन्द्र में सब्जियों व फूलों से हर्बल सुगन्धित गुलाल बनाया जा रहा है। हर्बल गुलाल पीला, नीला, गुलाबी, लाल आदि रंगों में बनाया जा रहा है। शुक्रवार को जिला कारागार में जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ ने बताया कि उक्त कार्य के लिये 07 बंदियों को लगाया गया है। उक्त गुलाल की 100 ग्राम की डिब्बी में पैकिंग की गयी है। इसमें किसी भी प्रकार का कैमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर कन्नौज में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में भी इसकी बिक्री हेतु स्टाल लगाया जायेगा तथा शनिवार से ही हर्बल गुलाल की बिक्री कारागार के बाहर एक स्टाल के माध्यम से की जायेगी। तदोपरान्त शहर में विभिन्न स्थानों पर भी स्टाल लगाकर इनकी विक्री की जायेगी। इस दौरान कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डा. सिद्धार्थ चौधरी, शिक्षाध्यापक मनोज कमार कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

ट्रेवल टिप्सः मार्च में बना रहे हैं घूमने का प्लान तो एक्सप्लोर करें तीर्थन वैली, बिता सकेंगे सुकून के कुछ पल

तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे। यहां पर आप सुकून के पल बिता सकते हैं। हर किसी को घूमने-फिरने का शौक होता है। वहीं कई लोग ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जो शांति और सुकून वाली है। ऐसे में आप हिमाचल प्रदेश की तीर्थन वैली में घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर आप एक बार छुट्टियों पर जा सकते हैं। तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे।

इस जगह की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको अधिक भीड़ नहीं मिलेगी। तो वहीं अगर आप यहां पर ऑफ सीजन में आते हैं, तो हर एक चीज बेहद सस्ते दामों पर मिलेगी। खासकर रहने के

लिए होटल और होमस्टे आदि। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीर्थन वैली के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि आप यहां क्या-क्या एक्सप्लोर कर सकते हैं।

तीर्थन वैली

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित तीर्थन वैली एक बेहद खूबसूरत जगह है। यह बेहद खूबसूरत वैली हिमालय पर्वतों और घने जंगलों के लिए जानी जाती है। यहां के लोगों की जिंदगी शांत और धीमी है। जिसमें बेहद सुकून है। अगर आप भी किसी सुकून और शांत जगह की तलाश में है, तो यह जगह बेस्ट है। कम खर्च में आप यहां पर ऑफ सीजन में घूमने के लिए आ सकते हैं।

स्टे

सर्दी और चिलचिलाती गर्मी के दौरान यहां पर पर्टयकों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। वहीं अगर आप ऑफसीजन में यहां आते हैं, तो आपको कम रेट में होटल और होम स्टे मिल जाएंगे। तीर्थन वैली में आपको बजट के हिसाब से रूम मिल जाएंगे। आप चाहें तो यहां के 'Vivaan Stays' में भी बुकिंग कर सकते हैं।

बता दें कि तीर्थन वैली में आपको एक दिन के ब्रेकफास्ट के 3,000 रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। क्योंकि यह होटल नदी किनारे स्थित है। वहीं बालकनी से नदी और पहाड़ों का व्यू देखने को मिलता है। इसके साथ ही आप यहां पर बोनफायर का भी मजा ले सकते हैं।

जीभी वॉटरफॉल

तीर्थन वैली आने के बाद आप यहां का जीभी वॉटरफॉल जरूर एक्सप्लोर करें। क्योंकि यह वॉटरफॉल जितना ज्यादा मनमोहक है, उससे ही ज्यादा खूबसूरत यहां तक पहुंचने का रास्ता है। आप ट्रैकिंग के जरिए भी जीभी वॉटरफॉल तक पहुंच सकते हैं। इस पूरे ट्रैक के दौरान आपको नदियां, सुंदर पहाड़ और गांव के खूबसूरज नजारे देखने को मिलेंगे।

खाने का उठाएं लुत्फ

यदि आप भी तीर्थन वैली आ रहे हैं, तो यहां के स्वादिष्ट खाने का लुत्फ जरूर उठाएं। कम मसालों के साथ पकाया गया भोजन आपको काफी स्वादिष्ट लगेगा। यहां पर खाना पकाने के लिए नदी के पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जो खाने के स्वाद को अधिक बढ़ा देता है। वहीं अगर आप फिशिंग के शौकीन हैं, तो होम स्टे में जाकर फिश पका सकते हैं। लेकिन फिशिंग करने से पहले आप वन विभाग की अनुमति लेना न भूलें।

कैसे पहुंचे यहां

यहां पर पहुंचने का सबसे अच्छा ऑप्शन दिल्ली/चंडीगढ़ से कुल्लू या मनाली के लिए बस पकड़ लें और औट में उतरें। आप या तो औट से तीर्थन वैली के लिए टैक्सी किराए पर ले लें। या फिर औट से बंजार के लिए स्थानीय बस में सफर कर सकते हैं। फिर बंजार से गुशैनी के लिए दूसरी बस ले सकते हैं। जिसके बाद आप तीर्थन वैली जा सकते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए आपको डायरेक्ट ट्रेन नहीं मिलेगी। वहीं अगर आप फ्लाइट से आ रहे हैं, तो यहां का नजदीकी एयरपोर्ट भुंतर एटरपोर्ट है।

धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शहर है अमृतसर

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है।

अमृतसर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। यहाँ की शांतिपूर्ण वातावरण और समृद्ध इतिहास, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं अमृतसर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।

1. स्वर्ण मंदिर

अमृतसर का सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध स्थल है स्वर्ण मंदिर, जिसे हरमंदिर साहिब भी कहा जाता है। यह सिख धर्म का पवित्र स्थल है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। मंदिर का गोल्डन गेट और उसकी खूबसूरत वास्तुकला देखने योग्य हैं। स्वर्ण मंदिर के चारों ओर स्थित अमृत सरोवर की शांति और सौंदर्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यहाँ की आध्यात्मिक शांति और वातावरण लोगों को एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।

2. जालियांवाला बाग

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है। जालियांवाला बाग पर जाकर लोग भारतीय इतिहास को जानने और उसकी महत्ता को महसूस करने के लिए आते हैं।

3. वाघा बॉर्डर

अमृतसर से लगभग 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीमाबंध है। यहाँ हर शाम भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा %बीटिंग रिट्रीट% नामक एक शानदार समारोह आयोजित किया जाता है। यह उत्सव एक जीवंत, रंगीन और जोशपूर्ण अनुभव है, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की एकजुटता और सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाघा बॉर्डर का दौरा करने के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

4. गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी

अमृतसर में सिख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रतीक के रूप में गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी संग्रहालय भी प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहाँ सिख धर्म की धरोहर, इतिहास, और उनके संघर्षों को प्रदर्शित किया गया है।

5. दुरगियाना मंदिर

यह मंदिर अमृतसर का एक और प्रमुख धार्मिक स्थल है जो स्वर्ण मंदिर के समान दिखता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है और यहाँ लोग धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए आते हैं। मंदिर के पास ही एक बड़ा सरोवर भी स्थित है, जो इस स्थल की सुंदरता को बढ़ाता है।

6. काली मंजीर

अमृतसर में स्थित काली मंजीर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर काली माता को समर्पित है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य हिन्दू त्योहारों के दौरान।

7. अमृतसर का बाजार और संस्कृति

अमृतसर के बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ के बाजार, जैसे कि केसरिया बाजार और जोड़ा फाटक बाजार, लोक कला और हस्तशिल्प के अद्भुत सामानों से भरे हुए हैं। यहाँ से पर्यटक पंजाबी पारंपरिक वस्त्र, जूतियां, चूड़ियां, और अन्य हस्तनिर्मित सामान खरीद सकते हैं। अमृतसर की सांस्कृतिक धरोहर यहाँ के विभिन्न मेलों, त्योहारों और नृत्य-गानों में भी देखने को मिलती है।

8. भठिंडा और गग्गा महल

अमृतसर के पास स्थित भठिंडा और गग्गा महल भी ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। भठिंडा किला एक ऐतिहासिक किला है, जो प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वहीं गग्गा महल में एक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है और यहां के सुंदर दृश्य पर्यटकों के लिए एक अच्छा अनुभव होते हैं।

अमृतसर, अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक त्योहारों और मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्ण मंदिर, जालियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर और अन्य पर्यटन स्थलों ने इसे एक प्रमुख यात्रा स्थल बना दिया है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को न केवल भारतीय संस्कृति का गहरा अनुभव मिलता है, बल्कि एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव भी होता है। अगर आप भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को महसूस करना चाहते हैं, तो अमृतसर की यात्रा निश्चित रूप से आपके यात्रा सूची में होनी चाहिए।

गर्ल गैंग के साथ घूम आए इन जगहों पर ट्रिप रहेगी मजेदार

महिला दिवस आने वाला है। ऐसे में आप भी अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का प्लान जरुर बनाएं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी शानदार जगहें बताने जा रहे हैं, जहां आप घूमने जरुर जाएं। इन जगहों पर आप अपने महिला मित्र के साथ फुलऑन मस्ती कर सकते हैं। आइए आपको इन जगहों के बारे में बताते हैं। आजकल ज्यादातर लोगों को घूमना-फिरना काफी पसंद होता है। लड़कियों को भी घूमने का काफी शौक होता है लेंकिन वह घूमने प्लान कम ही बना पाती है। इसलिए आप इस बार महिला दिवस पर कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। वैसे तो यह एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। इस खास अवसर पर आप अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का बनाएं प्लान। इस लेख में हम आपको अपनी गर्ल गैंग के साथ घूमने के लिए बेहतरीन जगहें बताने जा रहे हैं।

गोवा

आप अपनी गर्ल गैंग के साथ गोवा जा सकते हैं। यहां पर बीचेस, नाइटलाइफ और शांत वातावरण काफी लोकप्रिय है। मार्च के दौरान गोवा में घूमना सबसे बढ़िया है। इस समय ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती कर सकते हैं।

ऋषिकेश

ऋषिकेश गंगा नदी के किनारे हिमालय की तलहटी में बसा एक खूबसूरत शहर है, जो कि उत्तराखंड में स्थित है। ऋषिकेश योग और ध्यान की प्रेक्टिस के लिए फेमस है। ये जगह आध्यात्मिक साधकों और रोमांच के शौकीनों के लिए सबसे बढ़िया है।

जयपुर

पिंक सिटी जयपुर शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित डेस्टिनेशन में से एक है। यहां आप वीकेंड पर घूमने के लिए प्लान बना सकते हैं। जयपुर में सुंदर रिसॉर्ट हैं, जहां आप सहेलियों के काफी एन्जॉय कर सकते हैं। इस शहर के ऐतिहासिक किला को जरुर देख सकते हैं।

मनाली

महिला दिवस पर अपनी सहेलियों के साथ घूमने के लिए आप हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर में घूमने जा सकते हैं। यहां पर मार्च के महीने में फ्रेश स्नो देखने को मिल जाएगी। यहां पर घूमने के लिए हिडिम्बा मंदिर, मॉल रोड और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ का छिपा हुआ खजाना माना जाता है औरापानी, सर्दियों में स्वर्ग बन जाती है ये

छत्तीसगढ़ भारत का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। साल 2000 में इस राज्य का गठन हुआ था। साथ ही यह देश का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है। यह राज्य विशान घने जंगलों के लिए भी जाना जाता है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऐसी कई शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। यहां पर हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी भी ऐसी ही एक अद्भुत जगह है। जो कहीं से भी हिमाचल या उत्तराखंड से कम नहीं मानी जाती है। औरापानी की खूबसूरती को देखने के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औरापानी में मौजूद कुछ शानदार और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप

अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

कहां है औरापानी

औरापानी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौजूद है। यह मुख्य शहर के करीब 45 किमी की दूरी पर स्थित है। औरापानी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के पास में स्थित है।

वहीं औरापानी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर 170 किमी दूर स्थित है। इसके साथ ही औरापानी छत्तीसगढ़ के रतनपुर से करीब 91 किमी, मध्य प्रदेश के अमरकंटक से करीब 90 किमी और पंडरिया से करीब 51 किमी दूर स्थित है।

औरापानी की खासियत

बता दें कि औरापानी को सिर्फ बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का छिपा खजाना माना जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित औरापानी बेहद मनमोहक और खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है।

यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ सुहावने मौसम के लिए भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। वहीं मानसून और सर्दी के मौसम में औरापानी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

सैलानियों के लिए खास है ये जगह

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी पर्यटकों का वह खजाना है, जहां पर घूमने के लिए लोग हिमाचल और उत्तराखंड को भूल जाएंगे। यहां पर सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि अन्य जगहों से भी पर्यटक आते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण के साथ झील और झरनों के लिए भी जाना जाता है। औरापानी के जंगलों में स्थित झील और वॉटरफॉल सैलानियों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है।

फरवरी साल का ऐसा महीना होता है, जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अल्लेप्पी

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अल्लेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है।

अरब सागर के तट पर स्थित अल्लेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अल्लेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अल्लेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

कोडईकनाल

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है।

कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

कूर्ग

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कुर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कुर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कुर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कुर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एकसप्लोर कर सकते हैं।

भारत में दोस्तों के साथ यात्रा के स्थान

दोस्तों के साथ घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों पर करें विजिट, मौज-मस्ती के लिए है परफेक्ट डेस्टिनेशन

आज हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप

मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, जिनको दोस्तों के साथ घूमने में मजा आता है। तो यकीकन आप अक्सर ही दोस्तों के साथ ट्रिप प्लान करते होंगे। क्योंकि ट्रिप में दोस्तों के साथ मस्ती और धमाल करने का अपना ही मजा होता है। कई बार ट्रिप में दोस्तों के साथ घूमने पर पुरानी सभी यादें ताजा भी हो जाती हैं। इसलिए अक्सर लोग फ्रेंड्स के साथ ट्रिप प्लान करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

जब दोस्तों के साथ मस्ती-धमाल के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो कई लोगों के जहन में सबसे पहले ऋषिकेश का नाम आता है। गंगा नदी के किनारे बसा ऋषिकेश उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिस स्टेशन है। इसको योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

ऋषिकेश उन जगहों में से एक है, जहां पर देश के हर कोने से पर्यटक ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग और हाईकिंग करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के पहाड़ों में मौजूद कैंप में आप अपने दोस्तों के साथ स्टे कर सकते हैं। यहां के कई कैंप में आप म्यूजिक का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

जोधपुर

दोस्तों के साथ किसी ऐतिहासिक जगह पर जाने का प्लान कर रहे हैं। तो आपको जोधपुर जाना चाहिए। जोधपुर राजस्थान का एक फेमस पर्यटन स्थल है। जहां पर दुनिया भर से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

बता दें कि जोधपुर अपनी ऐतिहासिक चीजों के अलावा शाही मेहमान नवाजी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप दोस्तों के साथ मेहरानगढ़ का किला, जसवंत थाड़ा, कैलाना झील और उम्मेद महल जैसी ऐतिहासिक जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शाही मेहमान नवाजी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

गोवा

दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप गोवा जैसी शानदार जगह को एक्सप्लोर कर सकते हैं। गोवा देश का बेस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। गोवा में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं।

आप अपने दोस्तों के साथ गोवा के समुद्री तटों के किनारे मौज-मस्ती कर सकते हैं। यहां पर कई बीचेज में वाटर स्पोर्ट से लेकर बीच पार्टी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही नाइट क्लब या बार आदि में रात भर दोस्तों के साथ एन्जॉय कर सकते हैं। गोवा में आपको अपने दोस्तों के साथ वेलसाओ बीच, बैतूल बीच, बटरफ्लाई बीच, कैंडोलिम बीच, काकोलेम बीच को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

कूर्ग

मार्च के महीने में आप अपने दोस्तों के साथ कुर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक बेहद शानदार और मजेदार जगह है। कर्नाटक के पश्चिमी घाट में स्थित कुर्ग एक बेहद खूबसूरत और टॉप क्लास का हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में आप अपने दोस्तों के साथ धमाल कर सकते हैं और तमाम मजेदार एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। कुर्ग में आप मडिकेरी का किला, ओंकारेश्वर मंदिर, राजा सीट और ब्रह्मगिरी वन्यजीव अभयारण्य जैसी जगहों को पर घूमने जा सकते हैं।

ठियोग

अगर हिमाचल प्रदेश घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले शिमला, मनाली, कुल्लू, धर्मशाला या

डलहौजी का जिक्र करते हैं। लेकिन ठियोग जैसी शानदार और बेहतरीन जगह को भूल जाते हैं। ठियोग समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। यह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर झील-झरने और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच दोस्तों के साथ जमकर एन्जॉय कर सकते हैं। आप चाहें तो यहां पर पहाड़ों में रात भर पार्टी कर सकते हैं। शिमला से ठियोग की दूरी महज 30 किमी दूर है।

प्रवर्तन निदेशालय ने डब्ल्यूटीसी ग्रुप के प्रमोटर को किया गिरफ्तार, धनशोधन मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। ईडी ने रियल्टी समूह डब्ल्यूटीसी के प्रमोटर आशीष भल्ला को घर खरीदने वालों के धन से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, आशीष भल्ला को गुरुवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया और गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उन्हें छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली-एनसीआर में मौजूद रियल एस्टेट डब्ल्यूटीसी ग्रुप के प्रमोटर आशीष भल्ला को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक धनशोधन की जांच करने वाली एजेंसी ने उन्हें पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की है। वहीं इस मामले में गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उन्हें छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है।

मामले में एजेंसी ने आरोप लगाया कि प्लॉट या वाणिज्यिक स्थानों के बदले निवेश के बदले

जांच

जांच के दौरान, यह पाया गया कि डब्ल्यूटीसी समूह ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, अहमदाबाद और पंजाब जैसे कई राज्यों के कई निवेशकों से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए।

सुनिश्चित रिटर्न का वादा करने के बाद, डब्ल्यूटीसी ने जमाकर्ताओं के धन को डायवर्ट किया और इसे कई जगहों पर भूमि अधिग्रहण करने के लिए कई शेल कंपनियों में ट्रांसफर किया गया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में संदिग्ध संस्थाओं को भी सैकड़ों करोड़ रुपये डायवर्ट किए गए, जिनका लाभकारी स्वामित्व आशीष

भल्ला के परिवार के सदस्यों के पास है।

जांच के दौरान, यह पाया गया कि डब्ल्यूटीसी समूह ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, अहमदाबाद और पंजाब जैसे कई राज्यों के कई निवेशकों से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए। ईडी की यह कार्रवाई 27 फरवरी को भूटानी ग्रुप और उसके प्रमोटर आशीष भूटानी के अलावा डब्ल्यूटीसी ग्रुप और आशीष भल्ला के कई ठिकानों पर छापेमारी के बाद हुई है।

वहीं आरोप है कि छापेमारी के दौरान आशीष भल्ला फरार रहा और उसने जांच में सहयोग न करने के लिए प्रमुख लोगों को प्रेरित किया। ईडी के अनुसार, वह समूह की धोखाधड़ी गतिविधियों का प्रमुख लाभार्थी और मास्टरमाइंड है और उसने इस योजना के माध्यम से अवैध लाभ कमाया है। ये मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और फरीदाबाद पुलिस की तरफ से डब्ल्यूटीसी ग्रुप और उसके प्रमोटरों आशीष भल्ला, सुपर्णा भल्ला, अभिजीत भल्ला, भूटानी इंफ्रा और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आरोपी कंपनियों और व्यक्तियों की तरफ से सैकड़ों घर खरीदारों के खिलाफ धोखाधड़ी के लिए दर्ज किए गए दर्जनों एफआईआर से उपजा है।

ये पुलिस केस सैकड़ों घर खरीदारों और निवेशकों की शिकायतों के आधार पर दर्ज किए गए थे। भूटानी इन्फ्रा ने पिछले सप्ताह एक बयान में कहा कि उसने इस महीने की शुरुआत में डब्ल्यूटीसी समूह के साथ सभी संबंध तोड़ लिए हैं और अब वह ईडी के साथ अपनी जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। वहीं डब्ल्यूटीसी समूह की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई।

राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का स्मारक, परिवार ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर ही बनेगा। इसे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मारक के पास बनाया जाएगा। मनमोहन सिंह के परिजनों ने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। परिवार ने विभाग को स्वीकृति पत्र भेज दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर ही बनेगा। इसे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मारक के पास बनाया जाएगा। बताया जाता है कि पूर्व पीएम के परिवार ने स्मारक को लेकर सहमति जता दी है। बताया जाता है कि मनमोहन सिंह के परिजनों ने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। परिवार ने विभाग को स्वीकृति पत्र भेज दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया था। दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका

अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद से पूर्व पीएम के स्मारक स्थल को लेकर विवाद शुरू हो गया था। पिछले दिनों सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल को लेकर जगह की तलाश शुरू कर दी थी।

इसके लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थान राष्ट्रीय स्मृति स्थल, पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के स्मारक किसान घाट के पास, संजय गांधी की समाधि के पास जमीन देखी थी। इसके अलावा पूर्व पीएम की तीन बेटियों और उनके पतियों ने भी प्रस्तावित स्मारक स्थल का दौरा किया था।

सरकार की ओर से पूर्व पीएम के स्मारक के लिए राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर प्रस्तावित किया गया स्थान लगभग 900 वर्ग मीटर में फैला है। यहां कई पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों के स्मारक हैं। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक मनमोहन सिंह के लिए प्रस्तावित स्थल के पास ही है।

स्मारक बनने से पहले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की याद में ट्रस्ट बनाया जाएगा। ट्रस्ट के नाम पर ही स्मारक स्थल की भूमि का हस्तांतरण होगा। पूर्व पीएम का परिवार ट्रस्ट के सदस्यों के नाम प्रस्तावित करेगा और उन्हें अंतिम रूप देगा। ट्रस्ट बनने के बाद सरकार स्मारक के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये का अनुदान देगी। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के अधिकारी पहले ही स्थल का दौरा कर चुके हैं।

केरल उच्च न्यायालय के वकीलों का जज के खिलाफ प्रदर्शन, महिला पर टिप्पणी को लेकर माफी की मांग

टिप्पणी

वकीलों की मांग है कि जज ने एक वकील की विधवा के खिलाफ जो सख्त टिप्पणी की, उसे लेकर जज माफी मांगें।

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय में एक दुर्लभ विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है, जहां वकीलों के एक वर्ग ने कोर्टरूम के बाहर जज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों की मांग है कि जज ने एक वकील की विधवा के खिलाफ जो सख्त टिप्पणी की, उसे लेकर जज माफी मांगें। यह विरोध प्रदर्शन केरल हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के बैनर तले हुआ।

क्या है मामला

दरअसल केरल हाईकोर्ट के एक जज और दिवंगत वकील एलेक्स एम स्केरिया की विधवा पत्नी के बीच एक मामले की सुनवाई के दौरान बहस हुई थी। वकील एसोसिएशन का आरोप है कि महिला वकील ने अपने पति की मृत्यु होने के चलते सुनवाई कुछ दिन टालने की मांग की थी। इस पर जज ने महिला को अपमानित करने वाली टिप्पणी की, जिसे सुनकर महिला रोने लगीं। प्रदर्शनकारी वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर जज ने माफी नहीं मांगी तो वे जनरल बॉडी की बैठक बुलाएंगे और अदालती कार्यवाही का बहिष्कार करेंगे।

वहीं हंगामा बढ़ने पर जज ने अपने चैंबर में महिला वकील से माफी मांगने की पेशकश की, लेकिन वकीलों की मांग है कि जज अदालत में सभी के सामने माफी मांगें। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मामला बढ़ने पर अब केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एसोसिएशन के नेताओं के साथ बैठक बुलाई है।

कर्नाटक में बजट पर बवाल, मुस्लिमों के लिए आवंटन को लेकर कांग्रेस पर बरसी भाजपा, बताया हलाला बजट

बंगलूरू। कर्नाटक सरकार के बजट में एक हजार करोड़ रुपये अल्पसंख्यक कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं। साथ ही 150 करोड़ रुपये वक्फ संपत्ति सुरक्षा के लिए, 100 करोड़ रुपये ऊर्दू स्कूलों के लिए और साथ ही इमामों को 6 हजार रुपये महीना देने का भी एलान किया गया है।

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को साल 2025 के लिए बजट पेश किया, जिसे लेकर राजनीतिक तकरार हो गई। कर्नाटक भाजपा ने बजट में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए भारी आवंटन पर नाराजगी जताते हुए इसे हलाला बजट करार दिया। कर्नाटक सरकार ने बजट में चार प्रतिशत सरकारी कामों के ठेके मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षित करने का एलान किया है, जिस पर भाजपा ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

कर्नाटक सरकार के बजट में एक हजार करोड़ रुपये अल्पसंख्यक

कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं। साथ ही 150 करोड़ रुपये वक्फ संपत्ति सुरक्षा के लिए, 100 करोड़ रुपये ऊर्दू स्कूलों के लिए और साथ ही इमामों को 6 हजार रुपये महीना देने का भी एलान किया गया है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि कांग्रेस संसाधनों के आवंटन में मुस्लिमों को प्राथमिकता दे रही है। अमित मालवीय ने लिखा कि 9 दिसंबर 2006 को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है।

अमित मालवीय ने कहा कि कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार भी उसी पैटर्न का पालन कर रही है। अमित मालवीय ने लिखा कि कांग्रेस सरकार ने एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को कमतर किया है और साथ ही भाजपा नेता ने बजटीय प्रावधानों को असंवैधानिक करार दिया। मालवीय ने लिखा कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता और भारत कभी भी कांग्रेस को उसके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगा। कर्नाटक भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बजट को हलाला बजट करार दिया।

कर्नाटक सरकार ने बजट में मुस्लिम वर्ग के लोगों को शादी पर 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने, 50 लाख रुपये मुस्लिमों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए और मुस्लिम बहुल इलाकों में आईटीआई कॉलेजों की स्थापना के लिए भी बजट का एलान किया गया है। कर्नाटक भाजपा ने राज्य सरकार पर बजट में हिंदू समुदाय से भेदभाव करने का आरोप लगाया।

मणिपुर में आत्मसमर्पण के तहत हजार से ज्यादा अवैध हथियार हुए जमा

इंफाल। मणिपुर में आत्मसमर्पण समयसीमा के दौरान एक हजार से ज्यादा अवैध हथियार जमा किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने यह जानकारी दी है। जो अवैध हथियार जमा किए गए हैं, उनमें सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों के साथ ही अवैध रूप से खरीदे गए हथियार भी शामिल हैं। जिनमें हथगोले, मशीनगन, ग्रेनेड, मोर्टार, इंसास राइफल और एके-56 जैसी आधुनिक राइफल्स शामिल हैं। हथियार समर्पण करने की समय सीमा गुरुवार शाम चार बजे समाप्त हो गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि अभी जमा किए गए हथियारों का आंकड़ा अस्थायी है और सभी जिलों में जमा हुए हथियारों की पूरी गिनती करने के बाद यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

यमन और जिबूती के तट पर प्रवासियों से भरी नाव पलटी, कम से कम दो लोगों की मौत और 186 लोग लापता

काहिरा। संयुक्त राष्ट्र प्रवास एजेंसी का कहना है कि यमन और जिबूती के तटवर्ती जलक्षेत्र में चार प्रवासी नौकाएं पलट गई हैं, जिसमें

दो लोगों की मौत हो गई है और 186 लोग लापता हैं।

मध्य-पूर्व एशियाई देश यमन और अफ्रीकी देश जिबूती के तट पर प्रवासियों से भरी चार नावों के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में अभी तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और कुल 186 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस घटना की जानकारी संयुक्त राष्ट्र प्रवास एजेंसी की तरफ से दी गई है।

मामले में अंतर्राष्ट्रीय प्रवास संगठन के प्रवक्ता तमीम एलीयन ने बताया कि गुरुवार को यमन के तट पर दो नौकाएं पलट गईं। जिसमें दो चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया, लेकिन 181 प्रवासी और पांच यमन चालक दल के सदस्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि लगभग उसी समय छोटे से अफ्रीकी देश जिबूती के तट पर दो अन्य नौकाएं पलट गईं। दो प्रवासियों के शव बरामद किए गए और उनमें सवार सभी लोगों को बचा लिया गया। आईओएम के अनुसार, 2024 में लाल सागर और अदन की खाड़ी को पार करते हुए हॉर्न ऑफ अफ्रीका से यमन की ओर जाने वाले कई प्रवासियों की तरफ से इस्तेमाल किए जाने वाले मार्ग पर 558 लोगों की मौत हो गई। वहीं 2023 में यमन पहुंचने वाले प्रवासियों की संख्या 97 हजार 200 तक पहुंच गई - जो साल 2021 की संख्या से तीन गुनी है।

इस महीने आईओएम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यह संख्या घटकर 61 हजार से कुछ कम रह गई, संभवतः ये कमी जल क्षेत्र में अधिक गश्त के कारण दर्ज की गई है। आईओएम के अनुसार, पिछले एक दशक में कम से कम 2,082 प्रवासी इस मार्ग से गायब हो गए हैं, जिनमें से 693 के डूब जाने की जानकारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में यमन में लगभग 380,000 प्रवासी हैं।

पेरिस में पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम मिला

पेरिस। फ्रांस में रेलवे की पटरियों के पास बम मिलने की खबर है। यहां पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों को रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पेरिस के गारे डू नॉर्ड स्टेशन पर द्वितीय विश्व युद्ध के समय का बम पटरी के पास पाया गया हैं। इसके बाद लंदन जाने वाली यूरोस्टार की सभी ट्रेन सेवाओं को रोकने का फैसला किया गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रेल पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन और उत्तरी क्षेत्र जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों का परिचालन शुक्रवार को रोक दिया गया। यूरोस्टार ब्रिटेन की एक ट्रेन सेवा है।

फ्रांस के राष्ट्रीय रेल संचालक 'एसएनसीएफ' ने एक बयान में कहा कि पुलिस के अलर्ट के बाद गारे डू नॉर्ड पर अगले आदेश तक रेल परिचालन रुका रहेगा।

आतंकवाद ऐसी चुनौती जो खत्म नहीं होती, एकजुट होकर लड़ना जरूरीः जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को एक ऐसी चुनौती बताया है जो कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता की जरूरत है।डबलिन के यूनिवर्सिटी कॉलेज में भारत का विश्व के प्रति दृष्टिकोण विषय पर भाषण देते हुए जयशंकर ने 1985 में हुए एयर इंडिया कनिष्क विमान बम विस्फोट का जिक्र किया। विदेश मंत्री बताया कि इस हमले में मारे गए 329 लोगों की याद में आयरलैंड के अहाकिस्ता गांव में एक स्मारक पट्टिका लगाई गई है। यह हमें लगातार याद दिलाती है कि आतंकवाद एक स्थायी खतरा है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

जयशंकर ने कहा, संघर्ष हमेशा हिंसक और दर्दनाक होते हैं, लेकिन दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह अक्सर हमारी नजरों से छूट जाता है। आज दुनिया में लगभग 60 बड़े संघर्ष चल रहे हैं, लेकिन अखबारों और टीवी में सिर्फ दो-तीन पर ही चर्चा होती है। यह चिंता की बात है कि इन संघर्षों के कारण कई देश अपने सतत विकास लक्ष्यों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद

दर्दनाक

संघर्ष हमेशा हिंसक और दर्दनाक होते हैं, लेकिन दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह अक्सर हमारी नजरों से छूट जाता हैः जयशंकर

और संघर्षों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना जरूरी है, ताकि भविष्य सुरक्षित और स्थिर बनाया जा सके।

भारत और यूरोप के हाल के वर्षों में तालमेल बढ़ा है और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में यह बात कही। भारत का विश्व के प्रति दृष्टिकोण विषय पर अपने भाषण में, जयशंकर ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की अपने 21 आयुक्तों के साथ हाल ही में की गई भारत यात्रा की भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ लगभग

23 वर्षों से मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं। विदेश उम्मीद जताई कि यह कवायद इस साल के अंत तक समाप्त हो जाएगी।

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत के एक बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही यूरोप के साथ हमारा संपर्क बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम वर्तमान में पांचवें स्थान पर हैं, हम निश्चित रूप से इस दशक के अंत तक तीसरे स्थान पर होंगे। हम यूरोप के साथ रिश्ते में बहुत कुछ होते हुए देखते हैं और आयरलैंड इसका एक अभिन्न अंग है, जो स्पष्ट रूप से इस स्थिति का लाभ उठाएगा।÷

जयशंकर ने कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच व्यापार का ÷बहुत मजबूत स्तर÷ है। दोनों देशों की अग्रणी कंपनियों ने एक-दूसरे की अर्थव्यवस्थाओं मौजूदगी बढ़ाई है। दोनों देशों के बीच वर्तमान में 16 अरब पाउंड के व्यापार का अनुमान है। लेकिन मुझे आशंका है कि यह आंकड़ा थोड़ा और बड़ा है। आयरलैंड के साथ दिलचस्प बात यह है कि वास्तव में सेवाओं में हमारा व्यापार हमारे माल के व्यापार से बहुत अधिक है, और यह वास्तव में हमारे लिए काफी असामान्य है। हमारी कई प्रमुख आईटी कंपनियां यहां हैं। मुझे लगता है कि आप में से अधिकांश जानते हैं कि हमारी कुछ फार्मा कंपनियां यहां हैं, और मैं कहूंगा कि व्यापार के मामले में कई घरेलू आयरिश नामों की भारत में भी लंबे समय से उपस्थिति है।÷

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पर्यटन बढ़ रहा है और मैत्रीपूर्ण वीजा नीति भी जल्द अमल में आने की उम्मीद है।

मोदी-शी बैठक के बाद भारत-चीन को सभी स्तरों पर मिले सकारात्मक नतीजे, बोले- चीन के विदेश मंत्री वांग यी

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पिछले वर्ष रूस के कजान में हुई मुलाकात के बाद दोनों के बीच सभी स्तरों पर सकारात्मक नतीजे मिले हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों में ''सकारात्मक प्रगति'' हुई है और पिछले साल पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में मिली सफलता के बाद सभी स्तरों पर उत्साहजनक नतीजे मिले हैं। वांग ने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछा गया था कि दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के बाद बीजिंग द्विपक्षीय संबंधों को किस तरह देखता है? इसके जवाब में वांग ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में सफल बैठक के बाद पिछले वर्ष चीन-भारत संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है।'' वांग ने

मार्गदर्शन

वांग ने संसद के वार्षिक सत्र से इतर कहा कि शी और मोदी दोनों ने कजान बैठक में संबंधों में सुधार के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

संसद के वार्षिक सत्र से इतर कहा कि शी और मोदी दोनों ने कजान बैठक में संबंधों में सुधार के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद, दोनों पक्षों ने नेताओं की महत्वपूर्ण आम समझ का ईमानदारी से पालन किया गया। इससे सभी स्तरों पर आदान-प्रदान और व्यावहारिक सहयोग को मजबूत किया और कई सकारात्मक परिणाम हासिल किए।

भारत और चीन ने पिछले साल बातचीत के बाद एक समझौते के

तहत पूर्वी लद्दाख के अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की। जिससे पिछले चार साल से अधिक समय से दोनों देशों के बीच चल रहा तनाव बहुत हद तक कम हो गया। समझौते को अंतिम रूप देने के बाद मोदी और शी ने 23 अक्तूबर को कजान में वार्ता की। बैठक में दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर बातचीत फिर से शुरू करने का निर्णय लिया।

इसके बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वांग ने 18 दिसंबर को बीजिंग में 23वीं विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता की। 26 जनवरी को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री चीन की राजधानी गए और विदेश सचिव-उपमंत्री स्तर पर अपने चीनी समकक्ष सुन वेइदोंग से बातचीत की। संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति के महत्व पर भारत की ओर से जोर दिए जाने का स्पष्ट संदर्भ देते हुए वांग ने चीन के इस रुख को दोहराया कि सीमा या अन्य मुद्दों पर मतभेदों से समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए। वांग, जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के शक्तिशाली राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी हैं, ने कहा, दो प्राचीन सभ्यताओं के रूप में, हमारे पास सीमा मुद्दे के निष्पक्ष और उचित समाधान तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए पर्याप्त ज्ञान और क्षमता है। उन्होंने कहा, हमें द्विपक्षीय संबंधों को कभी सीमा से जुड़े सवालों या कुछ मतभेदों से परिभाषित नहीं होने देना चाहिए, जिससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों की समग्र तस्वीर प्रभावित हो। चीन का मानना है कि सबसे बड़े पड़ोसी होने के नाते दोनों देशों को एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनना चाहिए।

अमेरिका से टैरिफ युद्ध के बीच भावुक हुए ट्रूडो, बोले- मैंने हमेशा कनाडा के लोगों को पहले रखा



ओटावा। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैंने अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान हर दिन कनाडा के लोगों को प्राथमिकता पर रखा। मुझे भी लोगों ने समर्थन दिया और आज मैं कहना चाहता हूं कि हम आपके साथ है। अपनी सरकार के आखिरी दिन भी हम आपके लिए काम करते रहेंगे।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी बतौर पीएम अंतिम प्रेसवार्ता में भावुक हो गए। अपने नौ साल के कार्यकाल के मुश्किल समय को याद करते हुए ट्रूडो भावुक हो गए और इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की भी आलोचना की। जस्टिन ट्रूडो ने अपनी गिरती लोकप्रियता के चलते बीती जनवरी में पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

मीडिया से बात करते हुए जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैंने अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान हर दिन कनाडा के लोगों को प्राथमिकता पर रखा। मुझे भी लोगों ने समर्थन दिया और आज मैं कहना चाहता हूं कि हम आपके साथ है। अपनी सरकार के आखिरी दिन भी हम आपके लिए काम करते रहेंगे। हम कनाडा के लोगों को कमजोर नहीं पड़ने देंगे। रविवार को कनाडा में सत्ताधारी लिबरल पार्टी अपने नए नेता का चुनाव करेगी, जिसके बाद ट्रूडो पद छोड़ देंगे। अपने भाषण में ट्रूडो ने कहा कि कनाडा के लोगों को एकजुट रहने की जरूरत है, लेकिन साथ ही उन्होंने चेताया कि आने वाला वक्त काफी मुश्किल होने वाला है। ट्रूडो ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन पर भी तंज कसा।

गौरतलब है कि ट्रंप ने कनाडा से आयात होने वाले सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है।

इसके जवाब में कनाडा की तरफ से अमेरिका से आने वाले 30 अरब कनाडाई डॉलर के उत्पादों पर भी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया गया। इस टैरिफ वॉर से अमेरिकी बाजार में भारी उथल-पुथल देखी गई। जिसके बाद ट्रंप ने कनाडा पर लगे टैरिफ को कुछ दिनों के लिए टालने का फैसला किया। कनाडा, अमेरिका के सबसे बड़े व्यापार साझेदार देशों में से एक है। ऐसे में टैरिफ युद्ध का असर दोनों देशों पर पड़ना स्वभाविक है।

किताबों को अपने जीवन से जोड़े रखे: प्रो. वंदना सिंह

पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के लिए दिलाई गई प्रतिज्ञा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के निर्देश के क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव में शुक्रवार को ÷पढ़े विश्वविद्यालय,बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय÷ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलाई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि किताबें न केवल शिक्षा का एक स्रोत हैं, बल्कि हमारे मानसिक विकास, सोचने की क्षमता और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि इन्टरनेट के इस दौर में भी किताबों का अपना एक अलग महत्व है। किताबों से हमें ज्ञान मिलता है और नए विचार और दृष्टिकोण से परिचित भी होते है। किताबों को अपने जीवन से जोड़े रखे।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कुलपति सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समय किताब पढ़ी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय, प्रबंध अध्ययन संकाय, फार्मेसी, विधि संकाय और इंजिनीयरिंग संकाय के विभागों में दिन में 11बजे से 12 बजे तक शिक्षकों और विद्यार्थियों ने किताब पढ़ी। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के भी विभिन्न विभागों में कर्मचारियों ने किताब पढ़ी।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार विद्यार्थियों को आकृतियों में भी बैठा कर किताबें पढ़ाई गई। प्रबंध अध्ययन संकाय में संकाय के नाम की आकृति, संकाय भवन में डीएनए, रज्जू भईया संसथान में पुस्तक, मुक्तांगन में भारत माता एवं फार्मेसी संस्था में ओम लिखी आकृति में भी विद्यार्थियों को किताब पढ़ने के लिए बैठाया गया था। विभिन्न गतिविधियों का संयोजन डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. शशिकांत ने किया। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की विविध गतिविधियों में कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो राम नारायण, प्रो. राजेश सिंह., प्रो. वीडी शर्मा, डॉ. माया सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. आलोक गुप्त, डॉ. ऋषिकेश, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चन्दन सिंह, मनोज पाण्डेय, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल रहे।

विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया था। इसमें प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रवि प्रकाश, उप कुलसचिव बबिता सिंह, श्री अमृत लाल को जिम्मेदारी दी गई थी. गाजीपुर पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो.राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय को गाजीपुर का समन्वयक बनाया गया था।

08 बाइक/फैंटम को सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। शहर क्षेत्र के यातायात व्यवस्था को सुगम, सुचारू, सरल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक जौनपुर , द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में प्राप्त 08 बाइक/फैंटम को शहर में 07 निर्धारित रुट पर चलाये जाने के लिये यातायात कार्यालय से सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो अपने अपने निर्धारित रूटों पर यातायात व्यवस्था के तहत सड़कों पर गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटवाने के साथ साथ यातायात को सामान्य बनाने के साथ प्रवर्तन का भी कार्य करेंगे।

बाइक संख्या 1 का रुट - लाइन बाजार चौराहा, कलेक्ट्रेड, सिविल लाइन, जोगियापुर पुल, अंबेडकर तिराहा, मातापुर रेलवे क्रॉसिंग, टीडी कॉलेज उत्तरी गेट, शेखपुर, रोडवेज तिराहा तक।बाइक संख्या 2 का रुट - वाजिदपुर, पॉलिटेक्निक, नईगंज, मछली शहर पड़ाव, बदलापुर पड़ाव, कालिचाबाद, मुरादगंज, सीहीपुर रेलवे क्रासिंग, मडियाहू ओवर ब्रिज तक। बाइक संख्या 3 का रुट - वाजिदपुर, जेसिज, जोगियापुर पुल, रिवरव्यू, सिपाह, सेंट पैट्रिक, पचहटिया, प्रसाद तिराहा, विशेश्वरपुर, आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग, कुत्तुपुर तक। बाइक संख्या 4 का रुट - पॉलिटेक्निक, रुहट्टा, किसन काफी, मछली शहर पड़ाव, ओलंदगंज, बदलापुर पड़ाव, शाही पुल, चहारसू तक। बाइक संख्या 5 का रुट - जेसिस चौराहा, चंद्रा, जेपी, मोती ड्रेसेज, जेपी, भाजपा तिराहा, ओलनगंज, गुप्ता शू हाउस, सदभावना तिराहा, मछरहट्टा, जोगियापुर पुल तक।बाइक संख्या 6 का रुट - चहारसू, कोतवाली, चांद मेडिकल, बड़ी मस्जिद, मल्हनी पड़ाव, शाहगंज पड़ावल, शंकर मंडी, कुत्तुपुर, चांद मेडिकल तक। बाइक संख्या 7 का रुट - कोतवाली, सब्जी मंडी, सुतहट्टी, भंडारी, सुतहट्टी, अटाला, किला, अशोक टॉकीज, अटाला, पोस्ट ऑफिस, नगर पालिका, कोतवाली, मानिक चौक, सिपाह तक। बाइक संख्या 8 का रुट इनके निगरानी/सहयोग में 01 उ0नि0 यातायात द्वारा आवश्यकतानुसार। उपरोक्त रुट पर ये बाइक/फैंटम सुबह 9:00 से रात्रि 21:00 तक यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे व वाहनों के आवागमन को सुचारु रुप से संचालित करायेंगे।

बिजली करंट लगने से मजदूर की मौत

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दर्दनाक हादसा हो गया, जहां बिजली का करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब शादी समारोह संपन्न होने के बाद मजदूर टेंट को खोल रहे थे, तभी लोहे की पाइप बिजली के तार से छू गई, जिसके बाद पाइप में करंट उतर गया, इसी बीच जैसे ही मजदूरों ने उसे हाथ लगाया उन्हें जोरदार करंट लगा और दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

ये दर्दनाक घटना गंगानगर के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के गगौर गांव की है, जहां रहने वाले विजय पटेल की बेटी की शादी थी। गुरुवार को शादी समारोह के बाद मजदूर टेंट को खोल रहे थे, इसी दौरान लोहे का पाइप बिजली के तार से छू गया, जिसके बाद जिसकी चपेट में टेंट खोल रहे तीन मजदूर आ गए। जिससे दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

करंट लगने से दो मजदूरों की मौत- इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद आनन फानन में घायल मजदूर को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई हैं, जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

मजदूरों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस घटना के बाद मजदूरों के परिजनों में कोहराम मच गया है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घायल मजदूर की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्ट मार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

जन औषधि दिवस कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जन औषधि दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली आयोजित किया गया एंव जन औषधि दिवस मानाया गया जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी , विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू' सदस्य विधान परिषद जौनपुर, कार्यक्रम के नोडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर की उपस्थिति में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर के सभागार मनाया गया। चीफ फार्मासिस्ट ड्रग वेयर हाउस अरबिन्द सिंह द्वारा जन औषधि केन्द्र के द्वारा जन औषधि का प्रदर्शन किया गया, जनपद के औषधि निरीक्षक चन्द्रेश द्विवेदी द्वारा जन औषधि केन्द्रों से प्राप्त होने वाली सस्ती एंव गुणवत्तापूर्ण औषधियों के विषय में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के सफल संचालन हेतु जन साधारण की भागीदारी पर विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डी0सी0 पतं, डा0 राजीव कुमार, डा0 एन0के0 सिंह एंव सत्यव्रत त्रिवाठी डी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि देश के हर व्यक्ति तक सस्ती एंव गुणवत्तापूर्ण दवाईयॉ पहुचाना सरकार का संकल्प है, अच्छी दवाईया, सस्ती दवाईयॉ सभी के लिये सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण औषधियॉ जन औषधि केन्द्रों से प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी राज्य सभा सांसद द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी एंव अन्य विभागों के अधिकारियों एंव कर्मचारियों को जेनरिक दवाओं के उपयोग हेतु प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अपना विचार व्यक्त किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा जन औषधि दिवस के अवसर पर जेनरिक दवाओं के व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने हेतु अपना विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में का संचालक अरविन्द सिह चीफ फार्मासिस्ट द्वारा किया गया।

अमृत जल पहुंचा रिजर्व पुलिस लाइन श्रद्धालुओं में हुआ गंगा जल का वितरित

आजमगढ़। महाकुंभ-2025 के सफल समापन के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाए गए पवित्र अमृत जल का वितरण वृहस्तपतिवार को पुलिस लाइन स्थित मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। महाकुंभ में प्रयागराज ड्यूटी पर तैनात आजमगढ़ जिले के फायर टेंडर दल अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद लगभग 2500 लीटर पवित्र संगम का अमृत जल लेकर वापस जनपद लौटा। सबसे पहले प्रयागराज त्रिवेणी संगम से लाये गये अमृत जल के वितरण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा पूरी श्रद्धा और विधिवत पूजा-अर्चना कर इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम का अमृत जल वितरित किया गया। लोगों द्वारा धार्मिक आस्था को सहेजने और इसे जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की गयी।

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने चेक किया परीक्षा सेंटर

जौनपुर। जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षा-2025 की आज की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर इंटर कालेज यादवगंज सिकरारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षार्थियों की संख्या की जानकारी लेते हुए नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष और परीक्षा कक्षों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा के सुचारु और नकलविहीन रूप से संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाईन में त्यौहारों के मद्देनजर किया गया बलवा ड्रिल का पूर्वअभ्यास

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार को परेड की ली गई सलामी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़ तथा जनपद में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जौनपुर पुलिस द्वारा किया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास। पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्रिल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में सभी को आवश्यक निर्देश दिये गये। ड्रिल के दौरान आशु गैस के गोले, रबर बुलेट , फायर सर्विस व अन्य का प्रयोग करने की विधि बताकर रिहल्सल कराया गया। ड्रिल के रिहल्सल से पुलिस बल को आने वाले आगामी त्योहार व अन्य परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी। बलवा ड्रिल में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। बाद परेड अर्दली रुम कर सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

केपी ट्रस्ट के डाइग्नोसिस सेंटर का हुआ उद्घाटन, डॉ सिन्हा ने पूरा किया वायदा

प्रयागराज। एशिया के सबसे बड़े ट्रस्ट केपी ट्रस्ट के चुनाव के दौरान डॉ सुशील सिन्हा ने कई वायदे किये थे , कुछ वायदे जिसमें धर्मशाला , अस्पताल , सौ रुपये में न्यासी बनने की सुविधा आदि प्रमुख रूप से था। इसके अलावां इलाज के पहले परीक्षण के लिए डिग्नोसिस सेंटर का वायदा महत्वपूर्ण वायदा था। केपी ट्रस्ट प्रांगण में शुक्रवार को केपी ट्रस्ट चैरिटेबल डाइग्नोसिस सेंटर का उद्घाटन हुआ , जिससे आम न्यासधारियों के साथ साथ अन्य लोगों का रियायती डर पर परीक्षण किया जायेगा। इस अवसर पर डर सिन्हा ने बताया की डिजिटल एक्सरे , ईसीजी और पैथोलॉजी की सुविधा अभी प्रारम्भ की गयी है , आगे इसे और व्यापक स्तर पर बढ़ाया जायेगा। डर सिन्हा ने बताया कि आज न्यासी बनना बहुत ही आसान हो गया है ज्यादा से ज्यादा लोग न्यासी बने और उनका डाइग्नोसिस सेंटर है जिसका लाभ लें। उद्घाटन के मौके पर सैकड़ों न्यासधारिओं के साथ साथ विधान परिषद् सदस्य कीपी श्रीवास्तव , अजय श्रीवास्तव , प्रदीप श्रीवास्तव , प्रवीण श्रीवास्तव , निशीथ वर्मा आदि उपस्थित थे।

पंचायत सदस्य के जंजीर पहनकर जिला पंचायत की बैठक में पहुंचे जताया विरोध

आजमगढ़। जिले में जिला पंचायत की बैठक शुक्रवार को नेहरू हाल में हुई। इस दौरान सपा दल के एक जिला पंचायत सदस्य के जंजीर पहनकर बैठक में पहुंचे। उन्हें देखकर दंग हो गए। जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत के नागरिको को मुल्जिम की तरह हथकड़ी लगाकर भारत भेज रहा है। उसी के विरोध में हम जंजीर पहनकर आए, हम सरकार की निंदा करते हैं। हरिहरपुर गांव के जिला पंचायत सदस्य एवं सपा नेता पप्पू यादव ने कहा कि आजमगढ़ जनपद संदेश देना चाहता है कि जिस प्रकार अमेरिका ने भारत के नागरिकों को हथकड़ियों में जकड़कर इंडिया भेजा वो पूरी तरह गलत है।प्रधानमंत्री मोदी शर्म करें, बोलते हैं कि 36 इंच सीना है। इसके बाद भी वह तमाशबीन बने हुए हैं। अमेरिका में जाकर ट्रंप से मिले और मुस्कुरा रहे थे वो बड़ा बुरा लगा। देश के नागरिकों को मुल्जिम की तरह हथकड़ी लगाकर भेजा गया। इसी के विरोध में हम हथकड़ी पहनकर यहां आए हैं। हमारी मोदी जी से मांग है कि वह इस मामले में कड़ा एक्शन लें।

मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी आज से

- प्राकृतिक फूलों की पुष्प आकृतियां होगी आकर्षण का केन्द्र
- प्रदर्शनी में प्रतिभागी नि:शुल्क करे प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन दिनांक 08.03.2025 से 10.03.2025 के मध्य चन्द्रशेखर आजाद पार्क, (कम्पनी बाग), प्रयागराज में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में गमलें में लगें मौसमी फूल, शोभाकार हरे-भरे पौध, कैक्टस, सकुलेन्ट पौधें, कटे गुलाब के फूल, कटे मौसमी फूल, पुष्प विन्यास, पुष्प की रंगोली, शाकभाजी, फल, प्रसंस्कृत खाद्य प्रदार्थ, शहद एवं पान आदि को प्रदर्शित किया जायेगा। राजकीय एवं निजी विभागों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रतिभागी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेगें। प्रदर्शनी का शुभारम्। उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबन्धक (उ0म0रे0), प्रयागराज द्वारा सांय 4:00 बजे किया जायेगा।

उमेश चन्द्र उत्तम, अधीक्षक, राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि 08 मार्च, 2025 को प्रातः 9:00 बजे तक प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों जैसे गमलें में लगें मौसमी फूल, शोभाकार हरे-भरे पौध, कैक्टस, सकुलेन्ट पौधें, कटे गुलाब के फूल, कटे मौसमी फूल, पुष्प विन्यास, पुष्प की रंगोली, शाकभाजी, फल, प्रसंस्कृत खाद्य प्रदार्थ, शहद एवं पान आदि से सम्बन्धित सभी प्रदर्शो को विभागवार चिन्हित स्थल पर लगायेगें, जिनकी जंजिग का कार्य प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। फोटोग्राफी एवं पेन्टिग प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपना फोटोग्राफ/पेन्टिग अपरान्ह 2:00 बजे तक चिन्हित स्थल पर प्रदर्शित करेगें। छोटे बच्चों के लिए झूला व खान-पान के भी स्टाल लगाये जायेगें। व्यक्तिगत एवं राजकीय प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग करने का कोई शुल्क नही है।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्राकृतिक फूलों के माध्यम से प्रदर्शनी स्थल पर तैयार की जाने वाली पुष्प आकृतियों की टापियरी विशेष रूप से गाय, हिरन, हाथी, जिराफ मेढ़क, शेर, तितली, घोडा, मोर, कंगारू, ऊट एवं कुम्भ कलश आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगी। अकृतियों को तैयार करने के लिए अन्य प्रदेशों से भी कुशल कारीगरों को बुलाया गया है।

सम्पूर्ण प्रदर्शनी का प्रथम पुरस्कार रू0 21000, द्वितीय पुरूस्कार रू0 11000 व तृतीय पुरूस्कार रू0 5100 प्रदान किये जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया साथ ही प्रत्येक वर्ग में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तिगत विजेता प्रतिभागियों को भी नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रदर्शनी में अब तक लगभग 40 व्यवसायिक स्टालों की बुकिंग की जा चुकी है।

जिला पंचायत की हुई बैठक

आजमगढ़। जिला पंचायत, आजमगढ़ की अनुमति से जिला पंचायत के सभागार में बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिला पंचायत, आजमगढ़ के समस्त सदस्यगणों/जनप्रतिनिधियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों में संचालित योजनाओं पर सदन में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। सदन द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरान्त जिला पंचायत, आजमगढ़ का पुनरीक्षित बजट आय वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 72.17 करोड़ एवं पुनरीक्षित व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 में 85.41 करोड़, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल अनुमानित बजट आय 77.53 करोड़ एवं अनुमानित बजट व्यय वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 69.88 करोड़ रूपया अनुमोदित किया गया। मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक श्रम बजट का अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। बैठक के अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गयी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली पर लिये 20 नमूनें

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी आजमगढ़ व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आजमगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद के आम जनमानस को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-प्प् आजमगढ़ द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल द्वारा खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयॉ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु आज उप जिलाधिकारी फूलपुर एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ श्रवण कुमार मिश्र के नेतृत्व में फूलपुर बाजार से बेसन का नमूना, रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का नमूना, रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल तथा रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का नमूना लिया गया एवं 360 कि0ग्रा0 बेसन, 150 लीटर पामोलीन ऑयल, 46 कि0ग्रा0 रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल, 180 कि0ग्रा0 रिफाइण्ड सोयाबीन तेल आदि का कुल मूल्य 76,380- को सीज किया गया। टीम द्वारा फूलपुर बाजार से 01 पनीर व 01 बूंदी के लड्डू का नमूना एवं शाहपुर रोड सरायमीर से गट्टा मिठाई ,चिक्की व नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया तथा 82 कि0ग्रा0 नमकीन मूल्य 13,120- का सीज किया गया एवं रानी की सराय से खोया तथा पनीर का नमूना संग्रहित किया गया।

उप जिलाधिकारी निजामाबाद के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दूसरी टीम ने हुसेनाबाद निजामाबाद से पापड़ व सरसो का तेल तथा निजामाबाद से बेसन व रंगीन कचरी का नमूना संग्रहित किया गया व 45 कि0ग्रा0 कचरी मूल्य 2700 का सीज किया गया एवं मोहम्मदपुर तिराहा से 02 रंगीन कचरी के नमूनें संग्रहित कर सीज किये गये जिसकी मात्रा लगभग 10 कुतल व मूल्य 60,000 है। टीम के सदस्यों द्वारा सिधारी से पनीर, मैदा व बेसन का नमूना भी संग्रहित किया गया।

प्राइवेट कम्पनी के विरूद्ध याचिका पोषणीय नहीं : हाईकोर्ट

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 226 में किसी प्राइवेट कम्पनी/संस्था के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत राज्य माने जाने वाली संस्थाओं के खिलाफ ही अनुच्छेद 226 में याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की जा सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका को पोषणीय नहीं मानते हुये खारिज कर दिया है। साथ ही याची मेसर्स मनोज पेट्रोलियम को कानून के तहत वैकल्पिक अनुतोष प्राप्त करने की छूट दी है। याचिका में नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी द्वारा मेसर्स मनोज पेट्रोलियम कम्पनी के साथ पेट्रोलियम पदार्थो की खरीद व बिक्री के लिये हुये करार को भंग करने की वैधता को चुनौती दी गयी थी। नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी की तरफ से पेश हुये अधिवक्ता यश पाडिया ने दलील दी कि नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित एक कम्पनी है जो कि एक निजी स्वामित्व वाली और नियंत्रित इकाई है, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा बिकी की फ्रेंचाइजी वितरित करने के लिये अधिकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप उक्त उद्देश्य के लिए याचिकाकर्ता मेसर्स मनोज पेट्रोलियम और नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के बीच दिनांक 06.01.2020 को फ्रेंचाइजी समझौता किया गया है। फेचाइजी समझौता स्पष्ट रूप से और अनिवार्य रूप से एक निजी अनुबन्ध है जिसे सरकारी नियंत्र से अछूते निजी पक्षों द्वारा और उनके बीच निष्पादित किया जाता है। अधिवक्ता यश पाडिया ने यह भी दलील दी कि नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के अनुसार राज्य की परिभाषा के दायरे में नहीं आती है। यह कम्पनी एक लाभ कमाने वाला संगठन है और पेट्रोलियम उत्पादों की बिकी का उक्त व्यवसाय किसी जनकल्याण के उद्देश्य से किया जाता है, इसलिये यह केवल याचिकाकर्ता मेसर्स मनोज पेट्रोलियम के बीच निष्पादित समझौते के अनुसरण में कर्तव्यों का निर्वहन और उसके निर्देशों का पालन कर रहा है। इसे कभी भी जनहित में कार्य करने के रूप में नहीं माना जा सकता है। नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के अधिवक्ता यश पाडिया ने यह भी तर्क दिया कि मेसर्स मनोज पेट्रोलियम के पास वैकल्पिक व प्रभावी उपाय है और उक्त उपाय का लाभ उठाये बिना उन्होंने याचिका क्षेत्राधिकार के तहत इस न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है जो कानून का मखौल है। फ्रेंचाइज समझौता के खण्ड 20 में शिकायत निवारण स्थापना का प्रावधान है और उसी के खंड 21 में एक मध्यस्थता खंड शामिल है जो पक्षों के बीच समझौते का अभिन्न अंग है। न्यायालय के समक्ष निर्धारण हेतु यह प्रश्न था कि क्या नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी, भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के दायरे में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित और स्पष्ट की गई ÷राज्य की परिभाषा के अन्तर्गत आती है कि नहीं? खण्डपीठ ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सभी पहलुओं को देखने के पश्चात यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो गया है कि मेसर्स मनोज पेट्रोलियम, याचिकाकर्ता तथा प्रतिपक्षी संख्या-3 नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के बीच सम्बन्ध, दोनों ही निजी संस्थाओं होने के कारण, संविदात्मक प्रकृति के है, जो केवल वाणिज्यिक उददेश्य के लिये पेट्रोलियम तथा डीजल उत्पादों की बिकी के उद्देश्य से एक फ्रेंचाइजी समझौते के उद्देश्य से बनाये गये है। नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी एक निजी कम्पनी है, क्योंकि यह न तो किसी कानून के तहत बनाई गई है, न ही यह वित्तीय या प्रशासनिक रूप से सरकार द्वारा नियंत्रित है। उक्त मामले की सुनवाई के पश्चात न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ एवं न्यायमूर्ति बी0सी0दीक्षित की खण्डपीठ ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 226 में किसी प्राइवेट कम्पनी के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है एवं खण्डपीठ ने नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका को पोषणीय नहीं मानते हुये खारिज कर दिया। न्यायालय ने सभी पक्षों की ओर से उपस्थित हुये अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क के दौरान दिखाई गई निपुणता और धैर्य तथा उनके द्वारा किए गए व्यापक एवं सारगर्भित शोध के लिए धन्यवाद देना चाहता है, जिससे न्यायालय को अपने निष्कर्ष पर पहुँचने में सहायता मिली है।

नीमा आजमगढ़ द्वारा शोक सभा का आयोजन

आजमगढ़। नीमा उत्तर प्रदेश काउंसिल के जनरल सेक्रेटरी एवं सेंट्रल काउन्सिल के सेक्रेटरी जनरल डॉ. उमा शंकर पाण्डेय के आकस्मिक निधन के उपलक्ष्य मे नीमा आजमगढ़ द्वारा सिधारी पर कल रात एक शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ. उमा शंकर पाण्डेय के कुशल नेतृत्व की सराहना की तथा असमय काल कवलित होने के प्रति दुःख प्रकट किया तथा कामना किया कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार व शुभचिंतकों को इस कठिन समय में संबल दें। सभी सदस्यों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। शोक सभा की अध्यक्षता डॉ.पी.एन. मिश्रा ने तथा संचालन डॉ. डी.डी. सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. वी.के. सिंह, डॉ. पी.एन. मिश्रा, डॉ. मनीष राय, डॉ. विनोद कश्यप, डॉ. मनीष चौबे, डॉ. अजीम अहमद, डॉ. डी.डी. सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंगिक विविधता और समावेशन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया

बेंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ऑटोमोटिव उद्योग में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए

अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उद्योग में लैंगिक बाधाओं को तोड़ने के अपने निरंतर प्रयासों के भाग के रूप में, टीकेएम उन नीतियों और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देता है जो विनिर्माण, तकनीकी और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं का समर्थन करते हैं। 2030 तक 30त्न महिला प्रतिनिधित्व हासिल करने के लक्ष्य के साथ, टीकेएम ने संगठन के भीतर महिलाओं का समर्थन करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं। इस वर्ष महिला दिवस की थीम ां एक्सीलरेटएक्शन टीकेएम के उस नजरिये के अनुकूल है जिसके तहत एक ऐसा कार्यस्थल बनाना है जो प्रतिभा का पोषण करता है, समावेशिता को अपनाता है और विनिर्माण क्षेत्र की बाधाओं को दूर करता है। महिलाओं के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए, टीकेएम अपने बिदादी संयंत्र में एक विशेष कार्यक्रम करेगा, जिसमें 500 से अधिक महिला कर्मचारियों को इकट्ठा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नेतृत्व चर्चा, पैनल सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्कृष्ट योगदानों को मान्यता दी जाएगी।इस अवसर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, वित्त और प्रशासन जी शंकर ने कहा, ÷ टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम मानते हैं कि विविधता केवल एक मापदंड नहीं है, बल्कि नवाचार और प्रगति के लिए उत्प्रेरक है। समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता नीतियों से परे है - यह एक ऐसा वातावरण बनाने के बारे में है जहाँ महिलाएँ आगे बढ़ सकें, नेतृत्व कर सकें और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। स्किलिंग और अपस्किलिंग पर निरंतर ध्यान दिये जाने से, हमारा लक्ष्य गतिशीलता के भविष्य को चलाने के लिए अधिक महिलाओं को सशक्त बनाना है, जो 2030 तक 30त्न प्रतिनिधित्व की ओर हमारी यात्रा को मजबूत करता है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, हम अपनी महिला कर्मचारियों की विशेषताओं, शक्ति और योगदान का सम्मान करते हैं, जो न केवल टोयोटा की सफलता बल्कि ऑटोमोटिव उद्योग के भविष्य को आकार दे रही हैं।

एमेज़ॉन इंडिया का एलिवेटहर 2025 स्पीड मेंटरिंग और करियर डेवलपमेंट द्वारा महिलाओं को सशक्त बना रहा है

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) 2025 के अवसर पर एमेज़ॉन इंडिया ने 'एमेज़ॉन एलिवेटहर 2025' का आयोजन किया। यह पहल मेंटरशिप और करियर डेवलपमेंट के अवसरों द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक थीम के अनुसार बैंगलोर में एक ईवेंट 'एक्सेलरेट एक्शन' का आयोजन किया गया, जिसमें एमेज़ॉन के लीडर्स और महत्वाकांक्षी प्रोफेशनल्स ने मेंटरशिप, सहयोग और स्पॉन्सरशिप पर ज्ञानवर्धक बातचीत की। एलिवेटहर 2025 से लैंगिक समानता की ओर एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का विकास करने के लिए आवश्यक टूल्स और संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है।''गाईडिंग लाइट: स्पॉन्सरशिप, रेज़िलिएंस, एंड एम्पॉवरिंग वीमेन टू राइज़' विषय पर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें अभिनेत्री और लेखिका, सोनाली बेंद्रे और दीप्ति वर्मा, वीपी - एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने हिस्सा लिया।दीप्ति वर्मा, वीपी, एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा, ''एमेज़ॉन में हम ऐसी संस्कृति का विकास कर रहे हैं, जिसमें सभी लोग आगे बढ़ें। हम मेंटरशिप से आगे बढ़कर सहयोग और स्पॉन्सरशिप तक पहुँच रहे हैं और करियर के विकास के लिए एक सपोर्ट सिस्टम का निर्माण कर रहे हैं।

हिमालया वेलनेस ने लॉन्च किया हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट, युवा लड़कियों को #1 बनने के लिए किया प्रेरित

बेंगलुरु। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड, हिमालया वेलनेस ने गर्व से हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट के लॉन्च की घोषणा की, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से ऊपर उठकर अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित पहल है।

इस दृष्टिकोण को जीवंत करने के लिए, हिमालया ने 2024 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) महिला टीम के साथ साझेदारी की है, जो उभरती हुई युवा महिला क्रिकेटरों को उनके खेल आइडियल से विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप सत्र का खास अवसर प्रदान करता है।

हिमालया वंडरवुमन प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि युवा लड़कियों और वास्तविक जीवन को खासकर खेल और अन्य क्षेत्रों में महिला रोल मॉडलों से जुड़ने का अवसर मिल सके, ताकि महत्वाकांक्षा और अवसर के बीच की खाई को पाटी जा सके।

मेंटरशिप, संसाधनों तक पहुंच और ठोस दीर्घकालिक समर्थन के माध्यम से, यह पहल अगली पीढ़ी की महिला नेताओं और एथलीटों को प्रेरित और सशक्त बनाने के लिए तैयार है।

लॉन्च इवेंट के अंतर्गत, बेंगलुरु स्थित एक क्रिकेट अकादमी की 15 युवा महिला क्रिकेटरों को आरसीबी महिला टीम के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ एक विशेष प्रशिक्षण सत्र के लिए आमंत्रित किया गया। इन खिलाड़ियों में *स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, श्रेयांका पाटिल और अन्य खिलाड़ी शामिल थीं।

एक कोचिंग अनुभव से अधिक, ये सत्र एक प्रेरणादायक परामर्श मंच बन गया, जहां इन युवा एथलीटों को खेल में सफल महिला रोल मॉडल के साथ बातचीत करने व उनसे सीखने का विशेष अवसर मिला- एक ऐसा क्षेत्र जहां महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रूप से सीमित रही है।

इस सत्र से न सिर्फ कौशल निर्माण बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्म-विश्वास जगाने और इन उभरती एथलीटों को यह दिखाया गया कि वे भी किसी अन्य की तरह ही मैदान पर अपनी जगह बना सकती है।

ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय अपने घर ले आए अपनी एमजी विंडसर ईवी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर और ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय को एमजी विंडसर की डिलीवरी देकर सम्मानित किया। यह आयोजन भारत के खिलाड़ियों और उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, सभी ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को अभूतपूर्व एमजी विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। विंडसर, जो लगातार पांच महीनों से भारत की सबसे अधिक बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राकेश सेन, डायरेक्टर, सीईएम, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा ललित और पूरी राष्ट्रीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में हमारे देश को गौरवान्वित किया हैं। उनकी प्रेरणादायक यात्रा के सम्मान में, हम उन्हें एमजी विंडसर भेंट करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियां एमजी की नवाचार और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती हैं, जो दूसरों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और नई संभावनाओं को परिभाषित करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस मौके पर ललित उपाध्याय ने कहा ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है, और एमजी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड द्वारा हमारी जीत को सराहा जाना इस सफर को और भी अधिक पुरस्कृत करता है।

लेक्सस इंडिया ने नई एलएक्स 500डी के लिए बुकिंग शुरू करने की घोषणा की

लखनऊ। लेक्सस इंडिया ने नई लेक्सस एलएक्स 500डी के लिए बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है, एक एसयूवी जो लक्ज़री, क्षमता को नया आयाम देते हुए बेहतरीन अनुभव देती है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्स्पो 2025 में दर्शाई गई एलएक्स 500डी को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह ऑन-रोड और ऑफ-रोड- दोनों की परिस्थितियों में ड्राइविंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करती है। नई एलएक्स 500डी पावर, परफोर्मेन्स का शानदार संयोजन है जो हर तरह के इलाकों के लिए परफेक्ट है।एलएक्स 500डी पावरफुल 3.3 लीटर वी6 डीज़ल इंजन, ट्विन टर्बो सिस्टम के साथ आती है, जो उबड़-खाबड़ सड़कों पर भी ड्राइविंग को आसान बनाता है, यह एसयूवी की ऑफ-रोडिंग की क्षमता को दर्शाता है। इस घोषणा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री तन्मय भट्टाचार्य, एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट, लेक्सस इंडिया ने कहा, ''कई सालों से एलएक्स ने ड्राइविंग के अनुभव को अप्रत्याशित उंचाईयों तक पहुंचाया है। यह वाहन लक्ज़री एवं परफोर्मेन्स में बेजोड़ प्रभुत्व स्थापित करने के हमारे समर्पण की पुष्टि करता है। हमारे कोर मूल्यों के साथ एलएक्स 500 डी मोबिलिटी के भविष्य को नया आयाम देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह वाहन पावरफुल, शानदार डिज़ाइन के साथ कई नए फीचर्स के साथ आता है जैसे लेक्सस सेफ्टी सिस्टम प्लस 3.0, जो बेहतर सुरक्षा देता है।

सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी बुक5 सीरीज़ की प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने नए प्रमुख एआई पीसी- गैलेक्सी बुक5 360, गैलेक्सी बुक5 प्रो और गैलेक्सी बुक5 प्रो 360 के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ये नए डिवाइसेस जबर्दस्त परफॉर्मेंस और बैटरी लाइफ के साथ आते हैं और इन्हें एक अल्ट्रा-पोर्टेबल, प्रीमियम डिजाइन में पेश किया गया है। निश्चित रूप से ये डिवाइसेस भारत में एआई पीसी के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं।

इंटेल के एडवांस्ड लूनर लेक प्रोसेसर से पावर्ड, गैलेक्सी बुक5 सीरीज़, पहली बार गैलेक्सी एआई और को- पायलट+ पीसी की शक्ति को एक साथ लाती है, जिससे सीखने, काम करने और खेलने के नए तरीके संभव होते हैं। गैलेक्सी बुक 5 सीरीज़ एआई सेलेक्ट जैसे फीचर्स के साथ भी आएगी, जो यूजर्स को बड़ी आसानी से सर्च करने की अनुमति देती है। फोटो रीमास्टर फीचर यूजर्स को शानदार क्लैरिटी के साथ

फौरन प्रो-लेवल की इमेज एडिट्स करने में मदद करती है। ये नए फीचर्स यूजर्स के लिए प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को नए अंदाज में पेश करने के लिए तैयार हैं। अपनी विरासत पर खरा उतरते हुए, गैलेक्सी बुक5 सीरीज़ नेक्स्ट लेवल का परफॉर्मेंस देता है। इसमें शानदार टच-स्क्रीन डिस्प्ले, श्रेणी में सर्वोत्तम बैटरी और एक आधुनिक सटीक टच पैड, विभिन्न पोर्ट भी हैं। गैलेक्सी इकोसिस्टम के साथ, ग्राहक फोन लिंक, क्विक शेयर, मल्टी-कंट्रोल, गैलेक्सी स्मार्टफोन और टैबलेट उपयोगकर्ताओं के साथ दूसरी स्क्रीन जैसी सुविधाओं के साथ शानदार फोन-पीसी कनेक्टिविटी भी इनेबल कर सकते हैं। इससे वे बिना किसी रुकावट के उपकरणों में काम कर सकते हैं।

मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी का विस्तार किया

नई दिल्ली। भारत के एकमात्र ट्रू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने रिलैक्सो ग्रुप, पैरागन और लिबर्टी ब्रांड्स पेश करके अपने प्लेटफॉर्म पर फुटवियर श्रेणी को मजबूत किया है। इस लॉन्च के बाद लाखों शॉपर्स को ये भरोसेमंद ब्रांड मीशो पर उपलब्ध हो सकेंगे। यह रणनीतिक कदम खासकर टियर 2. बाजारों में ब्रांडेड, हाई-क्वालिटी के फुटवियर उपलब्ध कराने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है क्योंकि इन बाजारों के शॉपर्स कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी के लिए भरोसेमंद ब्रांड्स को ज्यादा पसंद करते हैं।

इन ब्रांड्स ने छोटी सी अवधि में ही ऑर्डर्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। रिलैक्सो ग्रुप की मांग में 2.5 गुना, पैरागन की मांग में 2.5 गुना और लिबर्टी की मांग में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। इस वृद्धि को फ्लिप-फ्लॉप्स, कैज़्युअल शूज़, स्पोर्ट्स शूज़, और फॉर्मल फुटवियर जैसे स्टाईल्स की बढ़ती मांग से तेजी मिली है, जो खासकर महवा, भाटापारा, सुपौल, और नुज़विद जैसे तेजी से बढ़ते हुए टियर-3 शहरों में दर्ज हुई है। इससे प्रदर्शित होता है कि मीशो किस प्रकार इन ब्रांड्स के लिए टियर 3.बाजारों के दरवाजे खोल रहा है और उन्हें अपने ग्राहकों का विस्तार करने में समर्थ बना रहा है।

मीशो द्वारा मॉल पर अपने ब्रांड का विस्तार किया जा रहा है। इसने अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी शॉपिंग की आदतों, और उनकी बदलती पसंद की गहरी समझ प्राप्त कर ली है। फुटवियर की श्रेणी मुख्यतः ब्रांड की पहचान और विश्वास पर निर्भर होती है। ग्राहकों की अपेक्षाओं और उपलब्धता के बीच का अंतर दूर करके मीशो द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि शॉपर्स चाहे जहाँ कहीं भी हों, उन्हें बिना किसी समझौते के फुटवियर का विस्तृत संग्रह प्राप्त हो सके।

रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी मीशो के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। वो भारत में बढ़ते हुए ग्राहक वर्ग की विकसित होती हुई पसंद को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मीशो के विस्तृत यूज़र बेस के साथ ये ब्रांड्स 2025 में जबरदस्त वृद्धि करने के लिए मजबूत स्थिति में हैं।

करियर में ब्रेक शामिल हो सकते हैं, लेकिन वित्तीय लक्ष्यों में कभी नहीं

लखनऊ। इस महिला दिवस पर, बंधन म्यूचुअल फंड द इक्वल कैलकुलेटर के लॉन्च के साथ फाइनेंशियल प्लानिंग को नए सिरे से सभी के सामने रख रहा है। ये नया द इक्वल कैलकुलेटर, वास्तविक जीवन के करियर के सफर में एक विराम लगाने या आराम करने की अवधि को संतुलन में लाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक ऑनलाइन टूल है। पारंपरिक इनवेस्टमेंट कैलकुलेटर के विपरीत जो निरंतर आय को ही आधार मानते हैं, द इक्वल कैलकुलेटर यह मानता है कि करियर ब्रेक भी जीवन की एक वास्तविकता है, खासकर उन महिलाओं के लिए जो परिवार, शिक्षा या व्यक्तिगत विकास के लिए दूर रहती हैं। यह अपनी तरह का अनूठा फाइनेंशियल टूल यह सुनिश्चित करता है कि ब्रेक लेने का मतलब पीछे छूट जाना नहीं है। करियर में ब्रेक को ध्यान में रखते हुए, बंधन म्यूचुअल फंड का द इक्वल कैलकुलेटर, सभी को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने वित्तीय भविष्य की योजना बनाने में मदद करता है, जो लॉन्गटर्म में वेल्थ क्रिएशन के लिए अधिक सटीक रोडमैप प्रदान करता है। विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि बंधन म्यूचुअल फंड में, हमारा मानना है कि जीवन के ठहराव से वित्तीय स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि द इक्वल कैलकुलेटर के साथ, हम व्यक्तियों विशेष रूप से महिलाओं को अपने वित्तीय लक्ष्यों पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाते हैं, फिर चाहे करियर में रुकावटें क्यों न हों। हमारा टूल सुनिश्चित करता है कि आपको एक ऐसी कैलकुलेशन मिले जो आपकी वित्तीय अपेक्षाओं और इच्छाओं के अनुरूप हो, जो आपके सफर में रुकावटों के बावजूद हालात को सामान्य करे।

कॉरपोरेट जगत के लिए एनपीएस क्यों जरूरी? फिक्की और पीएफआरडीए द्वारा आयोजित इंटरएक्टिव सेशन में विशेषज्ञों ने बताए फायदे

लखनऊ। फिक्की और पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के संयुक्त तत्वावधान में ÷नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) फॉर कॉरपोरेट्स÷ विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉरपोरेट जगत को एनपीएस की संरचना, कर लाभों और दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराना था। सत्र में विशेषज्ञों ने एनपीएस की उपयोगिता, निवेश विकल्पों और कराधान संबंधी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की, जिससे कॉरपोरेट कर्मचारियों और प्रबंधन को योजना का अधिकतम लाभ उठाने में सहायता मिली।

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) एक मजबूत, पारदर्शी और पेशेवर रूप से प्रबंधित पेंशन योजना है, जो कर लाभ, लचीले निवेश विकल्पों और प्रतिस्पर्धी रिटर्न्स के साथ व्यक्तिगत निवेशकों और कॉरपोरेट्स दोनों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और रिटायरमेंट प्लानिंग का एक पसंदीदा विकल्प बन गया है।

फरवरी 2025 तक, एनपीएस और अटल पेंशन योजना के तहत कुल परिसंपत्ति प्रबंधन ?13.83 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, और पूरे देश में 8.27 करोड़ से अधिक



ग्राहक इस योजना से जुड़े हैं। उत्तर प्रदेश में 6.1 लाख से अधिक निजी क्षेत्र के ग्राहक एनपीएस से जुड़े हुए हैं, जो इस योजना की बढ़ती

राजधानी फूड्स लेकर आया है सबसे रंगीन होली सेलिब्रेशन

होली सिर्फ़ रंगों का त्योहार नहीं है, यह स्वाद, हंसी और उन परंपराओं का संगम है जो परिवारों को करीब लाती हैं। और होली का मज़ा तब तक अधूरा रहता है जब तक गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़े ना हों! स्वाद और गुणवत्ता का पर्याय बन चुका राजधानी फूड्स इस होली को और भी खास बना रहा है साल की सबसे अनोखी और स्वाद से भरपूर साझेदारी के साथ–जहां बॉलीवुड के सुपरस्टार करण जौहर और जेन-जेड की फेवरेट अनन्या पांडे मिलकर बना रहे हैं एक ऐसा कैंपेन, जो होगा उतना ही स्वादिष्ट जितना कि एक परफेक्ट पकोड़ा! राजधानी फूड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन जैन अपने उत्साह को साझा करते हुए कहते हैं, होली एक ऐसा त्योहार है जो हमें एक साथ लाता है–खाने, हंसी और खुशियों के माध्यम से। करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ इस बार हम होली के जश्न को और भी मजे़दार, रंगीन और लाजवाब बना रहे हैं! यह कैंपेन उन स्वादों को समर्पित है, जो हमारी परंपराओं और पीढ़ियों को जोड़ते हैं। राजधानी फूड्स इस होली पर nostalgia, स्टार पावर और अनरिजिस्टेबल फ्लेवर का धमाका लेकर आया है, जो किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से कम नहीं! क्योंकि आखिर में, स्वाद ही सबसे ऊपर है!ज़रा सोचिए करण जौहर एक फिल्म सीन डायरेक्ट कर रहे हैं, तभी भूख लगती है।

महिला निवेशकों का म्यूचुअल फंड्स की ओर बढ़ता रुझान: फ़ोनपे वेल्थ से अहम जानकारियाँ

लखनऊ। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, फ़ोनपे वेल्थ अपने प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी के साथ-साथ उनके बढ़ते निवेश और योगदान में हो रही वृद्धि को सामने ला रहा है। महिला निवेशकों के बढ़ते योगदान और निवेश प्रतिबद्धता को देखते हुए, फ़ोनपे वेल्थ ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का विश्लेषण किया, और डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ सोच-समझकर बड़े निवेश कर रही हैं और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। उपरोक्त अवधि के डेटा से पता चलता है कि महिला निवेशकों का एवरेज सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान योगदान पुरुषों की तुलना में लगभग 22% अधिक है, जबकि उनका एवरेज लम्पसम निवेश पुरुषों से लगभग 45त्न अधिक रहा है। ये डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ वित्तीय बाजारों और जोखिम को एक नए नजरिए से देख रही हैं। हम महिला निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और वित्तीय क्षेत्र में उनके बदलते योगदान की सराहना करते हैं, नीलेश डी नायक, हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स, शेयरडॉटमार्केट (फ़ोनपे वेल्थ)। उन्होंने आगे कहा, हमारे डेटा यह भी दर्शाते हैं कि अब महिला निवेशक न केवल भाग ले रही हैं, बल्कि सक्रिय रूप से निवेश भी कर रही हैं। हमारा मानना है कि महिला निवेशक वित्तीय रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर हैं। वे अपने पोर्टफ़ोलियो में विविधता ला रही हैं और दीर्घकालिक सोच के साथ निवेश कर रही हैं। अब यह धारणा बदल चुकी है कि महिलाएँ वित्तीय मामलों में बेहद सतर्क रहती हैं।

कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ इस होली को बनाएं खास और सेहतमंद

होली पर गुझिया,मालपुआ जैसी मिठाइयाँ और ठंडाई,नमकीन जैसे व्यंजन बनाए जाते हैं। खाना इस त्योहार का एक अहम हिस्सा है। हमें खाने-पीने में संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसके लिए हम होली के व्यंजनों में कैलिफोर्निया आमंड्स जैसे पौष्टिक ड्राईफ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। भारत के सबसे लोकप्रिय कैलिफोर्निया आमंड्स प्राकृतिक रूप से 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर शामिल हैं, जो उन्हें पारंपरिक व्यंजनों में एक पौष्टिक अतिरिक्त बनाते हैं। चाहे ठंडाई में मिलायें, मिठाईयों पर डालें, यारोस्टेड स्नैक के रूप में खाया जाए, बादाम

स्वाद और टेक्सचर दोनों को बढ़ाते हैं। बैलेंस्ड डाइट मेंयदि बादाम को शामिल किया जाए तो ये वजन कम करने में मदद करते हैं,ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करते हैं, और बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में सहायता करते हैं, जिससे वे सभी के लिए एक स्मार्ट विकल्प बन जाते हैं। बादाम खाने से पेट भरा हुआ महसूस होता है,जिससे बार-बार कुछ खाने की इच्छा नहीं होती । यह आपको अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बचाता है। बादाम खाने से शरीर को ताकत मिलती है,जिससे आप पूरे दिन एक्टिव और ऊर्जावान रहते हैं । त्योहार के दिनों में यह बहुत जरूरी है, ताकि आप पूरी मस्ती कर सकें । कैलिफोर्निया आमंड्स बहुत उपयोगी है।

इस क्रिकेट फिनाले में ष्दूसरास्टेडियम में तब्दील होने वाले भारत को सोशल पर लाइव देखें

लखनऊ। क्रिकेट का बुखार अपने चरम पर पहुंच गया है, और भारत के फाइनल में पहुंचने के साथ, हज़रतगंज सोशल मैच के दिन एक बेजोड़ अनुभव देने के लिए तैयार है। अपने खास माहौल, स्वादिष्ट भोजन और लोगों को एक साथ लाने के लिए मशहूर हज़रतगंज सोशल क्रिकेट प्रशंसकों के लिए पसंदीदा जगह बनने जा रहा है। भीड़ की गर्जना से लेकर हर रोमांचक पल की धड़कन तक, दूसरास्टेडियम इस सीजन के सबसे बड़े मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है-साथ ही, मेनू में परफेक्ट मैच के साथ, प्रशंसक मैच के दिन बेहतरीन अनुभव का आनंद ले सकते हैं! रविवार, 9 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से, देश भर में सोशल आउटपोस्ट क्रिकेट हब में तब्दील हो जाएंगे, जो हाई-एनर्जी प्रशंसकों, बड़ी स्क्रीन और एक रोमांचक माहौल से भरे होंगे, जो स्टेडियम के माहौल को सीधे आपकी टेबल पर लाएंगे। चाहे आखिरी ओवर का रोमांच हो या ऐतिहासिक जीत, हज़रतगंज सोशल सुनिश्चित करता है कि आप एक्शन का एक भी पल मिस न करें। अपनी टीम को इकट्ठा करें, अपनी जगह पक्की करें और हज़रतगंज सोशल क्रिकेट का ष्दूसरास्टेडियम में फाइनल के रोमांच का लुत्फ़ उठाएँ जहाँ हर जयकार ज़्यादा ज़ोरदार है, हर पल बड़ा है, और ऊर्जा बेजोड़ है!

अध्ययन में खुलासा: SaaS लागू करने में देरी से भारतीय कंपनियों को करोड़ों का नुकसान

लखनऊ। चेन्नई में स्थित ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी ज़ोहो द्वारा प्रायोजित एक नए आईडीसी अध्ययन 'आईडीसी स्टेट ऑफ SaaS एडॉप्शन इन इंडिया सर्वे 2024' में खुलासा हुआ है कि 2020 के बाद SaaS सॉल्यूशंस अपनाने वाली 75% भारतीय कंपनियों को इसे लागू करने में देर हो रही है। नतीजतन औसतन 57% टाइमलाइन ओवररन और 43% कॉस्ट ओवररन (लागत) की समस्या हो रही है। इन समस्याओं के चलते कंपनियों के व्यापारिक अवसर कम हुए हैं, जिससे औसतन 5.6 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके कारण कर्मचारियों की उत्पादकता, ग्राहकों के अनुभव और कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मकता पर भी बुरा असर पड़ा है। शरथ श्रीनिवासमूर्ति, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, आईडीसी इंडिया ने कहा, डिप्लॉयमेंट में ज़्यादा समय लगने के कारण लागत बढ़ती है, इनोवेशन की गति कम हो जाती है और बाज़ार की प्रतिक्रियाशीलता कम हो जाती है। कंपनियों को एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, जिसमें स्वचालन, प्रासंगिक बुद्धिमत्ता और विकास के उपकरण शामिल हों, ताकि SaaS को तेज़ी से लागू किया जा सके और इसका ज़्यादा से ज़्यादा लाभ मिल सके। ज़ोहो के सीईओ मणि वेम्बू ने बताया कि, ज़ोहो में हमारा मानना है कि कंपनियों को ऐसी टेक्नोलॉजी की जरूरत है जो कम समय में डिप्लॉय होकर तुरंत परिणाम दें। हमारा प्लेटफॉर्म-फर्स्ट दृष्टिकोण आमतौर पर SaaS लागू करने में आने वाली रुकावटों को दूर करता है। हम ऐसे एप्लिकेशन देते हैं जो एकीकृत होते हैं, एवं नो-कोड और लो-कोड टूल्स तथा एआई फंक्शंस के साथ आते हैं। इससे कंपनियां तेज़ी से समाधान लागू कर सकती हैं।

सोनालीका ने फरवरी 2025 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री की

लखनऊ। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी 25 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025 के अंतिम चरण में प्रवेश किया है। सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करने के अपने मज़बूत बुनियादी मूल्य का लाभ उठाते हुए, कंपनी ने अपनी YTD फरवरी 25 में अब तक की सर्वाधिक 1,13,279 घरेलू ट्रैक्टर बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग YTD प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए सोनालीका वास्तव में किसानों के लिए बेहतर परिणाम और सफलता सुनिश्चित करने हेतु इनोवेशन और ताकत सुनिश्चित करता है।

सोनालीका किसानों की आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने में विश्वास रखती है क्योंकि इसका लक्ष्य अपनी शानदार यात्रा में शामिल सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है। कंपनी

लगातार ताकतवर और उन्नत तकनीक से सुसज्जित ट्रैक्टरों का एक इष्टतम मिश्रण तैयार करती है जो सामूहिक रूप से किसानों को उत्पादकता और स्थिरता प्रदान करते हैं। सोनालीका सतत विकास प्रदान करने, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम फरवरी 25 में शानदार 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं, जिससे हमने YTD फरवरी 25 में अब तक की सर्वाधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया है सोनालीका ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि फसल पैदावार बढ़ाने हेतु हमारी उन्नत कृषि तकनीक सभी भौगोलिक क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में सर्वश्रेष्ठ से बेहतर प्रदर्शन करती रहे। हमारा बुनियादी मूल्य सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है, जिसके द्वारा हम किसानों के लिए एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो इनोवेशन और विकास से समृद्ध हो।

चोरी की घटना का खुलासा, 5 लाख के आभूषण के साथ एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मीडिया के समक्ष शातिर चोर को पेश करते थानाध्यक्ष धनवीर सिंह

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुडिला हरपुर गांव में हुई चोरी का मामला

मथौली बाजार, कुशीनगर। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुडिला हरपुर गांव में एक व्यक्ति के घर हुई चोरी का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 5 लाख के आभूषण बरामद किया गया है।

मुडिला हरपुर निवासी सुरज भारद्वाज पुत्र जगलाल निवासी 6 मार्च को अपने घर में हुई चोरी के संबंध में सूचना दिया था। उक्त सूचना पर घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा थाना कप्तानगंज पर अभियोग पंजीकृत कराते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसके क्रम में शुक्रवार को थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर जैकी राजभर पुत्र राम ईश्वर निवासी मुडिला हरपुर (भुडवा टोला) थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए गए कुल 05 लाख रुपए के आभूषण जिसमें 2 चेन पीली धातु, एक मंगलसूत्र मय लाकेट पीली धातु, 5 अंगुठी पीली धातु, एक रिंग पीली धातु, 02 बाली पीली धातु, 02 झुमका पीली धातु, 02 पीली धातु टॉप्स, एक सफेद धातु की अंगुठी, एक सफेद धातु की बिछिया बरामद किया गया है। पूछताछ अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा ही वादी सुरज राजभर उपरोक्त के घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर रखे चांदी व सोने की ज्वैलरी की चोरी की गई थी। इस संबंध में पुलिस अभियुक्त के खिलाफ धारा बढ़ोत्तरी के जेल भेज दिया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह थाना कप्तानगंज, उ.नि. अरविन्द राय प्रभारी चौकी मथौली, उ.नि. शैलेष कुमार यादव, उ.नि. प्रमोद कुमार, अश्वनी कुमार, अंजनी कुमार व उपेन्द्र कुमार शामिल रहे।

पीस कमेटी की बैठक

देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर की उपस्थिति में आज पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में होली रमजान व ईद पर्व के दृष्टिगत शांति-व्यवस्था के साथ आपसी सौहार्द एवं समरसतापूर्ण वातावरण में मनाने के लिए व्यापक विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन समस्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति-व्यवस्था के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीस कमेटी की बैठक में दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं ने आम सहमति से निर्णय लिया कि 14 मार्च को अपराह्न 1 बजे तक होली खेली जाएगी तथा 2 बजे से जुम्मे की नमाज पढ़ी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष होली 14 मार्च, दिन शुक्रवार को है। इसी दिन मुस्लिम धर्मावलंबी रमजान माह के जुम्मे की नमाज पढ़ेंगे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि त्योहार खुशी का अवसर होता है और मिलजुल कर मनाने से खुशियां बढ़ती है। जनपद में आपसी प्रेम व सद्भावपूर्ण वातावरण में सभी धर्मों के पर्व मनाने की परंपरा रही है।

सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मिल जुलकर मनाएं त्यौहार : मो. जफर

अवधनामा ब्यूरो

नेबुआ नौरंगिया थाने पर संयुक्त रूप से की गई पीस कमेटी की बैठक

कुशीनगर। उपजिलाधिकारी खड्डा व क्षेत्राधिकारी खड्डा द्वारा संयुक्त रुप से थाना नेबुआ नौरंगिया पर ÷आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की है।

उपजिलाधिकारी खड्डा व क्षेत्राधिकारी खड्डा द्वारा संयुक्त रुप से आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना नेबुआ नौरंगिया पर पीस कमेटी मीटिंग की गई। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों व आमजन से अपील की गई कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/ गलत/ अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारियों/हल्का प्रभारियों द्वारा संबंधित थानों पर व गांवों/कस्बों/चौराहों पर आगामी त्यौहारों होली, रमजान को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर पीस कमेटी मीटिंग की जा रही है।

अप्रैल में होगी खरगीपुर, शिवगढ़, कस्तूरीपुर और मई की सड़कों की विशेष मरम्मत

अमेठी। भादर और भेंटुआ विकास खंड के पांच जर्जर सम्पर्क मार्गों की विशेष मरम्मत के लिए शासन की ओर से 1.63 करोड रु की धनराशि स्वीकृत की गई है। 97.56 लाख रु की पहली किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। अप्रैल में सभी मार्गों पर विशेष मरम्मत के कार्य शुरू होंगे। भादर और भेंटुआ विकास खंड में एक दर्जन से अधिक ग्रामीण सम्पर्क मार्गों की स्थिति काफी खराब है। मार्गों पर बड़े बड़े गड्ढे बन गये है।बीच बीच में गिट्टियां मार्ग से गायब है, मिट्टी दिख रही है। विधायक महाराजी प्रजापति ने पिछले वित्तीय वर्ष में सौ से अधिक ग्रामीण सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग और शासन को पत्र भेजा था। इनमें से एक दर्जन से अधिक सड़कों को विशेष मरम्मत के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।

माह-ए-रमजान का पहला जुमा सम्पन्न, पुलिस रही चौकस

जुमे की नमाज अदा करने के बाद दुआ मांगते लोग

छावनी में नमाज खत्म होने के बाद वार्ता करते एसपी

अवधनामा ब्यूरो

रोजेदारों ने मांगी मजहब और मुल्क के सलामती की दुआ

कुशीनगर। माह-ए-रमजान के छठवें दिन शुक्रवार को मस्जिदों में जुमा की पहली सामुहिक नमाज पढ़ी गई। बुजुर्गो, नौजवानों और बच्चों ने नमाज अदा करके मज़हब और मुल्क के अमन और चैन की दुआ मांगी। नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात थी। एसपी खुद कई मस्जिदों का निरीक्षण कर जायजा लिए।

शुक्रवार को छठवें रोजा के पहले जुमे को लेकर रोजेदारों में उत्साह देखने को मिला। रोजेदार सुबह से जुमे की नमाज की तैयारी में जुट गए थे। दोपहर 12ः30 बजे जुमा की अजान शुरू हुई तो एक-एक कर पडरौना शहर की मस्जिदों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई। पडरौना शहर के लाजपत नगर स्थित जामा मस्जिद के साथ छावनी, पोस्ट ऑफिस वाली गली, सिधुआं और बसहियां बनवीरपुर की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के पेश ईमाम रजाऊल मुस्तफा व छावनी मोगलपुरा मस्जिद में नमाज़ के दौरान पेश इमाम कारी मोहम्मद जौहर अली ने खुतबा पढ़ा और अपनी तकरीर में कहा कि इस्लाम धर्म के मानने वाले सभी स्वस्थ औरत बालीग औरत-मर्द पर रोजा फर्ज है। उन्होंने यह भी कहा कि ईद की नमाज पढ़ने से पहले प्रत्येक मुसलमान को 65 रूपए की दर से फितरा देना आवश्यक है।

इसी प्रकार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद लक्ष्मीपुर, नरायनपुर, कप्तानगंज, हाटा, कसया, मथौली सहित जिले भर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहोल में पढ़ी गई। इस मौके पर धर्म गुरुओं द्वारा कलमा, रोजा, नमाज, जकात और हज पर विस्तार पूर्वक अपने बयान दिए। नमाज के बाद दुआओं का सिलसिला शुरू हुआ तो लोगों ने कारोबार में बरकत, बीमारी से शिफा के साथ मुल्क में अमन-चैन कायम रहने की दुआएं मांगीं। जुमे के दिन मस्जिदों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किए गए थे। एसपी संतोष मिश्रा कूद छावनी पडरौना में गश्त कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया एवं शांति पूर्ण माहौल में सभी त्यौहार मानने का अपील किया।

बोर्ड परीक्षा : हाईस्कूल अंग्रेजी में बोर्ड में 4125 ने छोड़ी परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न हो रही बोर्ड परीक्षा

कुशीनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को हाई स्कूल अंग्रेजी विषय में 4125 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा जिले के 152 केंद्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का अब तक समाचार नही प्राप्त हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल अंग्रेजी में पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों की संख्या 59144 थी जिसमें से बालक वर्ग से 27895 व बालिका वर्ग से 27124 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें बालक वर्ग से 2608 व बालिका वर्ग से 1517 अनुपस्थित रहे। जबकि प्रथम पाली में ही इंटर कंप्यूटर वर्ग में कुल पंजीकृत 85 थे जिसमें से एक छात्र अनुपस्थित रहे। इस तरह से कृषि वनस्पति विषय में 150 छात्रों में से 9 अनुपस्थित रहे। इंटर कृषि अर्थ शास्त्र में 142 छात्र उपस्थित रहे। इस तरह से कुल 4135 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। यहां से सभी केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से जोड़ निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है।

> परीक्षा को नकलवीहिन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा को सुचारू एवं मॉनिटरिंग हेतु सचल दल द्वारा पल पल की निगरानी की जा रही है।
>
> **श्रवण कुमार गुप्ता, डीआईओएस, कुशीनगर**

दो बाईकों में टक्कर, एक बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी

अवधनामा ब्यूरो

पडरौना-रामकोला मार्ग पर भटवलिया मंदिर के सामने हुई घटना

कुशीनगर। पडरौना-रामकोला मार्ग पर भटवलिया मंदिर के सामने शुक्रवार को दो बाईकों में हुई सीधी टक्कर के बाद एक बाइक आग का गोला बन गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों व पुलिस के मदद से आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक बाइक जल चुकी थी। कसया थाना क्षेत्र के भैसही गांव निवासी चंदन वर्मा हीरो एक्सट्रीम गाड़ी से पडरौना की तरफ से रामकोला के तरफ जा रहे थे कि सामने से दूसरे बाइक सवार से पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के भटवलिया शिव मंदिर के पास आमने-सामने शुक्रवार की सुबह 10 बजे जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। चंदन वर्मा की हीरो एक्सट्रीम गाड़ी का साइलेंसर फट जाने से उनकी बाइक धू-धू कर कर आग के लपटों के साथ जलने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित होकर देखने लगी दोनों घायल बाइक सवारों को इलाज हेतु राहगीरों ने हॉस्पिटल भिजवा पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची कोतवाली पडरौना थाने की पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन बाइक पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई।

स्वस्थ्य केंद्र पर मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं : डॉ शलभ

अवधनामा संवाददाता

सदर विधायक ने नगरीय स्वास्थ्य केंद्र का किया शुभारम्भ

देवरिया। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले के नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर खारजरवा का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी के करकमलों से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसके संचालन में स्थानीय नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने की दिशा में हम एक कदम और बढ़ चुके हैं। इससे न केवल नागरिकों को त्वरित इलाज मिलेगा, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें आसानी से मिलेगा। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलुओं जैसे की संक्रमण नियंत्रण, टीकाकरण अभियान और महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य योजनाओं पर काम किया जाएगा। स्वास्थ्य केंद्रों का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है। इससे विशेष रूप से शहरी गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी, जो पहले दूरदराज के अस्पतालों तक पहुंचने में सक्षम नहीं होते थे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में में शहरी क्षेत्र के नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, मातृ और शिशु स्वास्थ्य, दवाइयां और उपचार की सेवाएं मिलेगी तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी भी मिलेगी। इस मौके पर अरबन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, एसीएमओ डॉ हरेंद्र कुमार, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मह्ल, राजेश, रायकमलेश्वर श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्युत तार के नीचे नहीं किया जायेगा होलिका दहन

अवधनामा ब्यूरो

विद्युत विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

कुशीनगर। विद्युत तार के नीचे एवं ट्रांसफार्मर के आस पास हो रहे होलिका दहन की प्रक्रिया को विद्युत विभाग ने बदलने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। इस बार होली में होलिका दहन विद्युत तार के नीचे नहीं किया जा सकेगा। विद्युत विभाग ऐसे सभी स्थानों को चिह्नित कर रहा है, जहां तार के नीचे होलिका सजाई गई है। विभागीय अधिकारी लोगों को होलिका दहन अगल-बगल करने के लिए प्रेरित करेंगे। होली से पहले जगह-जगह होलिका सजाई जाने लगी है। होलिका दहन करने वाले लोग बिजली के तारों का ध्यान नहीं दे रहे हैं। उसके नीचे ही होलिका जलाने की तैयारी मे है। होलिका दहन होने पर विद्युत के तार टूटने से हादसों का खतरा रहेगा एवं विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो जाएगी। इसको लेकर बिजली विभाग के अलर्ट हो गए हैं। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड पडरौना ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों के साथ अधिकतर ग्रामीण इलाकों में भी एलटी तारों के स्थान पर एबीसी केबल लगाई जा चुकी है। आग से केबल गलकर टूटने की संभावना प्रबल रहती है। वहीं 11 हजार की एचटी लाइन भी गर्म होकर टूट सकती है। एक्सईएन ने बताया कि तारों के नीचे होलिका दहन को रोके जाने के लिए विभाग द्वारा सर्वे कराया जा रहा है। जहां भी तारों के नीचे होलिका दहन का स्थान होगा उसे बदलवाए जाने के लिए संबंधितों को जागरुक किया जाएगा। एक्सईएन ने सभी अवर अभियंताओं से कहा है कि यदि लोग तार के नीचे होलिका दहन करने से मान नहीं रहे हैं तो इसके लिए पुलिस की भी सहायता ली जाएगी। यदि ऐसा नहीं हुआ तो पुलिस बल से ही होलिका दहन का स्थान बदलवाया जाए। इसके पूर्व जागरुक करते हुए लोगों को समझाया जाए कि तार टूटा तो बड़ी घटना हो सकती है।

कड़ी सुरक्षा के बीच ई-लाटरी से हुई 233 शराब की दुकानों की नीलामी

अवधनामा संवाददाता

आबकारी विभाग को हुई 15 करोड़ की आमदनी

अमेठी। जिले में शराब की दुकानों की नीलामी के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट में ई-लाटरी कराई गई। ई-लाटरी से 233दुकानों की नीलामी सम्पन्न हुई है। नीलमी से राजस्व विभाग ने लगभग 15करोड रु का राजस्व अर्जित किया है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में शराब की दुकानों के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमेठी कलेक्ट्रेट में लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन संपन्न हुआ।

अमेठी के नोडल अधिकारी पंकज कुमार और डीएम निशा अनंत की मौजूदगी में दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ।वहीं सुरक्षा को लेकर भी पूरे कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और जांच के बाद ही आवेदन कर्ताओं को अंदर जाने दिया गया। ई-लाटरी के माध्यम से जिन लोगों को दुकानों का आवंटन मिला। उनके चेहरे पर मुस्कान छा गई तो जिनका नाम ई-लाटरी में नहीं आया। वो मायूस होकर घर के लिए रवाना हो गए। परिणाम को देखने के लिए सभागार के बाहर भी प्रोजेक्टर लगाया गया था।

अमेठी में 233 शराब की दुकानों के लिए 1307 लोगों ने आवेदन किया था। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि शराब की दुकानों का आवंटन जिनको हुआ है वे 12 मार्च लाइसेंस शुल्क अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

भाजपा सरकार मे स्वास्थ्य सुविधाओं में हर क्षेत्र में हुई वृद्धि : विजयलक्ष्मी

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उत्तर प्रदेश की राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने 50 बेड के नए अस्पताल का फीता काटकर क्षेत्रवासियों को अस्पताल की सौगात दी। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि सलेमपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिस भी संसाधन की जरूरत पड़ेगी स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध करवाएगा। सभी सुविधा लोगों को मिलेगी। प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अब सभी प्रकार के रोगों के जाँच के साथ चिकित्सको द्वारा मरीजों का आधुनिक सुविधाओं से इलाज किया जायेगा। कम बेड के चलते यहां पर्याप्त मरीजों को भर्ती नहीं किया जाता था उनको मजबूरी मे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाता था। अब 50 बेड के अस्पताल बन जाने से लोगो को दिक्क़तो का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पशु अस्पताल सोनबरसा मे शिफ्ट किये जाने के बाद यहां अस्पताल के लिए यहां पर्याप्त जमीन हो जाएगी। उन्होंने सीएचसी के विकास मे शासन से धन की कमी नहीं होंगी।

अपर जिला जज श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया वन स्टॉप सेण्टर का औचक निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया, कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा, कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें तथा कोई भी पीड़िता निर्धारित समयावधि से अधिक वन स्टाप सेण्टर पर न रूके, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें।

ग्राम पंचायतों रोखा में भ्रष्टाचार का बोलबाला, शिकायत दर्ज

ग्राम पंचायतों रोखा में भ्रष्टाचार का बोलबाला, शिकायत दर्ज

अवधनामा संवाददाता

डीह, रायबरेली। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नाम पर जमकर अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इस पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। मामला रायबरेली के विकास खंड डीह का है, जहां रोखा गांव में ग्राम प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक की मिली-भगत से बड़ा भ्रष्टाचार का खेला हो रहा है। डीह ब्लाक के अंतर्गत रोखा गांव निवासी भूपेंद्रचंद्र पाण्डेय ने ग्राम प्रधान अब्दुल वहीद और पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए डीएम रायबरेली को लिखित शिकायती पत्र देते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव के विकास के लिए जारी सरकारी धन में अनियमितता और खड़ंजा निर्माण में घटिया सामाग्री का उपयोग कर ग्राम प्रधान फर्जी तरीके से सरकारी पैसों की निकासी कर रहे हैं। हमने कई बार उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की पर प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

हैंड पंपों के मरम्मत के नाम पर बड़ा घोटाला

ग्रामीणों की माने तो ग्राम प्रधान ने ग्राम सभा में दर्जनों से ज्यादा लगे हैड पंपों के मरम्मत के नाम पर बड़ा घोटाला कर ग्राम सभा के खाते से पैसे निकाल लिए। जबकि ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा में किसी भी हैंडपंप को दोबारा से रिबोर नहीं कराया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और ब्लॉक में बैठे जिम्मेदार अधिकारी मिलकर सरकारी पैसे की बंदर बाट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

कागजों में करोंड़ो का काम पर धरातल पर नदारद

गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपए का कार्य कागजों में तो दिखाया गया है, लेकिन धरातल पर सबकुछ नदारद है। यहां कागजों में पुराने कार्यों को नया दिखाकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। और, तमाम शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार के इस खेल में कहीं न कहीं स्पष्ट रूप से ग्राम प्रधान के साथ संबंधित ब्लॉक अधिकारियों की भी मिली भगत नजर आ रही है। वहीं मामले की जांच डीपीआरओ शौम्यशील सिंह को सौंपी गई है।

15 मार्च को मिशनरी भावना के साथ मनाएं कांशीराम की जयंती: मायावती

अवधनामा संवाददाता

उत्तराखंड सरकार द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने और मदरसों को सील करना द्वेषपूर्ण कार्रवाई

अमेठी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश भर के समर्थकों को 15मार्च को मान्यवर कांशीराम साहब की जयंती मिशनरी भावना के साथ मनाने की अपील की है। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज के बयान को लेकर बसपा नेताओं और सामाजिक संगठनों की ओर ज़ोरदार जबाब दिए जाने पर खुशी जताते हुए जागरूकता का परिचय देने का स्वागत किया है।

बसपा मुखिया ने उत्तराखंड में धार्मिक स्थलों को विध्वंस करने और 11 मदरसों को सील करने की सरकार की कार्रवाई को संज्ञान लिया है और सरकार को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली द्वेषपूर्ण कार्रवाइयों से बचने की भी सलाह दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि बहुजन समाज के हित को समर्पित सामाजिक संगठनों द्वारा कांग्रेस के एक बड़बोल/बिगड़ैल नेता के बीएसपी पार्टी व मूवमेन्ट तथा उसके आयरन लेडी नेतृत्व के विरुद्ध टीका-टिप्पणी करने की तीव्र निन्दा व भर्त्सना करके अपनी जागरुकता का परिचय देने का स्वागत। लोगों से भी सावधान रहने की अपील। 15 मार्च को मान्यवर कांशीराम की जयंती पूरे मिशनरी भावना के साथ मनाने की अपील। पार्टी के इन कार्यक्रमों को लेकर लखनऊ स्थित बहुजन समाज प्रेरणा केन्द्र जहाँ उनकी अस्थि कलश स्थापित है व यूपी स्टेट कार्यालय का भी आज सुबह मेरा दौरा व निरीक्षण किया गया। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पहले कुछ मज़ारों व धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किए जाने के बाद अब राजधानी देहरादून में 11 प्राइवेट मदरसों को सील किए जाने की ख़बर की काफी चर्चा। सरकार धार्मिक भावनाओं को आहत पहुँचाने वाली ऐसी द्वेषपूर्ण व गैर सेक्युलर कार्रवाईयों से जरूर बचे।

बहराइच महोत्सव बनेगा ऐतिहासिक डीएम एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। आज से शुरू हो रहे भव्य आयोजन बहराइच महोत्सव को बहुत सुन्दर और बेहतर बनाये जाने के लिए डीएम एसपी ने कार्यक्रम स्थल का जायज़ा लेकर एक एक विषय पर चर्चा करते हुए स्टाल स्टेज के साथ साथ पार्किंग स्थल तक की व्यवस्थाओं को देखा जनपद की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक विरासत, लोक-कला व संस्कृति को सजोने एवं आम जनमानस से साक्षात्कार के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 08 से 10 मार्च तक गेंद घर मैदान में आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी जनपदवासियों से विनम्र अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर आयोजन को सफल बनायें। डीएम ने आमजन से यह भी अपेक्षा की है कि बहराइच महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाली विविध

■ इस भव्य महोत्सव को और बेहतर बनाये जनता डीएम ने की अपील

सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभाग कर देश के कोने-कोने से आने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन करें। डीएम ने बताया कि 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से चयनित जिले के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर भी प्रदान किया जायेगा। डीएम ने आमजन से अपेक्षा की है कि मेहमान कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों की हौसला अफज़ाई के लिए आप लोग महोत्सव अन्तर्गत आयोजित होने वाली विविध सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता अवश्य करें। डीएम ने बताया कि बहराइच महोत्सव में बच्चों के लिए झूले, फूड स्थल के साथ-साथ विभिन्न विभागों अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहो द्वारा तैयार उत्पादों के स्टाल भी आकर्षण का केन्द्र होंगे।

बहराइच महोत्सव में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 07 सांस्कृतिक दलों श्रीमंत राम शंकर मौर्य एण्ड पार्टी व श्रीमंत शिवराम यादव एण्ड पार्टी बहराइच, श्रीमंत अर्पण संस्था बाराबंकी, श्रीमंत ह्यूमेन हेल्थ एण्ड वेलफेयर फाउण्डेशन, श्रीमंत श्री गुरु बालेश्वर कला संस्थान, श्रीमंत विकास कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी व श्रीमंत रिधि सांस्कृतिक दल लखनऊ का आवंटन किया गया है। इसके अलावा महोत्सव के लिए 75 अदद होर्डिंग्स व 75 अदद स्टैण्डी का भी आवंटन किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने वृहस्पतिवार को देर शाम गेंद घर मैदान पहुंचकर मंच, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी हेतु लगाये जाने वाले स्टालों, मुख्य पण्डाल, यातायात व्यवस्था इत्यादि का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी तैयारियां अन्तिम चरण में सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि 07 मार्च की शाम तक व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दे दिया जाय।

टूंडला पुलिस पर पति के हत्यारोपी को छोड़ने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। थाना टूंडला पुलिस पर नगला रति लाइनपार टूंडला निवासी एक महिला ने उसके पति के हत्यारोपी को मोटी रकम लेकर छोड़ने और उस पर पैसा लेकर राजीनामा करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज की है। थाना टूंडला क्षेत्र गांव नगला रति निवासी महिला रेनू पत्नी प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति प्रमोद कुमार को मोहल्ले का ही प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 राम प्रसाद निवासी नगलारती लाइनपार टूण्डला दिनांक 2.03.25 को मेरे घर से सांय 7 बजे ले गया था,लेकिन जब मेरा पति रात्रि 10 बजे तक घर वापस नहीं आया तो पता करने के लिये मैं तथा मेरे परिवारीजन प्रदीप कुमार के घर पहुँचे, तब प्रदीप कुमार घर पर ही मिला जब मैंने उससे पूछा कि मेरे पति को तुम घर से बुलाकर लाये थे,वह कहाँ है,तो प्रदीप कुमार ने कहा मुझे नहीं मालूम कि वह कहाँ चला गया है। मैं पति की खोजबीन देर रात्रि तक करती रही। दूसरे दिन दिनांक 03.03.2025 को प्रातः करीब 3:00 बजे प्रदीप कुमार मेरे घर पहुँचा और आवाज लगाई,जब मैंने दरवाजा खोला तो प्रदीप कुमार अकेला खड़ा था,उसने बताया कि प्रमोद कुमार को कुछ हो गया है, मेरे ही घर पर उसे ले आओ जब हम प्रदीप कुमार के घर पहुँचे तो घर का ताला लगा हुआ था तथा प्रदीप कुमार सूचना देकर कहीं चला गया,जब घर का ताला लगा हुआ था तो 112 नम्बर पर पुलिस को सूचित किया, कुछ देर बाद पुलिस आई,ताला तोड़कर अन्दर प्रवेश किया तो प्रमोद कुमार कुर्सी पर गर्दन नीचे किये हुये बैठा था,जब पुलिस ने उसे देखा तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया और उसी रात्रि में प्रदीप कुमार को गिरफ्तार भी कर लिया। इसी दौरान पुलिस एवं प्रदीप कुमार की मिली भगत एवं सांठ-गांठ से प्रदीप कुमार को दो दिन तक पुलिस हिरासत में रखा गया तथा तीसरे दिन उसे पुलिस ने अपनी हिरासत से छोड़ दिया और कोई जांच पड़ताल नहीं की टूण्डला पुलिस ने मुझपर दवाब बनाया कि तुम्हें छः लाख रूपये मिल जायेंगे, लेकिन मैंने साफमना कर दिया, मैंने कहा कि मुझे न्याय मिलना चाहिये, तो पुलिस ने मुझे थाने से बाहर भगा दिया और मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी। पुलिस ने मोटी रकम लेकर हत्यारोपी को अपनी हिरासत से छोड़ दिया है,जो खुलेआम घूम रहा है तथा लोगों से कहता फिर रहा है कि रूपयों में बहुत ताकत होती है,मेरा कुछ भी नहीं हुआ। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से सम्पूर्ण घटनाक्रम की उच्च पुलिस अधिकारियों से जांच करा कर न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

सभी संयोजक निर्धारित तिथि हेतु कलाकारों की बुकिंग कर लें

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनपद की ऐतिहासिक, सुप्रसिद्ध एवं विख्यात श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के चयनित संयोजकों के साथ बैठक में कहा कि सभी संयोजक प्रदर्शनी की गरिमा के अनुसार अभी से निर्धारित तिथि हेतु कलाकारों की बुकिंग कर लें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी का आयोजन होते हुए 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, शताब्दी वर्ष में आयोजन हो रहा है, इसलिए कादंबरी रंगमंच पर आयोजित होने वाली कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ हों। ज्ञात रहे कि श्रीदेवी मेले का शुभारंभ दि. 22 मार्च को श्री शीतला देवी मंदिर पर पूजन एवं हवन के साथ वैदिक रीति-रिवाज से होगा, शतचण्डी महायज्ञ एवं देवी पूजन के संयोजक सुरेश चन्द्र वंसल वीनू हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन दि. 29 मार्च को होगा, उद्घाटन के दिन डा. राकेश गुप्ता द्वारा कादम्बरी रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा, दि. 05 अप्रैल को प्रेमबाबू अम्बेश के संयोजकत्व में एक शाम शिव बाबा के नाम दि. 07 अप्रैल को संजीत गौड एड. के संयोजकत्व में विधि सम्मेलन, दि. 08 अप्रैल को आर.सी. पाण्डेय के संयोजकत्व में सिविल पेंशनर्स सम्मेलन, दि. 10 अप्रैल को श्रीकृष्ण यादव पहलवान के संयोजकत्व में विराट दंगल, दि. 11 अप्रैल को घनश्याम दास गुप्ता के संयोजकत्व में भजन संध्या, दि. 12 अप्रैल को अपरान्ह में डा. सुमंत गुप्ता के संयोजकत्व में लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन का आयोजन होगा। दि. 14 अप्रैल को नीरू बाला जैन के संयोजकत्व में महिला सम्मेलन एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम, सायं में राहुल दुबे के संयोजकत्व में एक शाम कन्हैया के नाम, दि. 15 अप्रैल को आशुतोष तिवारी के संयोजकत्व में लोकगीत एवं लोकनृत्य, दि. 16 अप्रैल को अपरान्ह में सैनिक कल्याण अधिकारी के संयोजकत्व में भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन, सायं में मुशायरा, दि. 17 अप्रैल को शादाब मंसूरी के संयोजकत्व में कब्बाली, दि. 18 अप्रैल को आशीष धूसिया के संयोजकत्व में पत्रकार सम्मेलन, दि. 19 अप्रैल को अपरान्ह में अजय किशोर सक्सैना के संयोकत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन एवं महाराजा तेज सिंह के जीवन पर आधारित कार्यक्रम एवं सायं में के.के. मिश्रा के संयोजकत्व में श्रीदेवी जागरण, दि. 20 अप्रैल को शम्शुद्दीन वारसी के संयोजकत्व में शाम-ऐ-गजल, दि. 21 अप्रैल को एस. साराभाई के संयोजकत्व में एक शाम राष्ट्र के नाम, दि. 22 अप्रैल को रॉबिन तिवारी के संयोजकत्व में स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम, दि. 23 अप्रैल को आलोक दीक्षित के संयोजकत्व में संगीत सम्मेलन, दि. 25 अप्रैल को आलोक गुप्ता के संयोजकत्व एवं प्रदीप चौहान के सह संयोजकत्व में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, प्रदर्शनी के शुभारंभ एवं समापन के अवसर पर मुजम्मिल मिर्जा के संयोजकत्व में आतिशबाजी की जायेगी, डा. चन्द्रमोहन सक्सैना के संयोजकत्व में योगा का कार्यक्रम भी होगा। उन्होने संयोजकों की मांग पर कार्यक्रम की निर्धारित राशि में से 50 प्रतिशत राशि अग्रिम भुगतान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए नाजिर, सचिव प्रदर्शनी को संयोजकों को अग्रिम भुगतान हेतु निर्देशित किया।

मनरेगा व सिंचाई विभाग के तहत उठाया कार्यों का मुद्दा

■ सरकार की योजनाओं में सभी पंचायत सदस्य करे अपना अमूल योगदान: जिला पंचायत अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता सुमित सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक जिला पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित की गई, बैठक का प्रारंभ विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ शुरू हुआ इसमें सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाहियों की पुष्टि की गई, साथ ही साथ पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2024-25 के अनुमोदन पर विचार किया गया, जिस पर सदस्यों ने अपनी सहमति दी, इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने विस्तार से प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले की 564 ग्राम पंचायतों में इस कार्य हेतु 192 कर्मचारी लगे हैं, जो डोर टू डोर सर्वे कर रहे हैं सबसे बड़ी बात यह है सर्वे महिला मुखिया के नाम से किया जा रहा है, सदस्यों ने इस संबंध में कहा कि इसमें सर्वे करने में, कुछ कर्मचारी गंभीरता से नहीं कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आप उन पर कार्रवाई करें, जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य को पारदर्शी तरीके से संपादित किया जा सके। बैठक के दौरान एक सदस्य ने सिंचाई विभाग के कार्यों की शिथिलता के बारे में सदन से शिकायत की, उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शिकायत करने पर भी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है, नहर इत्यादि इसके कटाव से फसली डूब रही है, इस पर सदन को सिंचाई विभाग से आने वाले अधिकारियों और स्वयं मुख्य विकास अधिकारी ने भी आस्वस्त किया कि अब ऐसी समस्या नहीं आने दी जाएगी और इसका निस्तारण कर लिया जाएगा। सदन में मनरेगा में हुई भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया, कहा कि विभाग द्वारा मजदूरों के बजाय जेसीबी से कार्य हो रहे हैं, मनरेगा के अंतर्गत कोई कार्य समुचित ढंग से नहीं हो रहा है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सदस्यों को आस्वस्त किया की, आपके द्वारा जो भी शिकायतें मनरेगा के संबंध में की गई है, उसका निवारण शीघ्र किया जाएगा। साथ ही साथ प्रयास किया जाएगा कि आप द्वारा जो भी शिकायत की गई हैं, उसका निवारण त्वरित कर दिया जाए, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने सदस्यों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जैसे फार्मर रजिस्ट्री, आवास सर्वे उन्होंने कहा कि आप सबके योगदान से जनपद में संचालित यह योजनाएं शीघ्रता से और पात्र व्यक्तियों को मिलेगी, इसलिए आप सब इन योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने सिरसा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य में भी माननीय सदस्यों के योगदान की अपेक्षा की।

इस अवसर पर जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता सुमित प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख आदि उपस्थित रहे, संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मणीन्द्र सिंह ने किया।

सैनिक सम्मेलन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आज पुलिस लाइन सभागारध्बहुउद्देशीय हाल आजमगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा समस्त अधिकारीध्कर्मचारी गण के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन में उपस्थित कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । सैनिक सम्मेलन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल,सहायक पुलिस अधीक्षक,सीओ सदर अनन्त चन्द्रशेखर, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षणाधीन आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

पशु चिकित्साधिकारी स्थापित गौषालाओं को सुविधाएं उपलब्ध कराएं: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में गौशालाओं के संचालन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और पशु चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में जो गौशालाएं स्थापित हैं, उनमें समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराऐं, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, साथ ही साथ ब्लॉकों में एक मॉडल गौशाला अवश्य स्थापित की जाए, उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर गौशालाओं का निरीक्षण करते रहें, जिससे गौशालाओं में बदइंतजामी को रोका जाए, गौशालाओं के पास एक सिंक रूम स्थापित किए जाएं, जिससे गोवंशों का उपचार तुरंत किया जा सके, उन्होंने कहा कि जहां-जहां गौशालाओं का निर्माण पूरा नहीं हुआ है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गौशालाओं से चारागाहों की भूमि को लिंक किया जाए, जिससे गोवंशों को हरे चारे की उपलब्धता हो सके, बैठक के दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०	ATM-LKO-BSB-Gen-37-25-1 (ATM-General)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	04.03.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	19.03.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	19.03.2025 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०	ATM-LKO-BSB-Gen-38-25-1 (ATM-General)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	04.03.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	19.03.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	19.03.2025 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०	ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	04.03.2025
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	19.03.2025 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	19.03.2025 समय 10:50 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

No: C/LKO Div/ATM/E-Tender/2024/GSS Dt. 07.03.2025 735/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक दिवसीय निःशुल्क रोज़गार मेले में किया 394 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन

फिरोजाबाद। जिला सेवायोजन कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद एवं राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, टूण्डला, फिरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, टूण्डला, फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उदघाटन प्रेमपाल सिंह धनगर, विधायक टूण्डला विधान सभा क्षेत्र द्वारा फीता काटकर किया गया। विधायक ने अपने सम्बोधन में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला आयोजित कराने की सराहना करते हुए प्रतिभागी नियोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त मेले में प्रेमपाल सिंह धनगर, विधायक टूण्डला विधान सभा क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेन्द्र तोमर सम्मिलित हुए।

उक्त रोजगार मेले में 16 नियोजकों द्वारा 783 बेरोजगार अभ्यर्थियों का ऑनलाइन/ऑफ्ललाइन विभिन्न पदों पर साक्षात्कार कर कुल 394 बेरोजगार अभ्यर्थियों का अन्तिम रूप से चयन किया गया।

इस अवसर पर सुश्री खुशबू शाक्य, प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी, डॉ0 डी0पी0 सिंह, सचिव, निदेशक, शिल्पा श्रीवास्तव, फार्मेसी, निदेशक अनूप कुमार, पॉलिटेक्निक, डॉ0 बी0पी0 सिंह प्राचार्य, राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, टूण्डला, फिरोजाबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में जिला सेवायोजन कार्यालय, फिरोजाबाद एवं राम सिंह महाविद्यालय, नगला सिकन्दर, टूण्डला, फिरोजाबाद के समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक शुक्रवार को मातबरगंज स्थित रितेश डेंटल सेंटर पर संपन्न हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री श्यामबिहारी गुप्ता सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारंभ गौपूजन एवं गौमाता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में कुल 7713 गोवंश संरक्षण केंद्र चल रहे हैं और आजमगढ़ में 90 संरक्षण केंद्र चलाये जा रहे हैं। हम लोगों का लक्ष्य है कि हर किसान के खूँटे पर गाय हो और हर किसान गौ आधारित प्राकृतिक खेती कि तरफअग्रसर हो। रासायनिक उर्वरक हमारे और हमारी अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं इसलिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक हो गयी है। आजमगढ़ में लगभग 4 लाख गोवंश हैं जिनका गोमूत्र और गोबर हम बेकार नहीं होने दे सकते। सरकार कि योजना है कि अधिक से अधिक गौशालाओं को विभिन्न संस्थाओं और एफ्पीओ को सुपुर्द किया जाये साथ ही साथ किसान भी गौशाला से गायों को अपने घर ले जा सकते हैं और प्रत्येक गाय पर पंद्रह सौ रूपये का लाभ ले सकते हैं। बैठक में विहिप गोरक्षा विभाग कानपुर कि प्रान्त उपाध्यक्ष मंजू गुप्ता भी बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मिलित रहीं और गोरक्षा कि कार्यकत्रियों से संगठन के विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रॉक - 2503/ई0ई0-2/एल0जे0एस0 दिनॉक - 07/03/2025

अल्प कालीन निविदा-सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15/03/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 15/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से 15/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reparing of 06 Submersible pump at different places of Aishbagh Ward, Lko.	4100.00	Rs. 250	07 दिवस
2	Reparing of 06 Submersible pump at different places of Aishbagh Ward, Lko.	4100.00	Rs. 250	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 104(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2024-25 दिनांक : 06.03-2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 912/नौ-09-2024-85ज/05टी0सी0-01 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2025 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त सशक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत कपिलवस्तु की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखण्डों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु निकाय की अवस्थिति भवन के निर्माण की प्रकृति मार्ग की चौड़ाई जिस पर सम्पत्ति स्थित है। जिसके कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फिट किराये की न्यूनतम् मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निमित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत की प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फिट) या भूमि के पत्येक समूह के लिए प्रति इकाई क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं निकाय में आपत्तियां प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता है। अतः नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। केवल उन्ही आपत्तियों पर विचार किया जायेगा जो नियत तिथि तक प्राप्त होगें। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निकाय में मासिक किराया प्रति वर्ग फिट की दर से निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्धारित की जाती है-

(मासिक किराया दर पैसों में)

क्र. सं.	नगर निकाय का नाम	09 मी0 से कम चौड़ी सड़क				09 मी0 से 12 मी0 तक चौड़ी सड़क				12 मी0 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क				24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क			
		पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड	पक्का भवन आर.सी.सी. छत	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	खुली भूमि/ भूखण्ड
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
1	पंचायत कपिलवस्तु	2.00	1.50	1.15	01.00	4.00	3.50	1.15	1.00	6.00	5.0	1.15	01.00	8.00	7.00	1.15	1.00

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कपिलवस्तु,
जनपद- सिद्धार्थनगर।

मौदहा में आयोजित की गई दंगा रिहर्सल परेड

पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने किया नेतृत्व

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। आगामी त्योहार होली और ईद को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में शुक्रवार को दोपहर बाद दंगा नियंत्रण रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कोतवाली सहित थाना सिसोलर, थाना बिवांर समेत पुलिस लाइन से सैकड़ों पुलिसकर्मियों के साथ यातायात पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। रिहर्सल के दौरान अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस टीमें भी मौजूद रही। शुक्रवार को दोपहर बाद हुई एंटी राइट ड्रिल की अगुवाई पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने की जबकि आयोजन क्षेत्राधिकारी विनीता पहल और उनके अधीनस्थों ने किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जब कहीं कोई दंगा होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उन्हें नियंत्रित करने एवं तितर-बितर करने की पूरी कार्य प्रणाली इस ड्रिल के दौरान फोर्स को समझाया जाता है साथ ही दंगा नियंत्रण करने के लिए पुलिस की दस टीमें बनाई जाती हैं जो अलग-अलग प्रकार से बलवाइयों को समझाने बुझाने तथा बलवा न करने के लिए प्रयास करते हैं। आयोजित हुई बलवा नियंत्रण परेड में भी पुलिस की एक टीम को दंगाई बनाया गया तथा भारी मात्रा में मौजूद फोर्स की अलग-अलग दस टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण करने का अभ्यास किया। हालांकि चल रहे रिहर्सल में आंसू गैस के गोले छोड़ते समय पुलिस के पुराने हथियार जवाब देते नजर आए लेकिन मौजूद अधिकारियों ने जल्द ही इस उजागर होती नाकामी को कामयाबी में तब्दील कर दिया। वहीं इस रिहर्सल परेड का नेतृत्व टीएसआई हरवेंदर सिंह ने किया।इस दौरान मौदहा क्षेत्राधिकारी के अलावा प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी शाहरुख खान समेत थाना सिसोलर, बिवांर एवं क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर मौके पर मौजूद रहे।

जबकि दंगाइयों की भूमिका उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार और उनकी टीम ने निभाई जिसमें पुलिस के साथ कस्बे के युवक भी शामिल रहे।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने बताया कि दोनों त्योहारों के मद्देनजर यह रिहर्सल की गई है जिससे हमारी पुलिस टीम को भी समय समय पर तैयारियां कराई जाती हैं और लोगों को इस बात का भरोसा दिलाया जाता है कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदा तैयार है साथ ही दंगाइयों से निपटने में भी सक्षम है।और यह परेड पूरे सप्ताह जिले के विभिन्न थानों में कराई जाएगी।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे की विभिन्न मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

भाजपा पीडीए समुदाय को खत्म करना चाहती हैस्छोटेलाल खरवार

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहार यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया एवं संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए जन पंचायत अनवरत चलता रहेगा। इसलिए समाजवादी पार्टी के एक-एक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि आप लोग अपने-अपने क्षेत्र में पीडीए जन पंचायत के माध्यम से जनता को जागरूक करने का काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि भाजपा पीडीए समुदाय को खत्म करना चाहती है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। इसे किसान नौजवान आदिवासी गरीब मजदूर के लोगों से कोई लेना देना नहीं है।

एन.डी.आर.एफ ने हमीरपुर में भूकंप आपदा परिदृश्य पर किया संयुक्त मॉक अभ्यास

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम द्वारा जिला-हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, अग्निशमन सेवा तथा अन्यहितधारकों के साथ मिलकर भूकंप आपदा पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भूकम्प आपदा विषय पर आयोजित संयुक्त मॉक अभ्यास के सम्बन्ध में एन.डी.आर.एफ टीम एवं जनपद के समस्त स्टेकहोल्डर्स के साथ टेबल टॉक एक्सरसाइज किया गया। उसके बाद एन.डी.आर.एफ टीम भूकंप आपदा पर एक परिदृश्य तैयार किया गया था, जिसमें तहसील सदर भवन, जिला-हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) की इमारत का एक हिस्सा भूकंप के कारण ढह गया और कुछ लोग फंस गए थे। तदनुसार, ई. ओ. सी. (Emergency Operation Centre) को घटना के बारे में सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया। एनडीआरएफ, क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, लखनऊ की टीम ने अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट कि देखरेख में एवं निरीक्षक सभाजीत यादव के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचने पर प्रारंभिक आकलन किया तथा ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए। आकलन के तुरंत बाद टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया तथा विभिन्न कटिंग उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए इमारत में क्षैतिज पहुँच बनाकर तथा विभिन्न रस्सी बचाव तकनीकों का उपयोग करके गंभीर रूप से फंसे पीड़ितों को बचाया। पीड़ितों को अस्पताल पूर्व उपचार देने के बाद मेडिकल एजेंसियों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। यह पूरा मॉक अभ्यास इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था और पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया। इस मॉक अभ्यास को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विजय शंकर तिवारी की मौजुदगी में आयोजित किया गया।

ज्योति संटू गुप्ता को अ0भा0कूर्मी क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मानित

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा की महिला शाखा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नगर की प्रथम नागरिक ज्योति संटू गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद को प्रतीक चिन्ह,अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर बड़े हर्षो उल्लास के साथ सम्मानित किया। सम्मानित करने में अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा की प्रदेश महिला सचिव एवं बजरंग दल गौ रक्षा समिति दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष कविता वर्मा, व्यूटी मंत्रा मेकओवर की संचालिका श्रद्धा पटेल,अनुराधा वर्मा तथा नगर पालिका परिषद की सभासदगणों में श्रमती हेमलता यादव वार्ड लालपुरा पूनम पाण्डे वार्ड चौगुर्जी पष्पा देवी वार्ड आवास विकास सुनीता देवी वार्ड लक्ष्मन कॉलोनी मीरा देवी वार्ड शांति कॉलोनी प्रेमलता यादव वार्ड छपैट्टी नाजिया बानौ वार्ड कबीरगंज की सभासद भी उपस्थित रही।

रोज़ा और झूठ

इटावा। झूठ बोलना बहुत बड़ा गुनाह है इस गुनाह से हमे हमेशा बचना चाहिए और खास कर रोज़ा रखकर माहे रमजान में तो जरूर हदीस शरीफ में आया है कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया अगर कोई शख्स झूठ बोलना और दग़ाबाज़ी करना (रोज़ा रख कर भी)न छोड़े तो अल्लाह पाक को उसकी कोई ज़रुरत नहीं के वो अपना खाना पीना छोड़ दे। **(हदीस सही बुखारी)**

परेड ग्राउंड पर पुलिस कर्मियों ने दंगा/ बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एस एस पी ने दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग कॉलेज में नशा मुक्त और दहेज मुक्त भारत बनाने की हुई शपथ

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बैनरतले आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार डॉक्टर एन के शर्मा अधिष्ठाता की देख रेख में कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के अकादमिक परिसर में सर्वप्रथम विद्यार्थियों और स्टाफ को दहेज मुक्त और नशामुक्त भारत बनाने के लिए शपथ का कार्यक्रम आयोजित हुआ तत्पश्चात नेताजी सभागार में छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई इसी के साथ देश में महिलाओं की स्थिति पर डॉक्टर खुशबू गुप्ता, इंजीनियर नीरज शर्मा, इंजीनियर मलीहा खानम, डॉक्टर अजीत सिंह, डॉक्टर डी सिंह, डॉक्टर टी के महेश्वरी, डॉक्टर के के पटेल आदि ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता दुबे ने किया। अधिष्ठाता डॉ एनके शर्मा ने महिलाओं की स्वतंत्रता और आज के आधुनिक परिवेश में भी उनके ऊपर हो रहे अत्याचारों पर अपनी संवेदना व्यक्त की। अंत में पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ने लाइब्रेरी में जाकर अपनी मनपसंद किताबों का अध्ययन किया।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने अजीत रावत को आभार व्यक्त पत्र से किया सम्मानित

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली जीत पर दिल्ली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सचदेवा द्वारा सभी पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त पत्र देकर किया गया उसी क्रम में जनपद सोनभद्र के सक्रिय युवा नेताअनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में प्रचार-प्रसार एवं चुनावी रणनीति बनाने एवं उसको सफल बनाने में आपकी अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृहमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जनसभा एवं अन्य छोटी-बड़ी बैठकों के माध्यम से दिल्ली में भाजपा की जीत को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

इटावा, इकदिल। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। अभिभावक गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने भाग लिया और शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफ़िशा, अंकिता राजपूत, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे।

पीएम मोदी के जन आरोग्य के उद्देश्यों को साकार कर रही जन औषधि : भूपेश चौबे

अवधनामा ब्यूरो

प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए समर्पित है जन औषधिः रूबी प्रसाद

सोनभद्र। जिले में 7वां जन औषधि दिवस समारोह पीएम मोदी के जन आरोग्य के उद्देश्यों को मजबूती देने के संकल्प के साथ मनाया गया। राबर्ट्सगंज रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर हुए समारोह में मुख्यअतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने आम जन को जन औषधि के उद्देश्यों और उसके फायदे बताए। कहा कि गरीबों को सस्ती और उच्चगुणवत्ता युक्त दवा मिले, इसके लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में शहरों से गांवों तक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। आम जन के उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए जन औषधि परियोजना से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक ऐतिहासिक पहल इस सरकार ने किए हैं, जिनका लाभ करोड़ों देशवासी उठा रहे हैं। जन औषधि परियोजना को गरीबों, जरूरतमंदों के लिए वरदान बताते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि गरीबों के लिए महंगी दवाओं के बोझ के दर्द को पीएम मोदी ने समझा। किसी गरीब-जरूरतमंद को जीवनरक्षक दवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पीएम मोदी ने सात वर्ष पहले जन औषधि परियोजना की नींव रखी। आज 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों का नेटवर्क देश भर में हैं। आज जन औषधि पर आम जन का लगातार बढ़ता विश्वास पीएम मोदी के विकसित भारत, स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत के संकल्पों को ताकत दे रहा है। जरूरी दवाओं से महिला हाईजीन तक जन औषधि के जरिए आम जन को सहूलियतें मिल रही हैं। जन औषधि केंद्रों की सस्ती और अच्छी दवाओं ने अब तक आम जनता के हजारों करोड़ रूपये बचाए हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए समर्पित है, जन औषधि परियोजना इन्हीं उद्देश्यों की एक मजबूत कड़ी है। पीएम मोदी के प्रयासों ने जन औषधि के जरिए देश के करोड़ों परिवारों को राहत पहुंचाई है और उन्हें महंगी दवाओं के बोझ से उबारा है। सदर विधायक भूपेश चौबे और नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के साथ अदएस नेता दिनेश बियार, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल, अनीता मौर्य और पंडित रमा शंकर शुक्ल को जन औषधि मित्र सम्मान से नवाजा गया। जन औषधि मित्र अभियान और तरनि फाउंडेशन फार लाइफ के तत्वावधान में हुए इस समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार पंडित अजयशेखर, पूर्व विधायक तीरथराज, व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह चंदेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, सभासद चंद्रप्रकाश दुबे और डा. एएन पांडेय समेत बड़ी संख्या में जन औषधि मित्र शामिल हुए। आयोजन का संचालन फार्मेसिस्ट राजेश सिंह गौतम और प्रतीक मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विनय सिंह ने किया।

संक्षिप्त समाचार

कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन ने बंदी का आर्थिक दंड जमा कर की मदद-

हमीरपुर। जिला कारागार हमीरपुर में निरुद्ध आर्थिक रूप से कमजोर बंदी मनमोहन अवस्थी पुत्र लालदीवान निवासी बारात पहाड़ी थाना- कोतवाली शहर जिला- महोबा, हाल पता- गंजकरारा थाना- अलीपुरा जिला- छतरपुर (मध्य प्रदेश) पर माननीय न्यायालय द्वारा आर्थिक दंड आरोपित किया गया था, जिसे चुकाने में उक्त बंदी सक्षम नहीं था। इसकी सूचना कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी जी को मिली। संस्था के अध्यक्ष ने तत्काल जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा जी से दूरभाष द्वारा आग्रह करके संस्था के सक्रिय सदस्य सुहेल सिद्दीकी को जिला कारागार हमीरपुर में भेज कर बंदी मनमोहन अवस्थी का आर्थिक दंड भरकर मदद की।आर्थिक दंड भरने के बाद बंदी की रिहाई हो गयी।संस्था के इस कार्य की सराहना हुई।

बिल बकाया के चलते मदरसे का कटा कनैकशन

मौदहा हमीरपुर। सदैव विवादो के घेरे मे रहनें वाला अवैध/अंपजीकृत मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी कम्हरिया रोड मौदहा एकबार फिर चर्चा का विषय बन गया है इसबार कोई जांच नही बल्की मदरसा संचालकों की खुद की बड़ी कमी उजागर हुयी है वह कमी है बिजली का बिल जो 20 फरवरी 2025 तक 392104 रुपए बकाया है जिस के कारण विद्युत विभाग द्वारा आज दिनांक 7 मार्च को कनैकशन काट दिया है।बताते चलें विगत माह फरवरी में भी उक्त मदरसा का कनैकशन बकाया को लेकर काटा गया था लेकिन तब मदरसा संचालकों द्वारा 26 हजार रुपये बकाया बता कर उसकी रजिस्ट्रेशन फीस 5300 रू जमा कर कनैकशन पुनः जुड़वा लिया गया था लेकिन जब विभाग द्वारा मीटर की रीडिंग ली गयी तो लम्बी रीडिंग स्टोर पाई गयी जिस का बिल 392104 बना है। उपखंड अधिकारी मौदहा द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा कई बार मदरसा संचालकों से बिल जमा करनें के लिए कहा गया लेकिन संचालकों द्वारा बिल नही जमा किया गया।इसलिये विभाग द्वारा उक्त मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी कम्हरिया रोड मौदहा का विद्युत कनैकशन काट दिया गया है।

प्रचार वाहन को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हमीरपुर। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में आज की लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनपद हमीरपुर में प्रचार वैन के माध्यम से आम जन मानस को जागरूक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनपद न्यायालय हमीरपुर से प्रचार वैन को रवाना किया गया। प्रचार वैन जनपद न्यायालय हमीरपुर से बस स्टैण्ड, कालपी चैराहा, सिटी फॉरेस्ट, जिला अस्पताल, डिग्गी से होते हुये लक्ष्मीबाई तिराहा, मेरापुर, भिलावां, रमेड़ी तिराहा दीक्षित स्वीटस, कोतवाली से चैरादेवी जनपद के विभिन्न स्थानों में प्रचार वैन के माध्यम से लोगो को जानकारी प्रदान की गयी जिससे आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

मदरसा अरबिया कुरानिया इटावा के छात्र इंस्पायर अवार्ड योजना में पुरस्कृत

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। मुस्लिम तालीमी सोसायटी द्वारा संचालित संस्थाओं में जहां एक तरफ बच्चों को इस्लामिक शिक्षा प्रदान की जा रही है वहीं दूसरी ओर उनको आधुनिक शिक्षा से जोड़ कर उनमें छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने पर भी पूरा ध्यान केन्द्रित किया जाता है। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ति करते हुए सोसायटी द्वारा संचालित मदरसा अरबिया कुरानिया, मदरसा इस्लामिया निस्वां तथा शम्सी ओरिएंटल अकैडमी इटावा में छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक अभिरुचि पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल तैयार करके प्रस्तुत किए जाते हैं। पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी मदरसा छात्रों ने भारत सरकार के विज्ञान मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए थे जिनमें से मदरसा अरबिया कुरानिया करानिया के दो छात्रों मदरसा इस्लामिया निस्वां की एक छात्रा तथा शम्सी ओरिएंटल अकैडमी के दो छात्रों को 10,000 के पुरूस्कार के लिए चयनित किया गया है। मदरसा अरबिया कुरानिया छात्र मुहम्मद अबुज़र ने ''स्नेक प्रोटेक्टर स्टिक''व मुहम्मद जुनैद ने ''शू-मोबाइल चार्जर''का मॉडल बनाया, मदरसा इस्लामिया निस्वां हा0से0स्कूल की कक्षा-7 की छात्रा रिज़ा ने ''मल्टी परपज़ ग्रास कटर''का मॉडल बनाया और शम्सी औरियन्टल अकेडमी के कक्षा-6 की जूबिया ने ''इन्नोवेटिव स्कूल बैग विद ज्वाइंट अम्ब्रेला''तथा मुहम्मद हमज़ा कक्षा-8 ने ''फोल्डिंग सीट इन ट्रैवल बैग''के मॉडल बनाये उक्त मदरसों के पांच छात्रों के चयन पर मदरसा प्रबंधक फैसल अदीब ने छात्रों उनके शिक्षकों तथा मदरसा प्रधानाचार्य को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इंस्पायर अवॉर्ड में मानक छात्रवृत्ति परीक्षा में रिया व लक्ष्मी का चयन

इटावा। भारत सरकार द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में विकासखंड जसवन्तनगर की भीखनपुर न्याय पंचायत के नगला उदय सिंह कम्पोजिट विद्यालय की दो छात्राओं रिया व लक्ष्मी कक्षा 8 का चयन इंस्पायर अवार्ड में हुआ है। इसमें दस रुपए की धनराशि मॉडल बनाने के लिए मिलती है। बच्चों के चयन से यह सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूल को टक्कर देकर आईना दिखा रहा है। ऐसी परीक्षाओ मैं हर साल बच्चों के चयन से यह स्कूल अभिभावको की पसंद बनता जा रहा है। स्कूल की विज्ञान शिक्षिका प्रियंका सिंह ने दोनों बालिकाओं और उनके माता पिता को इस उपलब्धि पर भी बधाईयां दी। पूर्व के वर्षों में भी विद्यालय से बच्चो का चयन होता रहा है।

सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना के लिए दे रही वित्तीय सहयोग

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सिंगरौली के चितरंगी ब्लॉक में 25 सेवा कुटीर केंद्रों की स्थापना हेतु वित्तीय सहयोग कर रही है। इन केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य निवासरत जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में गुरुवार को एनसीएल ने सिंगरौली स्थित ग्राम पीपरवहाँ गांव में सेवा कुटीर केन्द्र का उद्घाटन किया। एनसीएल द्वारा पोषित इन केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन 'परिवार एजुकेशन सोसाइटी' द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (सीएसआर), एनसीएल राजीव रंजन, प्रबंधक (सीएसआर), अभिषेक कुमार, उप-प्रबन्धक (सीएसआर), राजा राम यादव एवं परिवार एजुकेशन सोसाइटी से कपिल भारद्वाज और उनकी टीम तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। एनसीएल द्वारा पोषित ये सेवा कुटीर केंद्र एक अध्ययन केंद्र के रूप में कार्य करेंगे जहाँ 3 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिष्ठित सरकारी आवासीय शैक्षणिक संस्थानों जैसे नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय आदि में प्रवेश के लिए तैयार और प्रशिक्षित किया जाएगा। इन केन्द्रों में बच्चे विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल-कूद, योग एवं अन्य में भाग लेंगे जिससे कि उनके शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को सकारात्मक दिशा मिलेगी।

एनटीपीसी विंध्याचलः राष्ट्र की शक्ति, जीवन में सशक्तिकरण

- बालिका सशक्तिकरण अभियानः सपनों को रोशन करने का मिशन
- आर्थिक आत्मनिर्भरता कीओर एक सशक्त पहल
- खेलों के माध्यम से सशक्तिकरण

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना न सिर्फ बिजली उत्पादन कर देश प्रगति का प्रतीक है, बल्कि यह अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वाह अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कर रहा है। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा अपने सामाजिक नैगम दायित्व कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष कार्यक्रम चलाये जा रहे है,जिसके द्वारा महिलाओं को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु यथासंभव प्रयास किया जा रहा है एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निम्न महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर की गतिविधियों के अंतर्गत एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसमे हर वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 में पढ़ने वाली लगभग 120 छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु चार साप्ताहिक निशुल्क आवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रतिवर्ष गर्मियों की छुट्टी में किया जाता है। इस कार्यशाला में बालिकाओं को सशक्त बनाने हेतु उन्हे अंग्रेजी भाषा, कम्प्युटर, समाज विज्ञान, पर्यावरण, योग, नृत्य, आत्म रक्षा, शिल्प एवं कला, संचार और नैतिक कौशल विकास का प्रशिक्षण अनुभवी एजेंसी के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दिया जाता है। अभी तक एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत 619 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया है तथा प्रशिक्षित 43 उत्कृष्ट छात्राओ को एनटीपीसी विंध्यानगर के इंग्लिश माध्यम स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त उपलब्ध कराई जा रही है। यह कार्यक्रम सिर्फ शिक्षा देने का प्रयास नहीं, बल्कि इन बच्चियों के मन में आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा जगाने का एक प्रयास है, जिससे वे हर बाधा को पार कर अपने भविष्य को संवार सकें।

महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, महिला सशक्तिकरण हेतु महत्वपूर्ण कदम है। इसी उद्देश्य से एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से मसाला उत्पादन यूनिट का संचालन महिला सहकारी समिति के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसके द्वारा एनटीपीसी परियोजना के आस पास की लगभग 50 महिलाओं को समूह में जोड़ कर प्रशिक्षित किया गया है। वर्तमान में महिलाएं शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले मसाले तैयार कर रही और उसका विक्रय कर लाभ कमा रही। इससे न केवल उनके परिवारों को आर्थिक मजबूती मिल रही है, बल्कि ग्राहकों को भी शुद्ध और पारंपरिक मसाले मिल रहे हैं। यह पहल समूह से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार लाई है।

आर्थिक पहल के साथ-साथ एनटीपीसी विंध्याचल खेलों के जरिए भी महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। महिला फुटबॉल टीम, जिसे एनटीपीसी विंध्याचल के मार्गदर्शन तथा आर्थिक सहयोग से प्रशिक्षित किया गया था, मध्य प्रदेश राज्य स्तर तक अपनी पहचान बना चुकी है। इस साथ ही जिला खेल पदाधिकारी के मार्गदर्शन में सिंगरौली जिले की राष्ट्रीय तीरंदाज़ सुश्री भव्या जायसवाल को तीरंदाज़ी का आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवा कर नई उड़ान हेतु तैयार करने का कार्य किया गया है। यह पहल यह दर्शाती है कि सही अवसर मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं, चाहे वह खेल हो, शिक्षा हो या व्यवसाय।

जनसमस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 से अधिक लोगों की समस्याएं
- अधिकारियों को दिया निर्देश- जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं
- बोले-नर सेवा ही नारायण सेवा, जरूरतमंदों की मदद के लिए सदा खड़े रहें अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

गोरखपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में आये बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांग समेत करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसलिए हर जरूरतमंद की मदद के लिए सदा खड़े रहें।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चिंता न कीजिए, जनता से जुड़ी हर समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं के समाधान में शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

सीएम योगी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

- सीएम योगी ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर किया मल्यार्पण, , स्मृतियों को किया नमन
- पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे- सीएम योगी
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, कुशल राजनेता और प्रशासक के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के पंत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि पंडित पंत संविधान सभा के सम्मानित सदस्य थे और देश की आजादी के बाद 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद वे देश के गृह मंत्री बने और हिंदी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने का श्रेय भी इन्हें जाता है, उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 1957 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय की आधारशिला स्वयं पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने रखी थी, उन्होंने 7 मार्च 1961 को अपने नश्वर शरीर को त्यागकर इस दुनिया को अलविदा कहा, आज उनकी पवन पुण्यतिथि के अवसर पर हम उनके स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस अवसर पर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षुओं को कढ़ाई के तरीकों का कराया अभ्यास

- राज्य संग्रहालय में चिकनकारी पर आयोजित कार्यशाला का चौथा दिन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राज्य संग्रहालय में आयोजित चिकनकारी पर आधारित कार्यशाला एवं व्याख्यान के चौथे दिन आज मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की कढ़ाई के तरीकों का अभ्यास कराया। इस सत्र में प्रशिक्षुओं को बिजली, कौड़ी, काण, रौजन, सादा कन्दा, आउल लाइन, मुर्री, होल, उल्टी बखिया, गांठ कन्दा और सीधी बखिया जैसे प्रमुख टांकें कपड़े पर लगाना सिखाया गया। राज्य संग्रहालय, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश और अवध चिकनकारी प्रो. क. लि., लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में चिकनकारी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर रानी सिद्दीकी और अरशी फातिमा ने प्रशिक्षुओं को चिकनकारी के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। सभी प्रशिक्षुओं ने सफेद मलमल के कपड़े पर सुई में विभिन्न रंगों के धागों को पिरोकर कढ़ाई की और जाली वर्क के प्रति अपनी विशेष रुचि दिखाई। राज्य संग्रहालय, लखनऊ निदेशक डॉ. सृष्टि धवन द्वारा कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वैश्विक स्तर पर रोजगारपरक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी और सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थी चिकनकारी का काम सीख रहे हैं, जो उन्हें रोजगार में आत्मनिर्भर बनाएगा। उल्लेखनीय है कि 04 मार्च से चल रही कार्यशाला का आयोजन 12 मार्च तक होगा। यह कार्यशाला कला और हस्त शिल्प के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने एक संदेश में कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल हमारी पारंपरिक कला कृतियों को संरक्षित किया जा रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं।

किसानों के लिए साप्ताहिक परामर्श जारी

अवधनामा ब्यूरो

- क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2024-25 की 26वीं बैठक संपन्न

लखनऊ। प्रदेश के कृषकों को आगामी सप्ताह हेतु मौसम आधारित कृषि परामर्श क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2024-25 की 26वीं बैठक डा. संजय सिंह, महानिदेशक, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में दिनांक 07 मार्च, 2025 को परिषद के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। प्रदेश में मौसम के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किसानों को अगले दो सप्ताह हेतु कृषि प्रबन्धन के लिए निम्नलिखित सुझाव दिये गयेः आगामी सप्ताह का मौसम पूर्वानुमान (07- 13 मार्च, 2025) इस सप्ताह के दौरान तापमान में क्रमिक वृद्धि होने की संभावना के दृष्टिगत प्रदेश के दक्षिणी-पश्चिमी अर्द्धशुष्क मैदानी, बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र के अधिकांश भाग तथा पश्चिमी मैदानी क्षेत्र के दक्षिणी भाग में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस अधिक तथा भामर तराई क्षेत्र में सामान्य के आसपास जबकि प्रदेश के अन्य कृषि जलवायु अंचलों में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य से आंशिक रूप से अधिक रहने की संभावना है। प्रदेश के समस्त कृषि जलवायु अंचलों में औसत साप्ताहिक न्यूनतम तापमान सामान्य के आस-पास रहने की संभावना है। प्रदेश के भाभर तराई क्षेत्र के पश्चिमी भाग एवं पश्चिमी मैदानी क्षेत्र के उत्तरी भाग में औसत साप्ताहिक न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस जबकि प्रदेश के अन्य कृषि जलवायु अंचलों में यह 12 से 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस सप्ताह के आरंभिक चरण में एवं संलग्न पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने जबकि प्रदेश के अन्य कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यतया शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश के भाभर तराई क्षेत्र के अधिकांश भाग में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य के आस-पास तथा मध्य पश्चिमी मैदानी, पश्चिमी मैदानी एवं मध्य मैदानी क्षेत्र के उत्तरी भाग में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य से आंशिक रूप से अधिक जबकि प्रदेश के अन्य कृषि जलवायु अंचलों में औसत साप्ताहिक अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। मौसम के परिप्रेक्ष्य में किसानों को फसल प्रबन्धन हेतु निम्नलिखित सुझाव दिये जाते है।

रोज़ा-इफ्तार कराने से मिलता है सवाब

लखनऊ। माहे मुबारक रमजान में रोजेदार को रोजा-इफ्तार कराने का बहुत सवाब है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में रोजा-इफ्तार पार्टियों का आयोजन होता है, जिसमें उलमा, बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक शामिल होते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन की ओर से ऐशबाग ईदगाह में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। फाउण्डेशन के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान ने बताया कि शनिवार को ईदगाह के तय्यब हॉल में शाम 6¬14 बजे होने वाले रोजा-इफ्तार में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान, मौलाना अब्दुल अजीज फारुकी सहित अन्य राजनीतिक, सामाजिक व मिल्ली रहनुमा शामिल होंगे।

सशक्त महिला समाज में बदलाव की सूत्रधार: मोनिका

- कचरा प्रबंधन में महिलाओं की अहम् भूमिकाः अनुज
- नगरीय निकाय निदेशालय में हुई क्षमता संवर्धन कार्यशाला
- आईएएस मोनिका एस. गर्ग ने महिला जनप्रतिनिधियों और सफाई मित्रों को किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में महिलाएं समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन, प्रशासन या नगरीय प्रशासन हो। केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यक्रमो से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा मिला है। साथ ही नगरीय समस्याओं के समाधान और कचरा प्रबंधन में भी मदद मिली है। प्रदेश के नगरीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला की शुरुआत कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और मुस्लिम वक्फ विभाग श्रीमती मोनिका एस. गर्ग ने की। इस दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की शासन-प्रशासन की राजनीति में भागीदारी से देश के विकास को गति मिली है। जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल होती हैं, तो नीतियों में अधिक समावेशिता, सामाजिक न्याय और संवेदनशीलता आती है। महिलाओं के मुद्दे, जिसमें कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और लैंगिक समानता को प्राथमिकता मिलती है और इससे समाज के लिए बेहतर नीतियों का निर्माण होता है। महिलाओं की भागीदारी से प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। महिला नेतृत्व अन्य महिलाओं को आगे आने और अपनी आवाज को उठाने के लिए प्रेरित करता है। महिलाओं के सशक्तिकरण से श्रम शक्ति में वृद्धि होती है, जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इस कार्यशाला में प्रदेश की निकायों से आयी महिला जनप्रतिनिधियों और प्रशिक्षकों को देखने से इस बात को बल मिल रहा है। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व अन्य प्रतिभागियों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया। नगरीय निकाय निदेशालय के स्वाति सभागार में शुक्रवार को आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यशाला में सचिव/निदेशक एवं राज्य मिशन निदेशक अनुज कुमार झा जी ने मुख्य अथिति श्रीमती मोनिका एस. गर्ग जी का स्वागत किया और उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

आरडीएसओ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठनमें दिनांक 7 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटनमुख्य अतिथि श्रीउदय बोरवणकर महानिदेशक, आरडीएसओने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसे होली समूह नृत्य, हास्य नाटक (कॉमेडी स्किट) और नृत्य प्रस्तुति शामिल रही तथा महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई।इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण और उनकी बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक, आरडीएसओश्रीउदय बोरवणकर द्वारा महिला कर्मचारियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी और योगदान संगठन की सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके समर्पण और मेहनत को सम्मान देना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि उनके कौशल और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

107 दुग्ध उत्पादक पुरस्कृत

- 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार से किया गया सम्मानित
- 44 दुग्ध उत्पादकों को मिला नंदबाबा पुरस्कार
- दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध समितियों के माध्यम से व्यवसाय करने का आह्वाहन
- आगामी 15 मार्च से हाइवे के आसपास विचरण करने वाले गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगायी जायेगी : धर्मपाल सिंह

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2023-24 में प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 44 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से आज यहां इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया। पुरस्कृत सभी 107 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार स्वरूप धनराशि, प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से भारतीय गोवंशीय देशी गाय के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है और गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सिंह ने दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध समितियों के माध्यम से व्यवसाय करने का आह्वाहन किया और कहा कि समितियों के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय करके और डेयरी व्यवसाय अपनाकर किसान एवं पशुपालक अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। सिंह ने दुग्ध संघों एवं अधिकारियों द्वारा अनुरोध किये जाने पर दुग्ध अनुदान दिये जाने के संबंध में विचार किये जाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत लखनऊ दुग्ध संघ के लखीमपुर-खीरी जनपद निवासी एवं वेलवा मोती समिति के वरूण सिंह को 230862.0 ली0 दुग्ध आपूर्ति हेतु राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और बरेली दुग्ध संघ के जनपद बदायू के कुवाडान्डा के हरविलास सिंह को 72140.00 ली0 दुग्ध आपूर्ति हेतु द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 02 लाख रुपये एवं 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तथा शेष अन्य चयनित लाभार्थियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार नंदबाबा पुरस्कार के तहत लखनऊ दुग्ध संघ के जनपद रायबरेली के निवासी एवं दुग्ध समिति लालूपुर खास के लाभार्थी नरेन्द्र कुमार को 14361.00 ली0 दुग्ध आपूर्ति हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है।

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु फसल कृषि कर्म, फसल बीमा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का संगत राज्यांश नेशनल क्रॉप इन्श्योरेंस प्रोग्राम योजनान्तर्गत सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि रु. 55000.00 लाख के सापेक्ष प्रस्तावित धनराशि राज्यांश रु. 18295.40 लाख (रु. एक अरब बयासी करोड़ पच्चान्बे लाख चालीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति सरकार द्वारा दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्सव आज

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईटीओटी परिवार द्वारा एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कल, 8 मार्च 2025 को शाम 5:00 बजे एस.एस.टी.आर.सी. (आईटीओटी), अलीगंज, लखनऊ में होगा। इस अवसर पर डॉ. मालविका हरि ओम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहा प्रकाश (आई.ए.एस.), निदेशक, प्रशिक्षण एवं रोजगार करेंगी।

भागीदारी भवन में आयोजित होगा कार्यक्रम

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य व राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में 08 मार्च, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे भागीदारी भवन, गोमती नगर में महिला दिवस 2025 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बाल विवाह के रोकथाम हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व बालिकाओं के साथ महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग मे सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण तथा वन स्टॉप सेंटर हेतु वाहनों को फ्लैग ऑफ किया जाएगा।

150वी पुण्य तिथि पर याद किए गए मशहूर शायर मिर्ज़ा दबीर

- उर्दू मर्सिया के सबसे अहम नामों में से एक नाम है मिर्ज़ा दबीर
- दुनिया भर के साथ साथ अमरोहा के मुहर्रम ने भी पढ़े जाते है उनके मरसिए
- 1865 में 26 दिन अमरोहा आकर रुके थे दबीर
- 3000 से ज़्यादा मरसिए और बड़ी संख्या में नौहे और सलाम लिखे जो उर्दू पाठ्यक्रम में भी शामिल है

अवधनामा ब्यूरो

अमरोहा/लखनऊ। उर्दू ज़बान के नामवर मर्सिया निगार शायर मिर्ज़ा दबीर को उनकी 150वीं पुण्य तिथि पर आज शहर के मजा पोता स्थित नवाब मंज़िल में आलमी मर्सिया सेंटर और सांस्कृतिक संस्था कारवाने खुलूस ने याद करते हुए उनके कार्यों पर रोशनी डाली।

प्रोफ़ेसर नाशिर नकवी उपाध्यक्ष आलमी मर्सिया सेंटर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष सम्बोधन में सैय्यद महबूब हुसैन ज़ैदी ने बताया की 1803 में मिर्ज़ा दबीर का जन्म दिल्ली में हुआ था बाद में आप लखनऊ आ गए थे। मिर्ज़ा दबीर रसाई अदब के सबसे बड़े नामों में से एक है जिन्होंने करबलाई शायरी के हवाले से जो काम किया वोह हमेशा याद किया जाता रहेगा। 6 मार्च 1875 को आपका देहान्त हो गया था। अधिवक्ता एम इस्लाम आलमी ने कहा कि नौहे और मरसिए के अलावा अपने बहुत शानदार ग़ज़लें भी कही है, आपकी ग़ज़लों का असलूब (शैली) मिर्ज़ा ग़ालिब से मिलती थी। आलमी ने बताया कि 2009 में उर्दू शायरों पर हुए एक शोध कार्य से पता चलता है कि मिर्ज़ा दबीर वोह शायर थे जिन्होंने अपने कलाम में उर्दू के 120000 शब्दों का प्रयोग किया है, इतने अल्फ़ाज़ का प्रयोग किसी भी शायर के द्वारा नहीं किया गया। प्रोफ़ेसर नाशिर नक़वी ने अपनी तकरीर में कहा कि दबीर सिर्फ एक शायर ही नहीं बल्कि उर्दू ज़बान का एक पिलर थे जिस पर उर्दू की इमारत खड़ी की गई। अमरोहा से उनका ताल्लुक रहा और वह 1865 में अमरोहा आए और यहां 26 दिन रुके और खास मर्सिया भी लिखा। अमरोहा के मुहर्रम के ऐतिहासिक जुलूस यानी 8 मुहर्रम को दिन भर अमरोहा में पढ़ा जाने वाला मर्सिया जब चले यासरिब से सिब्ते मुस्तफा सुए इराक़ भी मिर्ज़ा दबीर का लिखा हुआ मर्सिया है। इस दौरान भुवन शर्मा, नवाब मुराद अली खान, इस्तेजाब हुसैन ज़ैदी, रज़ा तहसीन, सलीम अमरोहवी, हकीम हामिद हसन, अली आबिदी अमरोहवी, ज़ीशान हैदर नकवी, मर्सिया खुआँ मौहम्मद अली अफजाल, शुजा उल हसन नकवी, इमदाद आबिदी, हुसैन मौहम्मद जान, हसनैन नवाज़, इकराम ज़ैदी, महताब हुसैन, शफात हुसैन, अरमान हुसैन, नवाब अरमान, आलमगीर खुसरो आदि व अन्य लोग मौजूद थे।

तीन दिवसीय एफपीओ मेला तथा प्रदर्शनी का कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

लखनऊ। भारत सरकार की 10 हजार एफपीओ के गठन एवं संवर्द्धन योजना एवं राज्य सरकार की आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय एफपीओ के तीन दिवसीय मेला प्रदर्शनी तथा कार्यशाला 2025 का शुभारंभ आज प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान तेलीबाग, लखनऊ में किया गया।

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा अपने सम्बोधन में अवगत कराया गया कि भारत सरकार के 10 हजार एफपीओ के गठन का लक्ष्य समय सीमा से पहले 24 फरवरी को पूर्ण कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 3813 एफपीओ, शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। एफपीओ गठन हेतु राज्य पोषित केन्द्रीय संस्थाएं यथा सीमा रहमान खेड़ा, यूपी डास्प, यूपीएसएस एवं यूपी पीसीएफ को नामित किया गया है। प्रदेश में लगभग 92 प्रतिशत लघु एवं सीमांत किसान हैं जिनकी आय दुगुनी करने हेतु यह आवश्यक है कि उनकी कृषि लागत कम करते हुये प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

होली पर्व पर लखनऊ परिक्षेत्र से चलाई जायेगी 921 बसें : दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह लखनऊ परिक्षेत्र से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में होली के पर्व पर कुल 921 बसों का संचालन किया जायेगा। जिससे कि होली पर्व पर यात्रियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो। इसके साथ ही 50 आरक्षित बसों का आवश्यकतानुसार उपयोग किया जायेगा। लखनऊ क्षेत्र से कौशाम्बी/आनंद बिहार, जयपुर, हरिद्वार, देहरादून, वाराणसी, गोरखपुर एवं आजमगढ़ विशेष रूप से बसों का संचालन किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि 08 मार्च से 18 मार्च तक सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश प्रदान किये जाए, जिससे कि बसों के कुशल संचालन में कोई समस्या न आये। उन्होंने कहा कि सभी प्रारम्भिक बस स्टेशनों पर समस्त यात्रियों के टिकट बनाये जाने के उपरान्त पंजिका में यात्रियों की संख्या एवं आय का अंकन कर बसों का संचालन कराया जाए व बुक किया जाय। जिससे कि निर्धारित संख्या में यात्री लेकर ही बसें प्रस्थान करे। समस्त चालक/ परिचालक मार्ग पर पड़ने वाले स्टापेज से ही यात्रियों को बैठाये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि समस्त यातायात निरीक्षक अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से करे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक/ स्टेशन प्रभारी के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों के मोबाइल नम्बर अंकित किये जाए। साथ ही कन्ट्रोल रूम से 24 घंटे संचालन की मानीटरिंग भी की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि अतिरिक्त बसे आम जनता के सुविधा जनक यात्रा तथा सुरक्षित गन्तव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए संचालित की जा रही है। राज्य सरकार यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए कटिबद्ध है। कोई यात्री स्टाप पर छूटने न पाये। क्षेत्रीय प्रबंधक आर0के0 त्रिपाठी ने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ परिक्षेत्र के विभिन्न डिपो यथा चारबाग डिपो से 137, अवध डिपो से 100, कैसरबाग डिपो से 251, रायबरेली डिपो से 146, हैदरगढ़ डिपो से 217, बाराबंकी डिपो से 87, उपनगरीय डिपो से 05 एवं आलमबाग डिपो से 78 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जायेगा।